*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

10 अगस्त, 2024
श्रावण, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 291

सभ्यता, संस्कृति और मान-सम्मान के साथ समझौता नहीं किया : हेमंत



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 65,800 रु./10 ग्राम
चांदी 84,000 रु./प्रति किलो



# धनबाद के छह विस क्षेत्रों में कर्म की कसौटी पर परखे जायेंगे प्रत्याशी

## ■ देश की कोयला राजधानी में एनडीए और इंडी अलायंस के सामने चुनौतियों का पहाड़

*कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।*
*मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥*

**गीता के द्वितीय अध्याय, श्लोक 47 में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि कर्म पर ही मनुष्य का अधिकार है, कर्म के फलों पर कभी नहीं... इसलिए कर्म को फल के लिए मत करो। अतः तू कर्मफल का हेतु भी मत बन और तेरी अकर्मण्यता में भी आसक्ति न हो। कहते हैं कि कलयुग में श्रीकृष्ण का महात्म्य और बढ़ेगा। श्रीकृष्ण सिर्फ कर्म करने की प्रेरणा देते हैं। उनके मुख से निकली गीता में काफी सारे श्लोक जीवन दर्शन का एहसास कराते हैं। सत्ता के लिए द्वापर युग में हुए महाभारत में गीता का ज्ञान जो श्रीकृष्ण के मुख से निकला, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना तब था। झारखंड में विधानसभा चुनाव नजदीक है और इसमें कर्म की परीक्षा होगी। सत्तारूढ़ इंडी गठबंधन के कर्म को जहां कसौटी पर कसा जायेगा, वहीं एनडीए गठबंधन को चुनौती और भविष्य के झारखंड के विकास के मापदंड की तुला पर परखा जायेगा। राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों की गतिविधियां इन दिनों तेज हैं। रांची से लेकर दिल्ली तक जहां मंथन और चिंतन हो रहा है, वहीं टिकट से लेकर प्रत्याशी की जीत-हार और चुनाव परिणाम पर अब चौक-चौराहों, हाट-बाजार, घर-आंगन से लेकर राजनीतिक दलों के कार्यालयों तक चर्चा चल रही है। इन चर्चाओं के बीच देश की कोयला राजधानी धनबाद के छह विधानसभा क्षेत्रों में क्या है जमीनी हकीकत और प्रत्याशियों को लेकर चर्चा तथा क्या राजनीतिक गणित, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता मनोज मिश्र।**

आजाद सिपाही विशेष

धनबाद संसदीय क्षेत्र अंतर्गत छह विधानसभा सीटें, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, बाघमारा और टुंडी शामिल हैं। इनमें से झरिया और टुंडी को छोड़ कर चार पर भाजपा का कब्जा है। 2019 के विधानसभा चुनाव में सिंदरी से भाजपा के इंद्रजीत महतो, निरसा से अपर्णा सेनगुप्ता, धनबाद से राज सिन्हा और बाघमारा से ढुल्लू महतो ने जीत हासिल की थी। झरिया में कांग्रेस की पूर्णिमा नीरज सिंह विजयी रहीं। वहीं टुंडी में झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो विजयी हुए। अभी हाल में हुए लोकसभा चुनाव में इन सभी विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को बढ़त मिली। पार्टी प्रत्याशी ढुल्लू महतो को सिंदरी में 1.29 लाख, निरसा में 1.40 लाख, धनबाद में 1.51 हजार और झरिया में 97 हजार वोट मिले।

अब यहां विधानसभा चुनाव कर्म की कसौटी पर कसा जायेगा। इन सभी क्षेत्रों के लोगों को राज्य की नयी सरकार से गरीबी और बेरोजगारी जैसी समस्याओं का समाधान, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार और भ्रष्टाचार और सामाजिक-सांस्कृतिक मुद्दों का समाधान होने की उम्मीद है। ऐसे में इन छह विधानसभा क्षेत्रों के मतदाता ऐसे विधायक और सरकार चाहते हैं, जो विकास और समृद्धि के लिए काम करे। ऐसे में इस क्षेत्र में उम्मीदवार कौन होगा, इस सवाल को लेकर जब आम लोगों से बात की गयी और राजनीतिक दलों के भीतर हो रहे मंथन के बाद जो बात सामने आयी, वह चौंकानेवाली है।

धनबाद के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में बदलाव की बयार बह रही है। राजनीतिक दलों के सामने भी बदलाव की ही हालत है।

दरअसल, प्रदेश में राजनीतिक समीकरण में हो रहे बदलाव पर धनबाद की जमीनी सियासत में उलटफेर की प्रबल संभावना बन गयी है। जदयू में विधायक सरयू राय की एंट्री से भी धनबाद की सियासत में असर पड़ेगा। वहीं बाघमारा से विधायक ढुल्लू महतो अब धनबाद सांसद बन गये हैं। ऐसे में बाघमारा से कौन होगा प्रत्याशी, यह भी अहम सवाल है। वहीं मार्क्सवादी समन्वय समिति (मासस) का भाकपा-माले में विलय की खबर है। बताया जा रहा है कि सीट शेयरिंग पर बगोदर से भाकपा माले विधायक बिनोद सिंह इंडी गठबंधन के नेताओं के साथ बातचीत कर रहे हैं। यदि ऐसा होता है, तो सिंदरी और निरसा से भाकपा-माले अपना उम्मीदवार उतार सकता है। अभी के समीकरण में धनबाद, बाघमारा और झरिया सीट कांग्रेस के खाते में है। वहीं टुंडी, निरसा और सिंदरी झामुमो के खाते में है। यदि सिंदरी और निरसा सीट पर भाकपा-माले की दावेदारी होती है, तो एक नया समीकरण देखने को मिल सकता है। इन दोनों सीटों पर भाजपा के विधायक हैं और दोनों ही सीट लाल झंडे का गढ़ है। इन दोनों सीटों पर झामुमो तीसरे स्थान पर रहता आया है। बताया जा रहा है कि इस बार झामुमो इन दोनों सीटों पर अपना उम्मीदवार नहीं उतारेगा और भाकपा-माले को दे सकता है। यदि ऐसा होता है, तो यह भाजपा के लिए खतरे की घंटी होगी। निरसा में भाकपा माले के उम्मीदवार अरूप चटर्जी से भाजपा का मुकाबला होगा और तब भाजपा के लिए बड़ी चुनौती होगी। वहीं सिंदरी में भाजपा का मुकाबला चार बार विधायक रहे मासस के केंद्रीय अध्यक्ष आनंद महतो के बेटे बबलू महतो से हो सकता है। झरिया में एक बार फिर मुकाबला देवरानी और जेठानी के बीच होगा। वहीं टुंडी से आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के भी मैदान में उतरने की अटकल है, जबकि कहा यह भी जा रहा है कि धनबाद विधानसभा सीट से भाजपा पूर्व सांसद पीएन सिंह को मैदान में उतार सकती है। राजस्थान और मध्यप्रदेश जैसा प्रयोग भाजपा झारखंड में भी आजमायेगी।

इन छह विधानसभा क्षेत्रों में सबसे ज्यादा चर्चा सिंदरी विधानसभा सीट को लेकर है। सिंदरी से भाजपा के वर्तमान विधायक इंद्रजीत महतो पिछले 39 महीने से कोमा में हैं। वह 2021 के अप्रैल में मधुपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए गये थे। उसी दौरान कोरोना ने उनको जकड़ लिया। पहले उनका इलाज धनबाद में हुआ। फिर 17 अप्रैल 2021 को एयर एंबुलेंस से हैदराबाद ले जाया गया था। वह वहीं हैं। ऐसे में भाजपा के संभावित प्रत्याशी को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है।




### सिंदरी से चार नामों पर चर्चा खास

अविभाजित बिहार के समय 'लालखंड' नाम से पहचान रखनेवाला सिंदरी विधानसभा क्षेत्र झारखंड बनने के बाद से भगवा रंग में रंगा हुआ है। लोकसभा चुनाव के दौरान भी यहां से भाजपा को करीब 1.29 लाख वोट मिले थे। विधानसभा चुनाव में भाजपा की तरफ से चार नामों में से किसी एक के उतरने की चर्चा है। सभी मंडलों और ग्रामीण भाजपा पदाधिकारियों ने भी इन्हीं चार नामों पर सहमति दी है। झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने भी इन्हीं चार नामों पर अपनी सहमति दी है। इनमें सिंदरी के वर्तमान विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मजीत सिंह, ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर तथा व्यवसायी नंदलाल अग्रवाल शामिल हैं। इनमें से धर्मजीत सिंह ऐसा नाम है, जिन्होंने भाजपा में शामिल होने से पूर्व क्षेत्र में अपनी पहचान बनायी है। भाजपा में शामिल होने के बाद से उन्होंने यहां पार्टी को मजबूत किया।

यहां यह भी बता दें कि धर्मजीत सिंह का नाम साल 2019 के चुनाव में भी चर्चा में रहा, लेकिन भाजपा ने पुराने कार्यकर्ता इंद्रजीत महतो को टिकट देकर कुर्मी महतो वोटरों को साधने की कोशिश की। इंद्रजीत महतो जीत तो गये, लेकिन महतो कुर्मी ने भाजपा पर भरोसा नहीं जताया। बीते लोकसभा चुनाव में भी सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के कुर्मी महतो वोटरों ने भाजपा को वोट नहीं दिया। हालांकि क्षेत्र के कुर्मी वोटर, जो वामपंथी मासस के कोर वोटर माने जाते हैं, में सेंधमारी जरूर हुई, लेकिन वह वोट भाजपा को नहीं, अन्य के खाते में गया। ऐसे सीटिंग विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी के नाम की भी चर्चा जोरदार है। भाजपा का एक धड़ा मानता है कि तारा देवी को टिकट देने से सहानुभूति मिलेगी। हालांकि तारा देवी क्षेत्र में पूरी तरह सक्रिय नहीं हैं।

भाजपा प्रत्याशी के रूप में तीसरा नाम ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर का है। वह बलियापुर क्षेत्र से आते हैं और यहां इनकी पकड़ भी मानी जाती है। घनश्याम ग्रोवर 90 के दशक से भाजपा से जुड़े हुए हैं। बलियापुर में भाजपा को मासस के लाल झंडे के खिलाफ स्थापित करने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। हालांकि, घनश्याम अपने सीमित दायरे से कभी बाहर नहीं आ पाये। सीधे-सरल स्वभाव के कारण भाजपा कार्यकर्ताओं में वह जरूर प्रिय हैं, लेकिन जनता की कसौटी पर खरे नहीं उतरते हैं। चौथा नाम व्यवसायी नेता नंदलाल अग्रवाल का चर्चा में है। वह गोबिंदपुर से आते हैं, लेकिन सिंदरी विधानसभा क्षेत्र की जनता से उनका संबंध '36' का ही रहा है। गिने-चुने लोगों के घेरे में रहना ही इनकी दिनचर्या है।

### वामपंथी बबलू महतो होंगे उम्मीदवार

सिंदरी में मासस के साथ भाजपा का सीधा मुकाबला होता रहा है। इस बार मासस का विलय भाकपा माले में होने की बात कही जा रही है। ऐसा होने अथवा नहीं होने, दोनों ही स्थिति में बबलू महतो मासस के भावी उम्मीदवार के तौर पर घोषित हैं। हालांकि, औपचारिक घोषणा अभी बाकी है। बबलू महतो का जीवन सिंदरी के पूर्व विधायक आनंद महतो के तले बीता है। वामपंथी विचारधारा से पोषित हुए, लेकिन वे पिता की तरह छबि नहीं बना पाये। सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के कुर्मी वोटर आनंद महतो को अपना नेता मानते हैं, लेकिन बबलू महतो के पक्ष में खड़े नहीं दिखाई देते। बबलू महतो की कमजोरी रही है कि वे अपने पिता के नाम के अलावा अपनी खुद की पहचान स्थापित नहीं कर पाये। फलस्वरूप, बीते लोकसभा चुनाव के दौरान मासस का कोर महतो कुर्मी वोटर जयराम महतो की पार्टी की तरफ खिसक गया। बबलू महतो का भविष्य आगामी विधानसभा चुनाव पर निर्भर है। मासस के कोर वोटर अगर लोकसभा चुनाव की तरह टूटा, तो बबलू महतो के लिए मुश्किल साबित होगा। सिंदरी विधानसभा में कुर्मी महतो के करीब 65 हजार वोटर हैं। बीते लोकसभा चुनाव में करीब 12 हजार कुर्मी महतो ने जयराम महतो के उम्मीदवार अखलाक को वोट दिया। इधर मुसलमान भी झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) को वोट देने का मन बना रहे हैं। झामुमो ने अपना पत्ता नहीं खोला है। झामुमो के भावी उम्मीदवारों में मन्नू आलम और धरनीधर मंडल का नाम चर्चा में जरूर है।

### मुसलमान मांग रहे हैं अपना प्रतिनिधि

सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के मुसलमानों का कहना है कि यहां करीब 65 हजार वोटर हैं। धनबाद और बाघमारा में भारी संख्या में मुसलमान रहते हैं। इंडी गठबंधन से मांग की गयी है कि धनबाद के छह विधानसभा क्षेत्रों में एक मुसलमान को टिकट मिलना चाहिए। यदि इंडी गठबंधन इस पर फैसला नहीं लेता है, तो मुसलमान जयराम महतो की पार्टी को समर्थन देंगे। मुसलमानों के नेता और मौलवियों का भी यही कहना है। झामुमो के धनबाद जिला सचिव मन्नू आलम ने भी इस बात का समर्थन किया है।

### सिंदरी विधानसभा क्षेत्र का गणित

सिंदरी विधानसभा क्षेत्र में करीब 3.40 लाख मतदाता हैं। इनमें करीब 1.80 लाख पुरुष तथा 1.60 लाख महिला हैं। बीते लोकसभा चुनाव में यहां से भाजपा को 1.29 लाख और कांग्रेस को 87 हजार वोट मिले थे। वहीं 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 81 हजार, मासस के आनंद महतो को 73 हजार और झामुमो के फूलचंद मंडल को 34 हजार मत मिले थे। यदि आगामी विधानसभा चुनाव में झामुमो अपना उम्मीदवार नहीं उतारता है, तो करीब 15 फीसदी मत इधर-उधर होंगे।

सिंदरी में करीब 65 हजार भाजपा के कोर वोटर हैं, जो ब्राह्मण, भूमिहार, रवानी, राजपूत, मंडल आदि विभिन्न जातियों के है। वहीं करीब 65 हजार महतो कुर्मी वोटर हैं, जो आनंद महतो के साथ वामपंथी को वोट देते आ रहे हैं। वहीं करीब इतने ही मुसलमान वोटर हैं, जो झामुमो के कोर वोटर माने जाते हैं। अनुसूचित जनजाति के मतदाताओं की संख्या करीब 83 हजार है, तो वहीं अनुसूचित जाति की संख्या करीब 10 हजार। यहां ग्रामीण मतदाताओं की संख्या करीब 2.53 लाख है, तो वहीं करीब 65 हजार शहरी मतदाता हैं। आकड़ों के अनुसार सिंदरी विधानसभा में मुस्लिम 19.5 प्रतिशत, महतो 13.9 प्रतिशत, मंडल 5.3 फीसदी, सिंह 4.6, रजवार 2.7, बोरी दो प्रतिशत, मुर्मू दो प्रतिशत, गोराई 1.8 प्रतिशत, गोप 1.6 तथा दास 1.6 प्रतिशत, मांझी-मुसहर 1.6 प्रतिशत, कुम्हार 1.6, रे-1.6, रवानी-1.6, प्रसाद 1.6, पांडे 1.3, सोरेन 1.1, चौधरी 1.1, हेंब्रम 1.1, मरांडी 1.1 प्रतिशत हैं। वहीं टुडू और कुंभकाय 1-1 प्रतिशत तथा शर्मा और रजक 1-1 प्रतिशत हैं। जबकि, किस्कू, रविदास 0.8-0.8 प्रतिशत हैं। वहीं यादव भी 0.8 प्रतिशत हैं। सिंदरी में वर्ष 2005 में भाजपा के राजकिशोर महतो विधायक चुने गये। इसके बाद वर्ष 2009 में झाविमो के फूलचंद मंडल ने कब्जा जमाया। वर्ष 2014 में फूलचंद फिर से यहां के विधायक बने। 2019 में भाजपा के इंद्रजीत महतो ने जीत हासिल की।

# निराश बैठे हैं जमशेदपुर की छह में से चार विस क्षेत्र के कांग्रेसी

- ■ अलायंस में पोटका, जुगसलाई, घाटशिला, बहरागोड़ा सीट है झामुमो के हवाले
- ■ कभी कांग्रेस का रहता था बोलबाला, पार्टी को ले डूबी गुटबाजी
- ■ अपने लिए एक अदद टिकट को मोहताज हुए सबसे लंबे अर्से तक प्रदेश अध्यक्ष रह चुके प्रदीप बलमुचू
- ■ गुटबाजी के फेर में पोटका में सेकंड पोजीशन पर रहे सुबोध सिंह सरदार का कटा था टिकट

**अरुण सिंह**

**घाटशिला/ जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश में विधानसभा चुनाव वैसे तो नवंबर-दिसंबर में संभावित है, लेकिन उससे पहले होने की अटकलें भी लग रही हैं। राज्य के दक्षिण -पूर्व दिशा के अंतिम छोर पर अवस्थित पूर्वी सिंहभूम जिला में देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस अपनी पुरानी स्थिति में आने के लिए जद्दोजहद करने की स्थिति में भी नहीं दिख रही है। जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कुल छह विधानसभा सीटों में कांग्रेस की सेहत की बात करें तो जमशेदपुर पश्चिम सीट से पार्टी की टिकट से बन्ना गुप्ता विधायक हैं, लेकिन सच तो यही है कि उनके विधायक बनने में उनके और उनकी टीम के सहयोगियों का हाथ ज्यादा रहा है, जिला या प्रदेश कांग्रेस के हाथ का सहारा कम माना जाता है।

जमशेदपुर पूर्वी एवं जुगसलाई विस सीट की यदि बात की जाये तो क्रमशः डी नरीमन और त्रिलोचन कालिंदी कांग्रेस का हाथ थाम कर तत्कालीन बिहार प्रदेश में अंतिम दफा विधानसभा पहुंचे थे। अलग राज्य गठन के बाद उपरोक्त दोनों सीटों पर विधायकी नसीब नहीं हो सकी। इसी तरह, पोटका में सनातन सरदार के बाद कांग्रेस का कोई प्रत्याशी विस चुनाव में पार्टी का परचम नहीं लहरा सका। राज्य गठन से पहले शिबू रंजन खा एवं विष्णुपद घोष विधायक हुए थे। लेकिन घाटशिला सीट को प्रदीप बलमुचू ने 2009 तक अवश्य ही बचा कर रखा था। कुल मिला कर, पूर्वी सिंहभूम जिला में जमशेदपुर पश्चिमी विस क्षेत्र अपवाद है, जहां से राज्य के हेल्थ मिनिस्टर बन्ना गुप्ता विधायक हैं।

देश की सबसे पुरानी पार्टी के इस जिला में गर्त में जाने के पीछे सबसे बड़ा कारण अंदरूनी गुटबाजी है। राज्य गठन के समय से अब तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद पर इंद्रनाथ भगत, थॉमस हांसदा, सुशीला करकेट्टा, प्रदीप बलमुचू, सुखदेव भगत, डॉ अजय कुमार, रामेश्वर उरांव और वर्तमान अध्यक्ष राजेश ठाकुर हैं। दो साल कार्यकारी एवं 2005 से 2013 तक पूर्णकलिक अध्यक्ष पद प्रदीप बलमुचू के पास रहा। सबसे ज्यादा समय इस पद पर बलमुचू रहे हैं। अपने समय में ज्यादा सीट पार्टी को इन्होंने दिलवायी। 1995 से 2009 तक घाटशिला विस सीट से लगातार तीन बार विधायक रहे। 2009 के चुनाव में मात्र लगभग ग्यारह सौ वोटों के अंतर से पराजित हुए, तो फिर विधायक नहीं बन पाये। अब नजर डालते हैं गुटबाजी और पार्टी को हुए नुकसान पर।

कहते हैं समय बलवान होता है, व्यक्ति नहीं। विस चुनाव हारे तो पार्टी सुप्रीमो सोनिया गांधी और अहमद पटेल ने बलमुचू को राज्यसभा भेज दिया। 2014 में बलमुचू के स्थान पर सुखदेव भगत प्रदेश अध्यक्ष बन गये। प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी से हटते ही विरोधियों ने बलमुचू को उनकी औकात में लाने की कोशिश शुरू कर दी। वर्ष 2014 के विस चुनाव में घाटशिला सीट से ये अपनी बेटी सिंद्रेला बलमुचू के लिए टिकट मांग रहे थे। प्रदेश कांग्रेस ने सिरे से नकार दिया। कुछ समय पहले तक टिकट वितरण करने वाले बलमुचू असहाय से हो चले थे। आखिरकार सोनिया गांधी के हस्तक्षेप से चुनाव चिह्न मिल तो गया, लेकिन बेटी को तीसरे स्थान पर रहना पड़ा था। इसके बाद आया 2019 का विस चुनाव। आरपीएन सिंह तब झारखंड प्रभारी थे। अपने लिए एक अदद टिकट को तरसना पड़ गया बलमुचू को। आरपीएन सिंह ने बलमुचू को नीचा दिखाने का एक भी मौका नहीं छोड़ा। बलमुचू को कहा कि खूंटी से लोकसभा की तैयारी कीजिये। इन्होंने खूंटी में समय भी दिया। लेकिन वहां से टिकट नहीं मिला। इन्होंने घाटशिला से विस का टिकट मांगा तो झामुमो के साथ अलायंस का हवाला देकर टरका दिया। इतना ही नहीं, प्रभारी ने कहा कि जमशेदपुर पूर्वी से तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के खिलाफ लड़ जाइये। तब निराश -हताश बलमुचू ने आजसू के टिकट पर चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया। कहने का मतलब यह कि गुटबाजी के चक्कर में बलमुचू एवं इनके समर्थकों को काफी कुछ झेलना पड़ा। 2009 में बलमुचू ने पोटका से सुबोध सिंह सरदार को खड़ा करवाया था। तब कांग्रेस दूसरे स्थान पर रही थी। लेकिन अगले चुनाव में सुबोध को बलमुचू से नजदीकी का दंश झेलना पड़ गया। नये प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत ने सुबोध सरदार के स्थान पर दुखनीमाई सरदार को टिकट थमा दिया, जो मात्र लगभग 14 हजार वोट लाकर तीसरे स्थान पर रहीं। इतना ही नहीं, चुनाव हारने के बाद दुखनी सरदार ने भाजपा ज्वाइन कर लिया।



चुनावी राजनीति में जरूरत के हिसाब से गठबंधन अत्यावश्यक होता है। लेकिन गुटों में बंटे कोंग्रेसियों ने दल को इस स्थिति में ला खड़ा कर दिया कि कांग्रेस को अपनी प्रभाव वाली सीटें अपने सहयोगी दल झामुमो के लिए छोड़नी पड़ी। बहरागोड़ा में झामुमो 2009 में पहली बार जीता। पोटका में कांग्रेस संगठन कमजोर हुआ तो झामुमो को फायदा हुआ। तीन बार विधायक रहे बलमुचू पर पार्टी के विरोधी हावी हुए तो घाटशिला सीट भी हाथ से निकल गयी। अलायंस के फेर में जमशेदपुर पश्चिम एवं पूर्वी दोनों शहरी सीट को छोड़ दें तो बाकी की चारों विधानसभा सीट इंडी गठबंधन में कांग्रेस के हाथों से निकल कर झामुमो के हिस्से में काफी पहले जा चुकी हैं। पश्चिमी से बन्ना गुप्ता का लड़ना तय माना जा रहा है तो पूर्वी सीट पर जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे पुरजोर तैयारी कर रहे हैं। लेकिन इसी बीच पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार ने भी यहां का दौरा तेज कर दिया है। अब देखना है पार्टी इन दोनों में किसी एक को मौका देगी या कोई तीसरा बाजी मार ले जायेगा। विधानसभा चुनाव सिर पर है। वर्षों से कांग्रेस का झंडा ढोने और जिंदाबाद का नारा लगानेवालों की भी कुलबुलाहट बढ़ी है। पोटका में पिछले दिनों कोंग्रेसियों ने बैठक कर केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व से मांग की कि पोटका में अपनी खोयी विरासत को वापस लाने का मौका दिया जाये। मुखिया शेख जबीरुल्लाह, सोमेन मंडल, जयराम हांसदा, आनंद दास, आनंद पाल आदि ने कहा कि गठबंधन के बावजूद इस बार पोटका सीट पर सुबोध सिंह सरदार को दोस्ताना मुकाबले का अवसर मिलना चाहिए। इसी तरह, घाटशिला सीट पर वरिष्ठ नेता तापस चटर्जी बंग भाषी उम्मीदवार सुनील सिंह को उतारने की वकालत करते हैं। तापस का तर्क है कि विधानसभा चुनाव में गठबंधन दल के लिए सीट छोड़ने से कांग्रेस समर्थक बांग्ला भाषी मतदाताओ का वोट भाजपा के पक्ष में चला जाता है। कुल मिला कर, कहा जा सकता है कि गुटबाजी के कारण कांग्रेस का संगठन दिनोदिन कमजोर हुआ और उसके कार्यकर्ताओं में निराशा घर करती गयी। इसका नतीजा सामने है। अब लोकसभा चुनाव के लिए जमशेदपुर सीट से कांग्रेस की टिकट पर ताल ठोकने कोई नेता आगे नहीं आता। ऐसे में न चाहते हुए भी कांग्रेस ये सीट झामुमो की झोली में डालने को विवश हो जाती है।

www.epaper.azadsipahi.in

10 अगस्त, 2024
श्रावण, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 291

जम्मू-कश्मीर में चुनाव जल्द : चुनाव आयुक्त



## सिसोदिया को 17 महीने बाद सीबीआइ-इडी केस में बेल



### बेल की तीन शर्तें

- इडी और सीबीआइ मामले में 10-10 लाख का बेल बांड भरें।
- अपना पासपोर्ट जमा करें, सबूतों-गवाहों को प्रभावित नहीं करेंगे।
- हर सोमवार और गुरुवार को नजदीकी पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करनी होगा।

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जमानत दे दी। वह जेल से रिहा हो गये। सिसोदिया 17 महीने से तिहाड़ जेल में बंद थे। सिसोदिया को दिल्ली शराब नीति घोटाले से जुड़े सीबीआइ और इडी दोनों केस में राहत मिली है। सीबीआइ ने भ्रष्टाचार केस में सिसोदिया को 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। इडी ने 9 मार्च, 2023 में उन्हें मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। उन्होंने 28 फरवरी 2023 को मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि केस में अब तक 400 से ज्यादा गवाह और हजारों दस्तावेज पेश किये जा चुके हैं। आनेवाले दिनों में केस खत्म होने की दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं है। ऐसे में सिसोदिया को हिरासत में रखना उनके स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन होगा। सिसोदिया को 10-10 लाख का बेल बांड भरना होगा। इसके बाद सिसोदिया बाहर आयेंगे। गौरतलब है कि जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथ की बेंच ने सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुनाया है। बेंच ने तीन दिन पहले 6 अगस्त को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। 4 जून को सुप्रीम कोर्ट ने सिसोदिया को जमानत देने से इनकार किया था। उन्होंने दोबारा विचार करने की याचिका लगायी थी।

झारखंड आदिवासी महोत्सव-2024 का हुआ भव्य शुभारंभ

# सभ्यता, संस्कृति और मान-सम्मान के साथ समझौता नहीं किया : हेमंत

- मुख्यमंत्री ने कहा कि महोत्सव आदिवासी जीवन दर्शन, सभ्यता, संस्कृति को संजोने, संवारने और अलग पहचान दिलाने का एक बेहतर प्रयास



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान, रांची में दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव-2024 का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि और राज्य समन्वय समिति के अध्यक्ष-सह-राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की। मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर राज्य में तीसरी बार झारखंड आदिवासी महोत्सव का भव्य आयोजन हो रहा है। यह सिर्फ एक महोत्सव मात्र नहीं है, बल्कि यह अपनी प्राचीन और समृद्ध जनजातीय सभ्यता-संस्कृति और विरासत को संजोने, संवारने और देश -दुनिया में पहचान दिलाने का एक प्रयास है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज ने कभी अपनी सभ्यता, संस्कृति और मान-सम्मान के साथ समझौता नहीं किया। झारखंड के आदिवासियों को विरासत में संघर्ष मिला है। जल-जंगल-जमीन की रक्षा की खातिर लंबा संघर्ष किया। हमें गर्व है अपने उन वीरों पर, जिन्होंने अन्याय, शोषण एवं देश-राज्य के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्यभर में हर्ष, उल्लास और उत्साह के साथ आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए आदिवासी अपनी सभ्यता और संस्कृति की चमक बिखेर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी महोत्सव आदिवासी जीवन दर्शन और कला-संस्कृति को अलग पहचान देने का एक बड़ा माध्यम बनता जा रहा है। यहां आयोजित हो रहे आदिवासी महोत्सव में हमें आदिवासियों की कला -संस्कृति, परंपरा, गीत- नृत्य और उनकी वेशभूषा से रूबरू होने का मौका मिल रहा है। कार्यक्रम में कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन और राजेश कच्छप, मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, राज्यपाल के प्रधान सचिव नीतिन मदन कुलकर्णी, कल्याण विभाग के सचिव कृपानंद झा एवं आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा सहित कई वरीय अधिकारी एवं गणमान्य मौजूद थे।

### जनजातीय सभ्यता, दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यता

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय सभ्यता दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यता है। आदिकाल से ही आदिवासियों की सभ्यता-संस्कृति और परंपरा काफी समृद्ध रही है। दुनिया में अलग-अलग हिस्सों में आदिवासी समुदाय वास करते हैं, लेकिन उनकी सभ्यता-संस्कृति में कहीं न कहीं एकरूपता देखने को मिलती रहती है। जनजातीय कला-संस्कृति और परंपरा को सुरक्षित करने के साथ समृद्ध करने की जरूरत है, ताकि आनेवाली पीढ़ी के लिए एक प्रेरणास्रोत हमेशा बना रहे।

### वीरों और शहीदों की धरती है झारखंड

हेमंत ने कहा कि झारखंड सदियों से वीरों और शहीदों की धरती रही है। चाहे आजादी के पहले की बात हो या आजादी के बाद अथवा झारखंड अलग राज्य के लिए चली लंबी लड़ाई। भगवान बिरसा मुंडा, सिदो कान्हू, भैरव-चांद, फूलो झानो, नीलांबर-पीतांबर, तिलका मांझी, शेख भिखारी, बुधु भगत, टाना भगत, निर्मल महतो और विनोद बिहारी महतो जैसे अनेकों वीर हुए हैं, जिन्होंने अन्याय -शोषण, आदिवासी-मूलवासी के हक-अधिकार, और जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए अपनी कुर्बानी दे दी। अपने इन वीर शहीदों को नमन है।

### लोगों की उम्मीदों को पूरा करने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार से जनता को काफी उम्मीदें हैं। हम जन आकांक्षाओं को पूरी ताकत के साथ पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। इस सिलसिले में सरकार की ओर से अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं। इन योजनाओं के जरिए राज्य की जनता को सशक्त और स्वावलंबी बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपरीत चुनौतियों के बीच भी राज्य में विकास को नया आयाम देने का कार्य कर रहे हैं, ताकि आनेवाली पीढ़ी को एक बेहतर भविष्य दे सकें।

### झारखंड की धरती वीरों की भूमि रही है: राज्यपाल

रांची (आजाद सिपाही)। समारोह में राज्यापाल संतोष कुमार गंगवार ने सभी को विश्व आदिवासी दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन हम सबके लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह हमारे आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपराओं, और उनके अद्वितीय योगदान का उत्सव मनाने का अवसर प्रदान करता है। झारखंड की धरती वीरों की भूमि रही है। यहां की माटी में जन्मे बीर बुधु भगत, सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो, और जतरा उरांव जैसे महान सपूतों ने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उन सभी के बलिदानों को स्मरण करते हुए, मैं उनके प्रति अपना श्रद्धा-सुमन अर्पित करता हूं। राज्यपाल ने कहा कि हमारे जनजातीय समुदाय का इतिहास गौरवशाली रहा है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका अद्वितीय रही है। उनकी वीरता और पराक्रम की गाथाएं भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेंगी। राज्यपाल ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को पूरे देश में 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि जनजातियों द्वारा संरक्षित कला, संस्कृति, लोक साहित्य और रीति-रिवाज न केवल हमारे देश, बल्कि विश्वभर में ख्यातिप्राप्त हैं। उनका पर्यावरणीय ज्ञान और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व का दृष्टिकोण हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर, मैं सभी से आग्रह करता हूं कि वे शिक्षा के प्रति और अधिक जागरूक हों। शिक्षा किसी भी समाज की सामाजिक और आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सरकार द्वारा इस दिशा में कई छात्रवृत्ति योजनाएं संचालित हैं और हमारे छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति का लाभ मिले, यह सुनिश्चित हो।

### 12 पुस्तकों का विमोचन हुआ, 257 लोगों को मिला सामुदायिक वन पट्टा

महोत्सव में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मंच पर मौजूद अन्य गणमान्यों ने डॉ राम दयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित 12 पुस्तकों का विमोचन किया। वहीं, 257 लोगों के बीच 73 हजार 5 सौ 83 एकड़ सामुदायिक वन पट्टा का वितरण किया गया। महोत्सव की शुरुआत में गणमान्यों ने शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। वहीं, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने आदिवासी प्रदर्शनी शिविर और आदिवासी चित्रकार शिविर का उद्घाटन और अवलोकन किया।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर रह-रह कर हमले जारी

- भारत में घुसने की फिराक में बांग्लादेश के सैकड़ों हिंदू

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना के इस्तीफा देकर देश छोड़ने के बाद से ही हिंदुओं पर अत्याचार शुरू हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बांग्लादेश में जगह-जगह से हिंदू समुदाय के घरों और उनके मंदिरों पर हमले की रिपोर्ट की जा रही हैं। हिंदुओं पर रह-रह कर हमले हो रहे हैं। हिंसा के सैकड़ों पीड़ित बांग्लादेशी हिंदू भाग कर भारत जाने की नाकाम कोशिशें कर रहे हैं। बांग्लादेश हिंदू बुद्धिस्ट क्रिस्चियन यूनिटी काउंसिल का कहना है कि बांग्लादेश के कुल 64 जिलों में से 45 में पिछले कुछ दिनों में हिंदुओं के घरों, दुकानों या मंदिरों को निशाना बनाया गया है। सूत्रों की मानें तो एक हिंदू प्रोफेसर को हथौड़े से बेरहमी से मार दिया गया। हिंदू परिवारों ने बांग्लादेश में अपना सब कुछ खो दिया है और अब भी हिंदू संगठन खुल कर बोलने से डर रहे हैं।

गौरतलब है कि नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख के तौर पर बृहस्पतिवार को शपथ ली। इसके बाद भी हिंदू डरे-सहमे हैं। रह-रह कर उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। हर तरफ दीवारों पर आजादी के नारे लिखे हैं। सड़कों पर आंदोलन करनेवाले छात्र अब चौराहों पर ट्रैफिक और बाकी व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं। सड़कों पर पुलिस या आर्मी न के बराबर है। सड़क पर हिंसा के निशान साफ देखे जा सकते हैं। अब भी ढाका में पुलिसवाले कम ही दिखायी दे रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले एक हफ्ते में बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के लोगों को अपने घरों और कारोबारों को लुटते और आग के हवाले होते देखा गया। जैसे-तैसे अपनी जान बचा कर वे भारत से लगी सीमा पर ही जमा हो गये हैं। उधर, जब से बांग्लादेश में हिंसा बढ़ी है, भारतीय सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है, लेकिन बांग्लादेश की सीमा के पास रहनेवाले हिंदू सीमा की ओर भाग कर भारत सरकार से आश्रय देने की गुहार लगा रहे हैं।

### हिंदुओं की रक्षा के लिए केंद्र सरकार ने कमेटी बनायी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को घोषणा करते हुए कहा है कि मोदी सरकार ने बांग्लादेश में चल रहे हालात को देखते हुए भारत-बांग्लादेश सीमा पर मौजूदा स्थिति की निगरानी के लिए एक समिति का गठन किया है। अमित शाह ने ट्वीट करते हुए लिखा कि बांग्लादेश में जारी हालात के मद्देनजर मोदी सरकार ने भारत-बांग्लादेश सीमा



(आइबीबी) पर मौजूदा हालात पर नजर रखने के लिए एक समिति गठित की है। यह समिति बांग्लादेश में अपने समकक्ष अधिकारियों के साथ संवाद बनाये रखेगी, ताकि वहां रहनेवाले भारतीय नागरिकों, हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस समिति की अध्यक्षता एडीजी, सीमा सुरक्षा बल, पूर्वी कमान करेंगे। गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार हरसंभव प्रयास करेगी, ताकि बांग्लादेश में भारतीय और हिंदू समुदायों के हितों की रक्षा की जा सके।

# वक्फ बिल पर विचार के लिए बनी 31 सदस्यीय जेपीसी

- लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सांसद होंगे
- झारखंड से सांसद निशिकांत दुबे कमेटी के सदस्य
- औवेसी, सपा के मोहिबुल्ला और कांग्रेस के इमरान भी शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा ने शुक्रवार को वक्फ संशोधन बिल के लिए बनायी जाने वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। इस समिति में 31 सदस्य होंगे। इसमें लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 मेंबर होंगे। समिति को रिपोर्ट संसद के अगले सत्र के पहले हफ्ते में देनी होगी। संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में बिल को जेपीसी के पास भेजने का प्रस्ताव रखा था। गौरतलब है कि रिजिजू ने गुरुवार को लोकसभा में वक्फ बिल 2024 पेश किया था। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दलों ने इस बिल का विरोध किया था। विपक्ष की आपत्ति और



भारी विरोध के बीच ये बिल लोकसभा में बिना किसी चर्चा के जेपीसी को भेज दिया गया था।

**राज्यसभा से ये होंगे दस सदस्य:** जेपीसी में राज्यसभा से 10 सदस्य होंगे। इनमें भाजपा के चार और कांग्रेस का एक सांसद है। इनमें बृज लाल (भाजपा), मेधा विश्राम कुलकर्णी (भाजपा), गुलाम अली (भाजपा), राधा मोहन दास अग्रवाल (भाजपा), सैयद नसीर हुसैन (कांग्रेस), मोहम्मद नदीम उल हक (टीएमसी), एम मोहम्मद अब्दुल्ला (डीएमके), संजय सिंह (आप) वी विजयसाई रेड्डी (वाइएसआरसीपी) और धर्मस्थल वीरेंद्र हेगड़े (राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत)।

### भाजपा के सात और कांग्रेस के तीन सांसद

लोकसभा से 21 सदस्य समिति में रखे गये हैं। इनमें भाजपा के सात और कांग्रेस के तीन सांसद हैं। बाकी अन्य दल के सांसद शामिल हैं। लोकसभा से ये होंगे जेपीसी के सदस्य- जगदंबिका पाल (भाजपा) निशिकांत दुबे (भाजपा), तेजस्वी सूर्या (भाजपा), अपराजिता सारंगी (भाजपा), संजय जायसवाल (भाजपा), दिलीप सैकिया (भाजपा), अभिजीत गंगोपाध्याय (भाजपा), डीके अरुणा (एसआरसीपी), गौरव गोगोई (कांग्रेस), इमरान मसूद (कांग्रेस), मोहम्मद जावेद (कांग्रेस), मौलाना मोहिबुल्ला (सपा), कल्याण बनर्जी (टीएमसी), ए राजा (डीएमके), एलएस देवरायलु (टीडीपी), दिनेश्वर कामत (जदयू), अरविंद सावंत (शिवसेना, उद्धव गुट), सुरेश गोपीनाथ (एनसीपी, शरद पवार), नरेश गणपत मास्के (शिवसेना, शिंदे गुट), अरुण भारती (एलजेपी-आर) और असदुद्दीन ओवैसी (एआइएमआइएम)।


FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com



आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 10 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in
04


## कोडरमा विस सीट पर कांग्रेस ने की दावेदारी



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में नासरगंज देवी पांडेय के मकान में कांग्रेस प्रखंड कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह के अध्यक्षता में हुई। जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान के उपस्थिति में हुई बैठक में कांग्रेस प्रदेश सचिव मनोज सहाय पिंकू, जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार सेठ, जिला महासचिव आशीष पांडेय, प्रदेश प्रतिनिधि नवनीत ओझा, अल्पसंख्यक अध्यक्ष फैयाज कैसर, जिला उपाध्यक्ष राम लखन पासवान सोशल मीडिया प्रभारी चांद आलम, कोडरमा नगर पंचायत अध्यक्ष राजू सिंह उपस्थित थे। बैठक में राहुल गांधी के जन संवाद यात्रा कार्यक्रम झारखंड में सफलता के लिए प्रकाश डाला गया। प्रदेश सचिव मनोज सहाय पिंकू ने झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में जानकारी और लोगों को लाभ लेने का आग्रह किया गया। वहीं जिला परिषद सदस्य लक्ष्मण यादव की अगुवाई में सेवानिवृत्त टीटीइ लाल देव यादव समेत दर्जनों लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की और कांग्रेस पार्टी के विचारधारा पर चलने की बात कही। मौके पर राजेश दत्त प्रसाद, महेंद्र कुमार अग्रवाल, जितेंद्र कुमार, अर्जुन सिंह, वरुण सिंह, तारणी सिंह, साकिर खान, सलाउद्दीन, जितेंद्र यादव, तमन्ना परवीन, सुरेंद्र रविदास, किशोरी पासवान, सहोदर राम आदि उपस्थित थे।

## विधायक अंबा प्रसाद के हस्तक्षेप से आम सभा होगी रद्द



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पचड़ा पंचायत में प्रस्तावित सीसीएल चंद्रगुप्त परियोजना को लेकर ग्रामीणों के भारी विरोध को लेकर विगत दिनों में हुई आमसभा को रद्द कराया जायेगा। विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर करायी गयी फर्जी आमसभा को रद्द करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। विधायक अंबा प्रसाद ने बृहस्पतिवार को देर शाम जिले के उपायुक्त से मुलाकात कर फर्जी आमसभा को रद्द करने की बात कही। इससे पूर्व भी कई बार इस मामले को विधायक द्वारा जिले के पदाधिकारी पास रखा गया था वहीं विधानसभा में भी अंबा प्रसाद ने करायी गयी फर्जी आमसभा को रद्द करने की बात कही थी। विधायक अंबा प्रसाद ने इस संदर्भ में प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा कि ग्रामीण परियोजना के भारी विरोध में है लेकिन फिर भी कंपनी और प्रशासन स्थानीय ग्रामीणों के भारी विरोध के बावजूद भी खनन कार्य शुरू करने का प्रयास कर रहे है जो कि कतई न्याय संगत नहीं है कंपनी अपने मन मुताबिक नहीं चल सकती है बगैर ग्रामीणों की सहमति का किसी प्रकार का कार्य नहीं होने दिया जायेगा। मौके पर संजय पासवान, रंजीत रजक, छोटेलाल कुमार, अशोक साव, प्रकाश साव सहित कई लोग मौजूद थे।

## पासवान जन कल्याण समिति की बैठक



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित सर्वोदय जमा दो उच्च विद्यालय के स्टेडियम में शुक्रवार को पासवान जन कल्याण समिति कोडरमा जिला ईकाई की एक बैठक समिति के केंद्रीय महासचिव भीखारी पासवान की अध्यक्षता में की गयी। बैठक का संचालन शिक्षक विद्यासागर पासवान ने किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ बासुदेव पासवान ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए समिति प्रयासरत है। विकास के लिए सभी मापदंड तैयार कर समाज को मजबूत बनाया जायेगा। जिलाध्यक्ष बाला लखेन्दर पासवान ने कहा कि एक विकसित समाज निर्माण के लिए शिक्षा का होना जरूरी है। शिक्षा के बिना विकसित समाज का निर्माण करना बेइमानी होगी। पासवान जन कल्याण समिति के नियमानुसार मरकच्चो प्रखंड कमेटी का चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष तिरथ पासवान सचिव राजेश पासवान उपाध्यक्ष कौलेशर पासवान कोषाध्यक्ष अश्विनी पासवान मिडिया प्रभारी रंजीत पासवान प्रवक्ता सुभाष पासवान को चुना गया। वहीं 21 सदस्यीय कार्यकारिणी कमिटी सदस्य बनाये गये। बैठक को महा सचिव जयप्रकाश राम, उपाध्यक्ष लालजीत पासवान, डॉ बासुदेव पासवान, केदार पासवान, राजकुमार पासवान, हरि पासवान, शम्भू पासवान, सिकेन्दर पासवान ने भी संबोधित किया। केंद्रीय महासचिव भिखारी पासवान ने कहा कि कुछ लोग समाज को बरगलाने का काम कर रहे है उन्होंने कहा कि जिले के सभी प्रखंडों में चुनाव कराने के बाद जिला कमेटी का चुनाव किया जायेगा। बैठक में सुखदेव पासवान, चंदन पासवान, शक्ति पासवान, कार्तिक पासवान, प्रदीप पासवान, भुनेश्वर पासवान, दीलिप पासवान, सुभाष पासवान, बालगोविंद पासवान, तुलसी पासवान, दामोदर पासवान, मुखिया हिन्दकिशोर राम समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## ग्रिजली विद्यालय के छात्रों का राज्यस्तरीय जूडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने झारखंड राज्य कैडेट जूडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम पुरे राज्य में रौशन किया है। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र आनंद शर्मा ने रजत पदक और छात्र सचिन कुमार यादव ने कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं विद्यालय के जूडो कोच सौरव कुमार पाठक ने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। झारखंड जूडो एसोसिएशन के द्वारा रांची के वायबीन पब्लिक स्कूल में 3 से 5 अगस्त तक आयोजित इस प्रतियोगिता में ग्रिजली विद्यालय के 5 छात्रों ने अपने कोच सौरव कुमार पाठक के साथ भाग लिया था। विद्यालय के छात्रों की इस सफलता पर निदेशक द्वय मनीष कपसिमे, अविनाश सेठ, सीइओ प्रकाश गुप्ता, सीओओ तनिष्क सेठ, प्राचार्या अंजना कुमारी, प्रशासक अशरफ खान, संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेंद्र चौधरी, बीडी नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, तुषार राय चौधरी, प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर अमित दास, सीसीए संयोजक अभिजीत आनंद सहित पुरे विद्यालय परिवार ने सभी सफल छात्रों और उनके कोच सौरव कुमार पाठक को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## भाजपा की बैठक में तिरंगा यात्रा पर चर्चा

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दुर्गा मंदिर के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी जयनगर मंडल, परसाबाद मंडल की बैठक भाजपा जयनगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष रामदेव मोदी के अध्यक्षता में की गयी कार्यक्रम का संचालन परसाबाद मंडल अध्यक्ष विजय राणा ने किया। उपस्थित लोगों ने निर्णय लिया कि 9 अगस्त से 14 अगस्त तक तिरंगा अभियान यात्रा का शुभारंभ किया जायेगा। जिसमें आप सभी सम्मानित कार्यकर्ता ग्रामीण मौजूद रहें। मौके पर सेवा निर्मित शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद मोदी, राजेंद्र राम, राम लखन यादव, रामजी लाल मोदी, राजेंद्र सिंह, मुरली राम, सनोज सोनी, सुनील सिंह, सुधीर साव, केदार सिंह, उमेश सिंह, सीताराम, राजकुमार सिंह, उमेश मोदी, रामचंद्र यादव, दीपक कुमार, सकलदेव सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त हुईं शामिल

# आदिवासी भाई-बहन देश और राज्य की शान हैं: डीसी

- उपायुक्त ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत 16 आदिवासी युवा लाभुकों को दिया स्वीकृति पत्र
- 15 सामुदायिक वन पट्टा की स्वीकृति प्रदान की
- 300-300 बेड के दो आदिवासी छात्रावास का जल्द होगा निर्माण : उपायुक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हर वर्ष 9 अगस्त को हम पूरे उत्साह के साथ विश्व आदिवासी दिवस मनाते है। 1994 से यह प्रथा चली आ रही है। यह दिन केवल आदिवासी अधिकारों की ही नहीं बल्कि आदिवासीयों द्वारा राज्य और देश के सर्वांगीण विकास के लिए किये गये उल्लेखनीय कार्यों को रेखांकित कर गर्व महसूस करने का भी दिन है। उक्त बातें उपायुक्त नैंसी सहाय ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर स्थानीय सरहुल मैदान सह सरना स्थल में आदिवासी केंद्रीय सरना समिति और जिला कल्याण कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित आदिवासी समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जहां तक आदिवासी समुदाय के अधिकारों की बात है अभी भी कई कार्य किये जाने हैं। आदिवासी संस्कृति, सभ्यता और अस्मिता की रक्षा के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने कई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की है। आज समृद्ध आदिवासी जीवन दर्शन संपूर्ण विश्व को आकर्षित कर रहा है। आदिवासी संस्कृति में बलिदान, कौशल और देश प्रेम कूट कूट कर भरा है, झारखंड राज्य सहित पूरे देश को आदिवासियत पर गर्व है। उपायुक्त ने आगे कहा कि आदिवासी विद्यार्थियों के पढ़ने व रहने के लिए जिला में 300-300 बेड़ के दो छात्रावास निर्माण के लिए चिन्हित कर स्वीकृत किये गये हैं। आगे भी कई योजनाओं पर कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा जिला प्रशासन हर संभव सभी पहलुओं पर सहयोग करता रहेगा।

**मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना और वनाधिकार पट्टा के तहत लाभुकों को मिला स्वीकृति पत्र:** अनुसूचित जनजाति को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत आज 16 आदिवासी लाभुकों को उपायुक्त के द्वारा लाभान्वित किया गया। जिसमें दो लाभुकों को छड़ सीमेंट दुकान के लिए 10 लाख रु की स्वीकृति दी गयी है, और शेष 15 लाभुकों को वाहन ऋण लगभग 2 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गयी है।

वहीं वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत चौपारण अंचल के 15 सामुदायिक वन पट्टा की स्वीकृति दी गयी। जिसमें कुल 1491.66 एकड़ वन भूमि सन्निहित है।

## विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चोपनाडीह पंचायत स्थित ग्राम नगरीतो में संचालित आश्रम विद्यालय में जिला प्रशासन कल्याण शाखा के सौजन्य से विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, उपायुक्त कोडरमा मेधा भारद्वाज उपस्थित थी। वही कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डीडीसी ऋतु राज, कल्याण विभाग के डिप्टी डायरेक्टर वासुदेव प्रसाद, एसडीओ रिया सिंह, प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु, जिला कल्याण पदाधिकारी अनूप कुजूर, बीडीओ हुलास महतो, अंचलाधिकारी परमेश्वर कुशवाहा, मुखिया पूनम कुमारी, पंसस मधु कुमारी उपस्थित थे। आये हुए अतिथियों का स्वागत ढोल नगाड़ा और पुष्प वर्षा कर किया गया। इसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत आश्रम विद्यालय के छात्राओं द्वारा लोकगीत लोक नृत्य प्रस्तुत कर किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों को साल और एक-एक पौधा देकर सम्मानित किया गया। आश्रम विद्यालय के छात्राओं के द्वारा झारखंडी संथाली गीत गाकर झारखंड की परंपरा जंगल और पेड़-पौधों से हरा भरा झारखंड का संदेश दिया। कार्यक्रम को कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, उपायुक्त मेधा भारद्वाज, उप विकास आयुक्त ऋतु राज, डिप्टी डायरेक्टर बासुदेव प्रसाद, प्रमुख विजय कुमार सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पूर्ण पूर्णेन्दु, जिला कल्याण पदाधिकारी अनूप कुजूर ने भी संबोधित किया। इस दौरान मुख्य अतिथियों के द्वारा के द्वारा पौधा रोपण भी किया गया और पौधों को बचाने का संकल्प भी लिया गया।

# भगवान श्री गणेश को शिवपुरी वासियों ने पिलाया दूध और जल

- श्री दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ बना धार्मिक आस्था का केंद्र बिंदु



आजाद सिपाही संवाददाता


**हजारीबाग।** श्री दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ (दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर) धार्मिक आस्था का केंद्रबिंदु बन रहा है, जहां स्थापित शिव परिवार की प्रतिमा में मंगलकर्ता विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश ने भक्तों श्रद्धालुओं से दूध और जल का भोग स्वीकार किया। बताते चलें कि अहले सुबह से ही प्रतिदिन की तरह श्रद्धालुओं का आवागमन पूजा के लिए होने लगा। प्रतिदिन की तरह देवी देवताओं की पूजा अर्चना के बाद भोग लगाया गया। इस दौरान महिला पुरुष ने देखा की भगवान श्री गणेश दूध पी रहे हैं, जिसके बाद श्रद्धालुओं का तांता लग गया। देखते ही देखते दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर आस्था का केंद्र बिंदु बन गया। महिला पुरुष भक्तों का आवागमन निरंतर जारी रहा। इस दौरान शिवपुरी सहित हजारीबाग शहरी क्षेत्र के सैकड़ों महिला पुरुष इस पावन अवसर पर पुण्य के भागी बने। भगवान श्री गणेश के दूध और जल पीने के मामले पर पूछे जाने पर श्री दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ के अध्यक्ष प्रभात कुमार प्रधान ने बताया कि सुबह महिलाओं ने पूजा अर्चना के दौरान देखा की भगवान श्री गणेश दूध का पी रहे हैं जिसके बाद खबर पूरे क्षेत्र में फैल गया और देखते ही देखते श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगने लगा। आगे उन्होंने कहा की पिछले वर्ष भी श्रावण मास के नागपंचमी को इस मंदिर परिसर में अवस्थित शिव परिवार की प्रतिमा में यह अलौकिक चमत्कार देखने को मिला था। वहीं इस घटनाक्रम के बारे में पूछे जाने पर मंदिर के पुजारी आचार्य जगदीश दास ने कहा की हम सनातनी परंपरा को मानने वाले लोग हैं और हम सभी अपने आराध्य की भक्ति करते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं की है की भगवान हमारे बीच नहीं हैं, बस भाव और विश्वास होना चाहिए। आगे उन्होंने कहा की कोई भी धार्मिक स्थल हो भगवान वहां विराजमान हैं और समय समय पर वो अपनी महिमा के माध्यम से अपनी उपस्थिति दिखाते रहते हैं। हमारा सौभाग्य है की वो पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी नागपंचमी के दिन हम सबों के बीच हैं। मौके पर समाजसेवी प्रशांत कुमार प्रधान, निशांत कुमार प्रधान, सुधा प्रधान, मिताली रश्मि, सन्नी सिंह, अमरजीत कुमार सिंह समेत शिवपुरी सहित हजारीबाग के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## आजसू ने मनाया शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के द्वारा कोडरमा स्थित कार्यालय में शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया। आजसू के जिला अध्यक्ष राजकुमार मेहता की अध्यक्षता में आजसू के समर्पित कार्यकर्ताओं ने बैठक कर शहीद निर्मल महतो के आदर्शों भरे मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। साथ ही शहीद निर्मल महतो के चित्र पर श्रद्धा सुमन से पुष्प माला अर्पित कर उन्हें याद किया। शहादत दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव संतोष सहाय, केंद्रीय कमिटी सदस्य अजीत वर्णवाल उपस्थित हुए। उन्होंने कहा की शहीद निर्मल महतो के विचारों को आत्मसात करके ही झारखंड राज्य को नई दिशा दी जा सकती है। जिला अध्यक्ष राजकुमार मेहता ने कहा कि शहीद निर्मल महतो ने झारखंड राज्य की जनता के मान-सम्मान और अधिकार के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया। शहीद निर्मल महतो के आंदोलन के बदौलत झारखंड अलग राज्य का गठन संभव हुआ हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य से रोहित कुमार, बृजनंदन यादव, जिला युवा अध्यक्ष जितेंद्र कुमार मेहता, किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अंबुज मोहन, सुरेन्द्र कुमार मेहता, कोडरमा नगर अध्यक्ष विराट कुमार, युवा अध्यक्ष शंभू वर्णवाल, शंकर वेद, राहुल यादव, राहुल कुमार, अजय कुमार, सुमन कुमार, राजेंद्र कुमार, विकास कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मुमारक टोला में हो रहा मतांतरण का खेल

- एक दर्जन महिलाएं पहुंची थाना, दिया आवेदन, कार्रवाई की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले में बड़े पैमाने पर मतांतरण का खेल चल रहा है। दारु और कटकमसांडी में अंकुश तो लगा है, परंतु इचाक में अब भी यह बड़े पैमाने पर संचालित हो रहा है। मतांतरण की जद में कई गांव शामिल हैं। ताजा मामला इचाक के बड़काखुर्द पंचायत के ममारक टोला का है, जहां गांव के दो महिला पर ग्रामीण महिलाओं को पैसा और बच्चों को शिक्षा देने के नाम पर मतांतरण करने का आरोप है। इस बाबत इचाक थाना में दो दर्जन से अधिक महिलाओं ने आवेदन देकर थाना प्रभारी से महिलाओं को झाड़ फुंक के बहाने बीमारी ठीक कराने का दावा कर मतांतरण करने का दबाव देने वाली महिलाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। शुक्रवार को थाना में आवेदन देने वालों में ममारक गांव के ही रेखा देवी, वीणा देवी, किरण देवी, मंगिया देवी, ललिता देवी, इंद्रु राम, चंद्रदेव प्रसाद मेहता, जागेश्वर राम, उमा देवी, वीणा देवी आदि शामिल हैं।

**शुक्रवार और रविवार को करती हैं झाड़फूंक, विश्वास दिलाने के लिए होती है गवाही:** थाना पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि दोनों महिलाएं अपने घर में शुक्रवार और रविवार को झाड़ फूंक करती है। ग्रामीणों को आपस में लड़ा देती है और प्रभू येसू की प्रार्थना करने पर उसे ठीक कर देने का भी दावा करती है। थाना आइ दो महिलाओं ने बताया कि उन्हें पांच हजार रुपये मासिक पैसा देने का लालच दे कर महिलाओं को जमा करने और फिर चर्चा लेकर जाने का दबाव बना रही है। बताया कि झाड़फुंक के दौरान महिलाओं के बीच में अपना आदमी बैठाकर गवाही कराती है, जिससे लोगों को विश्वास हो जाए कि उसके द्वारा की जा रहे झाड़फुंक से बिना ऑपरेशन की बीमारी ठीक हो जाती है।

थाना प्रभारी संतोष कुमार से जानकारी लेने पर बताया की थाना में महिलाओं द्वारा आवेदन दिया गया है, मामले की जांच पर वरीय पदाधिकारी को प्रतिवेदन दिया जायेगा, उसके बाद उनके आदेश पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

**डीएसपी नीरज से पूछे जाने पर बताया की:** मामला संज्ञान में आया है। इस बाबत अगर आवेदन दिया जाता है तो कार्रवाई होगी। थाना प्रभारी से इस बाबत बात कर जानकारी प्राप्त कर लेता हूं।

## 28 को भी बड़काखुर्द में हुई थी महापंचायत

इचाक में मतांतरण को लेकर बड़काखुर्द गांव में 28 जुलाई को महापंचायत का आयोजन किया गया था। पूरा गांव बैठकर बड़काखुर्द में मतांतरण का काम कराने वाली महिला को चेतावनी जारी की गयी थी। आरोप था कि प्रत्येक रविवार को अपने आवास पर सत्संग के नाम पर बरका खुर्द की महिलाओं और पुरुषों को पैसे और चमत्कार का झांसा देकर धर्मांतरण करवा रही है।

## कृषि विभाग के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** आइसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में बीएससी एग्रीकल्चर के 2020-2024 बैच के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। मौके पर आइसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कृषि विभाग की तारीफ करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र के क्रांतिकारी बदलाव में यहां के विद्यार्थियों का भी महत्वपूर्ण योगदान हो, ऐसी अपेक्षा रखता हूं। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि यह भावुक क्षण है लेकिन इस बात की खुशी है कि हमारे ये होनहार विद्यार्थी अपने सफल मार्ग की ओर बढ़ते हुए सफलता की मंजिल हासिल कर विश्वविद्यालय ही नहीं बल्कि अपने क्षेत्र, राज्य और देश का भी नाम भी रोशन करेंगे। डीन एडमिन डॉ एसआर रथ और डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा ने भी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर उंचा मुकाम हासिल करने की सलाह विद्यार्थियों को दी। वहीं कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार ने कहा कि इन चार वर्षों के दरम्यान विद्यार्थियों ने जो सीखा है, उसे अमल में लाकर सफल जीवन का आधार बनाये, यही उम्मीद करूंगा। मौके पर कृषि विभाग के अलग-अलग सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये, जिसे मौजूद लोगों ने काफी सराहा। बेहतर प्रदर्शन की बुनियाद पर शैलेश कुमार शर्मा को मिस्टर फेयरवेल और सृष्टि संजुला को मिस फेयरवेल चुन गया। इस दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। बैलुन प्रतियोगिता के लिए अंशु पांडेय, कप प्रतियोगिता में कशिश कुमारी और कुर्सी डांस प्रतियोगिता में मनोज कुमार ने बाजी मारी। कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एसपी विश्वकर्मा, प्रभात किरण और फरहीन सिद्दीकी ने भी विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। मंच संचालन रिया एक्का, पल्लवी सिंह और पूजा कुमारी ने संयुक्त रूप से किया।

## जागृति महिला संघ ने बांटे स्कूल बैग



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** पकरी बरवाडीह और बादम कोयला खनन परियोजना की स्वयंसेवी संस्था जागृति महिला संघ के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय बनहप्पा, हजारीबाग में बच्चों को स्कूली बैग वितरित किया गया। इस स्कूल में सैकड़ों की संख्या में एचआइवी संक्रमित बच्चे पढ़ते हैं जिन्हें प्रोत्साहित करते हुए महिला संघ के द्वारा बैग वितरण किया गया। बैग मिलने के बाद बच्चों के चेहरे पर खुशी कि झलक दिखाई दी और उत्साहित होते हुए सभी ने कहा कि हम और मेहनत से पढ़ाई करेंगे। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा शिक्षा के साथ-साथ इन बच्चों के लिए रहने खाने की व्यवस्था की गई है जहां उनका देखभाल भी किया जाता है। आवासीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जागृति महिला संघ ने आज विद्यालय प्रबंधन को बहुतायत मात्रा में राशन सामग्री मुहैया करवाया जिससे बच्चों का बेहतर पौष्टिक आहार मिल सके। आज मुहैया करवाये गये सामान पकरी बरवाडीह परियोजना की नैगमिक सामाजिक विभाग के सहयोग से जागृति महिला संघ की सदस्यों ने विद्यालय की प्राचार्या को सौंपा। हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब जागृति महिला संघ के द्वारा एचआइवी संक्रमित बच्चों के लिए इस तरह के समान या अन्य सहयोग दी गयी है। इससे पहले भी महिला संघ की सदस्यों के द्वारा कई मौकों पर बच्चों के लिए खाद्यान्न, घरेलू सामान जैसी कई चीजे विभिन्न अंतराल पर दी जाती रही है। इस मौके पर जागृति महिला संघ की अध्यक्षा तजीन फैज, उप अध्यक्षा, मीनाक्षी श्रीवास्तव और संघ के अन्य वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहीं।

## भाजपा ने शुरू किया हर घर तिरंगा अभियान



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भाजपा ने हर घर तिरंगा अभियान तहत शुक्रवार को हजारीबाग के अन्नदा चौक स्थित प्रभु निवास मार्केट में भैया अभिमन्यु प्रसाद के आवास में तिरंगा फहराया गया। बताते चले की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जारी दिशा निर्देश के बाद हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत भारतीय ध्वज तिरंगा फहरा कर किया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह जिला अपाध्यक्ष आनंद देव समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहें। सबों ने मिल कर बीजेपी नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद के आवास पे तिरंगा फहराया और कार्यक्रम के पश्चात मीडिया से बात करते हुए जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने बताया की भाजपा नेता भैया अभिमन्यु के घर से तिरंगा लगा कर हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत हो गयी है और बीजेपी हजारीबाग में हर घर तक तिरंगा ले कर पहुंचेगी और तिरंगा फहरायेगी। वही 15 अगस्त तक कई अन्य कार्यक्रम भी होगा, जिसकी जानकारी उन्होंने साझा की। वही भाजपा नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद ने कहा की यह भाजपा का हर घर तिरंगा अभियान जरूर है पर तिरंगा झंडा हम सब का है इसलिए तमाम भारतवासी से आग्रह होगा की सभी लोग अपने घर में तिरंगा जरूर लगाये। इस मौके पर भाजपा के हरीश श्रीवास्तव, आनंद देव, विनोद झुनझुनवाला, मूलचंद साव, संजय शरण, दिनेश कुशवाहा, सरफराज हैदर, जितेंद्र जैन, प्रमोद सिंह, रोहित कुमार, गोपाल, संतोष प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जयनगर के सोनू साव की मुंबई में मौत परिजनों से मिले विधायक



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डंडाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम कंझीयाड़ीह निवासी सोनू साव मुंबई में दैनिक मजदूरी काम करते थे। स्वास्थ्य खराब होने पर मुंबई अस्पताल में इलाज चल रहा था जैसे डेंगू से उपचार के दौरान निधन हो गया। विधायक अमित कुमार यादव ने परिजनों से मिलने पहुंचे शोकाकुल परिजनों से मिलकर आर्थिक सहायता देकर सांत्वना दिया। उन्होंने कहा की सरकार द्वारा मिलने वाली सरकारी सहायता को जल्द दिलाने का आशवासन दिया। मौके पर महावीर यादव, महादेव शर्मा, अर्जुन चौधरी, बासुदेव साव, डेगन साव, छोटु साव सहित दर्जनों महिला-पुरुष मौजूद थे।

## देवरिया में धूमधाम से मना विश्व आदिवासी दिवस

**भदानीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्व आदिवासी दिवस शुक्रवार को देवरिया फुटबॉल मैदान में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान आदिवासी समाज के लोग एकजुट होकर समाज के वीर शहीद पुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए याद किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने समाज के लोगों से जल, जंगल, जमीन व झारखंड की सभ्यता व संस्कृति को बचाने के लिए एकजुट होकर रहने की अपील की। मौके पर बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस लोगों को यह समझने में मदद करती है कि आदिवासी लोग हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यक्रम में मनोज राम, रामफल बेदिया, धनंजय यादव, झरि मुंडा, राजेंद्र मुंडा, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, अंजू देवी, राजन करमाली, बालेश्वर बेदिया सहित दर्जनों गांवों के सैकड़ों आदिवासी समाज की महिला-पुरुष, युवक-युवती और बच्चे अपनी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए।

## पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आज

**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को पंचायत समिति सदस्यों की एक बैठक आहूत की गयी है। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी और संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप करेंगें। इस बैठक में प्रखंड में संचालित सभी विभागों के पदाधिकारी और कनिय अभियंता सहित अन्य लोग भी उपस्थित होंगें। बैठक में सभी पंचायत समिति सदस्यों की मौजूदगी अनिवार्य बताया गया है।

## विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन, डीसी-एसपी हुए शामिल

# आदिवासियों का रहा है गौरवशाली इतिहास: डीसी

**विश्व आदिवासी दिवस पर बंटी सौगात, 13 व्यक्तिगत और 6 समुदायों को मिला वन पट्टा**





आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** विश्व आदिवासी दिवस रामगढ़ जिले में बेहद अनोखे तरीके से मनाया गया। जिला प्रशासन ने इस मौके पर आदिवासियों को सौगात दी है। यहां 13 लोगों को व्यक्तिगत और 6 समुदायों को वन पट्टा दिया गया है। शुक्रवार को टाउन हॉल भवन में जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम डीसी चंदन कुमार, एसपी अजय कुमार, डीडीसी रॉबिन टोप्पो, एसडीओ आशीष गंगवार सहित अन्य अतिथियों को पौधा और अंग वस्त्र देकर कार्यक्रम में उनका स्वागत किया गया। जिसके उपरांत डीसी और एसपी सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से समारोह का शुभारंभ किया गया।

**आदिवासियों का रहा है गौरवशाली इतिहासः डीसी :** समारोह के दौरान अपने संबोधन में डीसी चंदन कुमार ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी के पूर्वज किसी न किसी समय में आदिवासी समूह का हिस्सा रहे हैं।

**पूरे विश्व के आदिवासी एक हैं: डीडीसी:** समारोह के दौरान डीडीसी रॉबिन टोप्पो ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम आदिवासी समूह के लोगों के लिए खास दिन है। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया जाता है कि विश्व के सभी आदिवासी एक हैं, इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से हम आदिवासी संस्कृति, रहन-सहन, जीवन शैली, जीवन पद्धति और प्रकृति से जुड़ते है।

**आदिवासी समाज को मिली सौगात :** जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस समारोह के दौरान डीसी, एसपी सहित अन्य अतिथियों, अधिकारियों के द्वारा आदिवासी समूह के कुल 13 लोगों को व्यक्तिगत और 6 समूहों को ( 93 डिसमिल) सामुदायिक वन पट्टा प्रदान किया गया। जिला स्तरीय समारोह के दौरान राधा गोविंद स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत, नृत्य सहित अन्य प्रस्तुतियां दी गयी। वहीं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आदिवासी समूह के लोगों को जागरूक करने को लेकर प्रस्तुति दी गई। जिला स्तरीय समारोह के दौरान जिला परिषद सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, नजारत उपसमाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

## आदिवासियों का योगदान और उनके अधिकारों की रक्षा जरूरी: अजय कुमार

**रामगढ़।** शहर के बिजुलिया स्थित लायंस क्लब के सभागार में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के तत्वावधान में शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छोटेलाल करमाली और संचालन प्रदेश महासचिव संदीप उरांव और प्रवक्ता सुमंत कुमार महली ने संयुक्त रूप से किया। समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड राज्य समन्वय समिति दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा, सम्मानित अतिथि एसपी अजय कुमार, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज मुंडा, राष्ट्रीय सलाहकार कैलाश उरांव, मीना उरांव, रामदेव उरांव, संदीप टोप्पो, भिखारी पहान, लालचंद उरांव ने संयुक्त रूप से भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

**समाज में आदिवासियों का योगदान और उनके अधिकारों की रक्षा बेहद जरूरी: एसपी**

समाज में आदिवासियों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण रहा है। प्रकृति के साथ इनका जुड़ाव ही उनकी आत्मा है। यही वजह है कि इनके अधिकारों की रक्षा भी बेहद महत्वपूर्ण है। यह बातें विश्व आदिवासी दिवस पर शुक्रवार को रामगढ़ शहर के लायंस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने कही।

**कृषि से वन क्षेत्र को हो रहा नुकसान: फागू बेसरा**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झामुमो के केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा ने कहा कि कृषि और खनन से वन क्षेत्र को नुकसान हो रहा है। कृषि, खनन आदि के विकास के कारण उनके क्षेत्र में वनों की कटाई बढ़ गई है। जिससे उनकी आजीविका और उनकी विशिष्ट संस्कृति को खतरा है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का इतिहास पुराना है, अंग्रेजों की लड़ाई में आदिवासियों ने अपनी भूमिका निभाई थी। मौके पर समारोह में ज्ञानमणी एक्का, अमित भगत, करोना देवी, कोभीला देवी, संतोष मानकी, सुलेंद उरांव, बासुदेव करमाली, माधवी देवी, प्रकाश करमाली, श्रवण करमाली, सुरेश लिंडा, राजमणी उरांव, बैजनाथ करमाली, सरिता उरांव, सुशीला उरांव, देवलाल मुंडा, सुभाष उरांव, विकेश बेदिया, सुलेंद उरांव, शशि करमाली, रमेश टाईगर, संदीप पहान, भरत करमाली, सन्नी पहान, सुलेंद पहान, सुनील मुंडा, ईश्वर पहान, जोगेंद्र पहान, राजकुमार मुंडा, सुशीला उरांव, पार्वती उरांव, फगन उरांव, बसंती बेदिया, मीना उरांव सहित काफी संख्या में आदिवासी समाज के महिला-पुरुष व बच्चे उपस्थित थे।

## न्यू बिरसा पोटंगा में मना विश्व आदिवासी दिवस



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** विस्थापित कार्यालय न्यू बिरसा पोटंगा में विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा द्वारा शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। सर्व प्रथम विस्थापित समिति के संरक्षक सह झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सदस्य सह विस्थापित नेता सोनाराम मांझी, विस्थापित समिति के अध्यक्ष सूरज बेसरा, झामुमो पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, मोहन सोरेन, गणेश गंझू, बिनोद हेम्ब्रोम, पोटंगा पंचायत उप मुखिया रविन्द्र सोरेन ने झारखंड के वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद - भैरव, फूलो - झानो, तिलका मांझी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। विस्थापित नेता सोनाराम मांझी ने कहा कि आदिवासी के हक और अधिकार को बढ़ावा देना, उनकी रक्षा करना, जल जंगल जमीन और पर्यावरण की रक्षा करना और पर्व त्योहार, परम्परा, भाषा और सांस्कृति की रक्षा करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। मौके पर समिति के मोहन सोरेन, बिनोद हेम्ब्रोम, जूरा सोरेन, पोटंगा पंचायत उप मुखिया रविन्द्र सोरेन, साहेबराम बेसरा, दिनेश टुडू, पंकज हेंब्रम, प्रेम सोरेन, विजय सोरेन, सुखराम बेसरा, आनंद बेसरा, अजय करमाली, संजय सोरेन, राजेंद्र गंझू, बिनोद सोरेन, किशोर करमाली, राजकुमार बेसरा, मिथुन सोरेन, संदीप करमाली, बंशी मुर्मू, अजय मरांडी, भोला सिंह आदि उपस्थित थे।

## भाजपा के रामगढ़ जिला मंत्री संजीव और जिला कोषाध्यक्ष बने अशोक सोनी



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी ने पटेलनगर भुरकुंडा निवासी संजीव कुमार बाबला को पुनः रामगढ़ जिला मंत्री और सुंदरनगर भुरकुंडा निवासी अशोक सोनी को रामगढ़ जिला समिति का कोषाध्यक्ष मनोनित किया है। साथ ही आशा व्यक्त किया गया है कि इन दोनों के नेतृत्व में रामगढ़ जिला में भाजपा और मजबुती के साथ कार्य करेगा। इधर नवमनोनित जिला मंत्री संजीव कुमार बाबला और कोषाध्यक्ष अशोक सोनी ने अपने मनोनयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए भाजपा पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ हमें यह दायित्व सौंपा गया उस पर खरा उतरना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। इनके मनोनयन पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और राज्य 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। साथ ही दोनों को अग वस्त्र ओढ़ाकर और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इनके मनोनयन पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और राज्य 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद भाजपा और रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी, रंजन पांडेय, ज्योति कुमार, महेंद्र सिंह, कन्हैया यादव, शंकर प्रसाद, मुन्ना यादव, नरेंद्र सिंह, गोरे कुमार, नीरज सिंह, विद्या श्रीवास्तव, सुरज शर्मा, रोशन नायक, प्रदीप मांझी सहित दर्जनों लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# गोला में विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम



**गोला (आजाद सिपाही)।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर चंद्रप्रकाश चौधरी इंटर कॉलेज में आजसू आदिवासी महासभा ने जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो मौजूद थे। सांसद ने मौजूद आदिवासी समाज के लोगों से कहा कि आज आदिवासी समाज को सरकार नजर अंदाज कर रही है। आज आदिवासी समाज को जागरूक होने की आवश्यकता है। आदिवासी समाज को पूरे विश्व में धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। इससे उनका अस्तित्व मिट रहा है। समाज के लोगों से अपील है कि गांव के घर घर जाकर आदिवासी परिवार को जागरूक करें। उनका महत्व को बताये। हम सरकार से मांग करते हैं कि प्रत्येक गांव के गोडायत पहान को पेंशन देकर सम्मानित किया जाये। ताकि उनको सम्मान मिल सके। विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित आदिवासी को शुभकामनाएं देते हुए कही कि आज पूरे विश्व में आदिवासी दिवस मना रहे हैं। आज यदि जल जंगल जमीन को बचाना है तो पहले आदिवासी को बचाना होगा। आदिवासी समाज ही एक मात्र ऐसा समुदाय है जो जल, जंगल, जमीन और प्रकृति संरक्षक के पूजक है। जल जंगल जमीन ही आदिवासी की पहचान है। मौके पर मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, जिप अध्यक्ष सुधा चौधरी, केंद्रीय सदस्य अशोक कुमार महतो, जिप सदस्य जलेश्वर महतो, सरस्वती देवी गोला प्रमुख गीता, दीपक मुंडा, प्रकाश करमाली, गुड्डू करमाली आदि थे।

## आदिवासी दिवस पर बांटे गये 77 वन पट्टा

# प्रकृति का सच्चा सेवक है आदिवासी समुदायः भोक्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** राज्य के श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, उपायुक्त रमेश घोलप आज सदर प्रखंड के सरना टोंगरी पकरिया में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। माननीय मंत्री श्री भोक्ता ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इसके उपरांत जिला प्रशासन की ओर से वन पट्टा वितरण कार्यक्रम के तहत लाभुकों के बीच 58 व्यक्तिगत तथा 19 समूह के बीच कुल 77 वन पट्टा का वितरण किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम सभी को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि यह दिन आदिवासी समुदायों की संस्कृति, अधिकार और उनके प्रति सम्मान बढ़ाने के लिए समर्पित है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य आदिवासी लोगों की विविधता और उनके सांस्कृतिक योगदान को मान्यता देना है। साथ ही उनके मानवाधिकारों की रक्षा और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना है। उपायुक्त ने अपने संबोधन में सभी को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 21 से 50 वर्ष की बहनों को झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से लाभान्वित करने हेतु पंचायत और नगर परिषद क्षेत्र में 15 अगस्त तक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार ऑफलाइन आवेदन भी लिए जा रहे हैं। सभी योग्य बहनों से अपील है कि अपने नजदीकी शिविर में जाकर आवेदन जमा करें और योजना का लाभ लें। उपायुक्त ने आगे कहा कि आज कुल 77 वन पट्टा का वितरण किया गया। इसके लिए जिला स्तर पर स्वीकृति हेतु तीन दिनों में दो बार बैठक की गयी। जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य नियम संगत सभी आमजनों के समस्याओं का निराकरण करना है। कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, जिला कल्याण पदाधिकारी अलका कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी हरि नाथ महतो, अंचल अधिकारी अनिल कुमार, राजद के जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव, समाजसेवी रश्मि प्रकाश, शोभा कुजूर, निर्मला केरकेटा, महेश बांडो, अनिल मिंज समेत कई मौजूद थे।

## भाजपा पतरातू मंडल की हुई बैठक

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पीटीपीएस स्थित भाजपा के आवासीय कार्यालय में शुक्रवार को भाजपा पतरातू मंडल के तत्वावधान में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा पतरातू मंडल अध्यक्ष राजाराम प्रजापति और संचालन महामंत्री पंकज कुमार सिंह के द्वारा किया गया। बैठक में भाजपा प्रदेश के निर्धारित कार्यक्रमों के निमित बारह अगस्त से पंद्रह अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित की गयी है। जिसमें तिरंगा यात्रा, महापुरुषों के प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान आदि कार्यक्रम आयोजित की जायेगी। बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुनः भाजपा पतरातू मंडल अध्यक्ष राजाराम प्रजापति को अध्यक्ष और जिला संयोजक कार्यक्रम प्रभारी योगेश दांगी को बनाये जाने पर पतरातू मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा पतरातू मंडल के उपाध्यक्ष किशोर कुमार महतो, रामेश्वर महतो, उपाध्यक्ष अवधेश सिंह, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर, असलम अंसारी, अमित कुमार सिंह, अमित यादव, अशोक ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र में दो अलग अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी। पहली घटना क्षेत्र के सीसीएल न्यू कुजू साइडिंग के पीछे स्थित तालाब में तीन दिनों से लापता एक युवक का शव मिला। जानकारी के अनुसार, पिछले तीन दिनों से तोपा माइनस क्वार्टर (मूल रूप से बुंडू निवासी) 22 वर्षीय जगरनाथ मुंडा पिता स्व सुकरा मुंडा लापता था। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर शव का शिनाख्त की। बताया जाता है कि मिर्गी बीमारी होने के कारण युवक तालाब में जा गिरा और डूबने से उसकी मौत गयी। वही, दूसरी घटना पैंकी फोरलेन सड़क पर हुई। जहां हाइवा और ट्रेलर की जोरदार टक्कर में ट्रेलर चालक जोधपुर राजस्थान निवासी 25 वर्षीय मुकेश कुमार पिता भगवान राम की मौत हो गयी। बाद में कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। बताया जाता है कि हजारीबाग से रांची की ओर जाने के क्रम में हाइवा को ट्रेलर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें ट्रेलर चालक की मौत हो गयी।

## पैंकी में धूमधाम से मना विश्व आदिवासी दिवस

**कुजू ।** आदिवासी समाज द्वारा बिरसा चौक पैंकी में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान आदिवासी समाज के सोशल वर्कर और भाजपा एसटी मोर्चा के युवा नेता रामचल मुंडा के नेतृत्व में सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा को याद करते हुए उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। जिसके बाद समाज के लोगों ने समाज के उत्थान के लिए संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया। इससे पूर्व, पुजारी फूलो मुंडा द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना किया गया। जिसके बाद उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर निर्मल करमाली, शंकर करमाली, पवन मुंडा, अमरदीप मुंडा, बरतू मुंडा, नागेश्वर मुंडा, कैलाश मुंडा, साबो देवी, सुशीला देवी, पूनम देवी, शुक्रमणि देवी, बसंती देवी, रूपा देवी, मनीता देवी, दशमी देवी आदि मौजूद रहे।

**पूर्व मध्य रेल**


**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। (1) **ई-निविदा संख्याः** पूमरे-मुप्रअ-नि-द-ईटीईएन-20-24-25 एकल पैकेट सिस्टम, **कार्य का नामः** उम मुख्य अभियन्ता (नि.)/ पूमरे/बरकाकाना के अधिकार क्षेत्र में गढ़वा रेल ओवर रेल परियोजना के लिए गढ़वा रोड स्टेशन पर समग्र गर्डर पर स्थैतिक और गतिशील भार परीक्षण का संचालन करना और विभिन्न परियोजनाओं के मौजूदा पुलों की पर्याप्तता की जांच करना, **अंकलित मूल्य (रू.):** 68,25,835.24, **बोली प्रतिभूति (रू.):** 1,36,500.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 03 महीने, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 29.08.2024, 15:30 बजे। ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। कुचले गये। उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइटः http://www.ireps. gov.in पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्यः** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्दिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना।**

पीआर/00872/सीओएनएस/ईएनजीजी/टी/24-25/40

**AFFIDAVIT**



As per Affidavit Ref. No. 768 Dated 09.08.2024 I. Sheela Kumari, W/o Arjun Manjhi, aged about-32 years, by faith-Hindu (Sarna) by occupation-Housewife, by nationality-Indian, R/o Vill-Hesagarha, P.O-Kuju, P.S-Mandu, Distt-Ramgarh(Jharkhand), do hereby solemnly affirm and declare as follows:-1. That my dauhter's actual and correct name is **Ashi Tudu** D/o Arjun Manjhi which has been mentioned in her Birth Certificate bearing Reg. No-B-2024:20-03038-000016, dated-08/04/2024. 2. That my daughter's name has been mentioned as **Kaethrin Tudu D/o Arjun Tudu** in her Aadhar card bearing No-7450 0435 2499. 3. That this affidavit is required for rectified my daughter's name **Ashi Tudu D/o Arjun Manjhi** in plce of **Kaethrin Tudu D/o Arjun Tudu** in her Aadhar card from authority concerned for doing needful purpose.

4. That the above statements are true and correct.

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 4017 Dated 19.07.2024 I, **VIKRAM KUMAR DAS**, aged about 24 years, S/O Ramchandra Ravidas, resident of Khamhara Harijan Tola, P.O.- I.E. Gomia, P.S.- I.E.L. Gomia, District-Bokaro (Jharkhand), PIN-829112 do hereby solemnly affirm and declare as follows:-1. That, my Nationality is Indian. 2. That, my Aadhaar Card No. is 7309 6067 7859 and PAN Card No. HJUPD1904A in which my name has been mentioned as **VIKRAM KUMAR DAS.** 3. That, I am Bank account holder of Bank of India, Gomia Branch being Account No. 481110110013683 in which my name has been mentioned as **VIKRAM KUMAR RAVIDAS** which is required to corrected as **VIKRAM KUMAR DAS.**

4. That, VIKRAM KUMAR DAS and VIKRAM KUMAR RAVIDAS are the names of same and one person i.e. myself. 5. That, I am swearing this affidavit for rectification my name as VIKRAM KUMAR DAS in place of VIKRAM KUMAR RAVIDAS in my said Bank Account of Bank of India, Gomia Branch. 6. That, the contents made above are true and correct, if found false, I shall be punishable under law.

# पूर्व प्रमुख स्व रिझूनाथ चौधरी की 10वीं पुण्यतिथि मनी

**पूर्व प्रमुख स्व रिझूनाथ चौधरी झारखंड अलग राज्य आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई थी : मनोज**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** आजसू पार्टी जिला कार्यालय में अलग झारखंड राज्य आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले जुझारू नेता सह रामगढ़ प्रखंड के पूर्व प्रमुख स्व रिझूनाथ चौधरी की 10 वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि श्री महतो ने स्व रिझूनाथ चौधरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्व रिझूनाथ चौधरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

**स्व रिझूनाथ चौधरी अलग झारखंड राज्य के बहुत बड़े समर्थक थेः** मौके पर मनोज कुमार महतो ने कहा की पूर्व प्रमुख स्व रिझूनाथ चौधरी अलग झारखंड राज्य के बहुत बड़े समर्थक थे। यही कारण है कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन में उन्होंने बढ़ चढ़कर भाग लिया था। कहा कि पूर्व प्रमुख स्व रिझूनाथ चौधरी रामगढ़ जिला को शिक्षा के हब के रूप में देखना चाहते थे। साथ ही वे चाहते थे के समाज में सभी लोग शिक्षित हों। उनका मानना था की एक शिक्षित व्यक्ति ही अपने अधिकारों को समझ सकता है।

कार्यक्रम में अरुण अग्रवाल, नीरज मंडल, पंकज वर्णनवाल, अनुज तिवारी, उत्तम पासवान, बिट्टी सिंह छाबड़ा, दिनेश स्टील, बिट्टू सिंह चंडोक, पप्पू जास्सल,अनुपमा सिंह, मीरा देवी, रोहित सोनी, राकेश सिन्हा, लेखराज महतो, दीपू गुप्ता, बॉबी वर्मा, विक्की ठाकुर, मुन्ना प्रसाद, पिंकी शर्मा, मंजू देवी, नीलम देवी, प्रीति माला, बॉबी देवी, आनंद चौधरी, पंकज कुशवाहा, रिंकू कुशवाहा, राजीव महतो आदि शामिल थे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2024/29, दिनांक: 09/08/2024।** "ई" प्राप्ति प्रणाली हेतु निविदा। भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय कार्यालय (5वीं मंज़िल), नया प्रशासनिक भवन, 11, गार्डन रीच रोड, कोलकाता-700043 खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं, जिन्हें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निम्नानुसार अपलोड किया गया है। सभी निविदाएं **दोपहर 2.00 बजे** बंद कर दी जाएंगी। **क्र.सं.; निविदा संख्या; निर्धारित तारीख; संक्षिप्त विवरण; मात्रा** और **जमा बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: **1; 33243073ए;** 23.08.2024; बोगी के लिए दोनों तरफ एंड फिटिंग के साथ फ्लेक्सिबल होस (650 मिमी); 1800 अदद और ₹ 56,220। **2; 30243629;** 04.09.2024; 900 किलोग्राम क्षमता के वर्टिकल अनुप्रयोगों के लिए डबल एक्टिंग हाइड्रोलिक शॉक एब्जॉर्बर; 500 अदद और ₹ 56,710। **3; 33243021;** 09.09.2024; ट्रैक्शन सेंटर (लीवर); 400 अदद और ₹ 54,200। **4; 40241590;** 28.08.2024; पतली दीवार वाली इलेक्ट्रॉनिक बीम विकिरणित/रासायनिक रूप से ठीक आदि; 3290 एमटीआर और ₹ 1,62,550। **5; 40241591;** 29.08.2024; पतली दीवार वाली इलेक्ट्रॉनिक बीम विकिरणित/रासायनिक रूप से ठीक क्रॉस लिंक्ड आदि; 5000 एमटीआर और ₹ 1,84,080। **6; 40241635;** 29.08.2024; तांबे आदि के साथ पतली दीवार वाली लचीली इलास्टोमेरिक केबल; 16000 एमटीआर और ₹ 50,980। **7; 65245018;** 30.08.2024; ईओटी क्रेन 50 टन क्षमता; 03 अदद और ₹ 5,94,080। **8; 38243340ए;** 29.08.2024; उन्नत एचटीसीबीसी के लिए योक; 550 अदद और ₹ 2,51,810। **9; 38241568;** 05.09.2024; कैशनब बोगी की ऊंचाई समायोजन के लिए 37 मिमी. पैकिंग; 3340 अदद और ₹ 55,970। **10; 38243932ए;** 18.09.2024; बीओएक्सएनएचएल वैगन के लिए नया डोरवे स्टिफिनिंग क्रॉस बार; 11004 अदद और ₹ 7,60,900। **11; आईजी246057;** 10.09.2024; सिंक्रोनाइज़्ड लिफ्टिंग जैक्स इलेक्ट्रिकल ऑपरेटेड स्क्रू जैक्स; 01 सेट और ₹ 66,000। **12; आईजी246088;** 26.08.2024; पूरी तरह से स्वचालित जैव-रसायन विश्लेषक (आईएसई के साथ); 01 अदद और ₹ 57,280। **13; आईजी245137;** 11.09.2024; एसीबी, एमसीसीबी आदि सम्मिलित एलटी वितरण पैनल की आपूर्ति, स्थापना, जांच और शुरुआत; 05 अदद और ₹ 1,16,750। **14; आईजी246121;** 12.09.2024; एनडब्ल्यू 70 आकार की लचीली नालीदार पॉलियामाइड कॉन्डुइट (आईडी : 66.5+/- 0.3 मिमी., ओडी: 80.0+/- 0.2 मिमी. आदि; 2368 एमटीआर और ₹ 52,100। **15; 33243017ए;** 28.08.2024; एक्सल बॉक्स पिवोट बुश; 9000 अदद और ₹ 10,78,780। **16; 30243539;** 02.09.2024; पॉलीएसीटल प्रोटेक्टिव ट्यूब; 7000 अदद और ₹ 60,630। **17; 33240014;** 12.09.2024; एलएचबी कोचों के लिए अर्थिंग रेसिस्टर; 13000 अदद और ₹ 79,150। **18; एचबी235894बी;** 29.08.2024; अपर गैस्ट्रो इंटेस्टाइनल स्कोप (डायग्नोस्टिक और चिकित्सीय के लिए) वाले वीडियो एंडोस्कोप यूनिट की आपूर्ति, स्थापना, जांच और शुरुआत आदि; 01 सेट और ₹ 1,10,110। **19; आईई245928;** 30.08.2024; एन, ओ एवं आर टाइप पोर्टल; 42.82 एमटी और ₹ 87,920। **20; ओआई245023;** 07.09.2024; 60 एमटी की क्षमता के स्टेटिक इलेक्ट्रॉनिक रोड वेट ब्रिज की आपूर्ति, स्थापना और शुरुआत आदि; 01 अदद और ₹ 50,060। **21; आईई245363ए;** 02.09.2024; सीबीसी: शैंक वियर प्लेट के साथ कपलर बॉडी; 500 अदद और ₹ 3,50,460। **22; आईई235702;** 02.09.2024; रोटरी स्क्रू विद्युत चालित एयर कंप्रेसर 500 सीएफएम; 01अदद और ₹ 54,000। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/ स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन मदों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र. :** अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने तथा तत्पश्चात प्रकाशित किसी भी संशोधनी के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं।

**(PR-469)**

# बांग्लादेश में अंतरिम सरकार

बांग्लादेश के नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार को अंतरिम सरकार के मुखिया के तौर पर शपथ ग्रहण किया। इसके साथ ही शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद छोड़ने को मजबूर होने और देश छोड़ने के बाद नेतृत्वहीनता जैसी स्थिति से गुजर रहे बांग्लादेश में एक ऐसी सरकार बन गयी, जिस पर देश को उथलपुथल के इस दौर से निकाल कर वहां शांति व्यवस्था और सामान्य स्थिति कायम करने की जिम्मेदारी है। मोहम्मद यूनुस दुनिया के 32वें नोबेल पुरस्कार विजेता हैं, जिन पर किसी देश को नेतृत्व देने की जिम्मेदारी आन पड़ी। यह बांग्लादेश के लोगों के बीच उनकी विश्वसनीयता का सबूत है कि जो लोग छात्र आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे, उनकी ओर से उनका नाम इस जिम्मेदारी के लिए सुझाया गया। इसके पीछे कुछ भूमिका इस तथ्य की भी होगी कि वह अर्से से हसीना सरकार के निशाने पर रहे हैं। इसके बावजूद कि गरीबों को छोटे-छोटे लोन देकर उन्हें गरीबी से निकालने का उनका आइडिया न केवल बांग्लादेश में सफल रहा, बल्कि उसकी तर्ज पर ग्रामीण बैंक का प्रयोग करीब 100 अन्य देशों में चलाया जा रहा है। इसमें दो राय नहीं कि व्यक्तिगत तौर पर मोहम्मद यूनुस उदार और आधुनिक विचारों वाले शख्स हैं, जिनकी प्राथमिकता विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की होगी। लेकिन असल सवाल यह है कि अंतरिम सरकार के मुखिया के तौर पर उनके हाथों में कितनी ताकत रहती है। आखिर उन्हें सेना, राष्ट्रपति और जमात और बीएनपी जैसी राजनीतिक ताकतों की ओर से डाले जा रहे दबावों के बीच काम करना होगा। हसीना सरकार के खिलाफ चल रहे छात्र आंदोलन को आखिरी पलों में जिस प्रकार भारत विरोधी और सांप्रदायिक रूप देने की कोशिश की गयी, उससे साफ है कि वहां भारत विरोधी और कट्टरपंथी ताकतें मौके की ताक में बैठी हैं। हालांकि यूनुस भी इन बातों को समझते हैं। उन्होंने नयी जिम्मेदारी की पेशकश स्वीकारने के बाद यह साफ कर दिया कि भारत से रिश्ते सुधारने के कई मौके मिलेंगे और यह उनकी प्राथमिकता में है। भारत भी हर मौके पर यह साफ करता रहा है कि बांग्लादेश के आंतरिक मामलों से सम्मानजनक दूरी बनाये रखते हुए भी वह न केवल उसके साथ विशिष्ट और करीबी रिश्ता कायम रखना चाहता है, बल्कि विकास की उसकी यात्रा में योगदान भी जारी रखना चाहता है। बहरहाल, अंतरिम सरकार एक तात्कालिक व्यवस्था ही है, जिसका उद्देश्य देश में सामान्य स्थिति कायम करके जल्द से जल्द एक एक निर्वाचित सरकार के हाथों में सत्ता सौंपना है। ऐसे में देखना होगा कि अगले कुछ दिनों और महीनों में वहां किस तरह का माहौल बनता है और लोकतांत्रिक शक्तियां मौजूदा चुनौतियों का सामना कितनी मजबूती से करती हैं।

**हसीना सरकार के खिलाफ चल रहे छात्र आंदोलन को आखिरी पलों में जिस प्रकार भारत विरोधी और सांप्रदायिक रूप देने की कोशिश की गयी, उससे साफ है कि वहां भारत विरोधी और कट्टरपंथी ताकतें मौके की ताक में बैठी हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**डब्ल्यूएचओ का अनुमान है कि लगभग 1.8 बिलियन लोग, जो कि वैश्विक आबादी का लगभग 1/4 हिस्सा है, टीबी से संक्रमित हैं। हर साल लगभग 13 लाख बच्चे टीबी से बीमार पड़ते हैं। यह दुनिया भर में मौतों के लिए उत्तरदायी प्रमुख संक्रामक कारणों में से एक है। पिछले साल, टीबी को कोविड-19 के बाद दुनिया में किसी एक संक्रामक एजेंट से होने वाली मौतों के दूसरे प्रमुख कारण के रूप में दर्ज किया गया। यह एचआइवी/एड्स से लगभग दोगुनी मौतों का कारण रहा। 2022 में, 1.06 करोड़ लोग टीबी से संक्रमित हुए और 14 लाख लोगों की मौत हुई। टीबी के कारण प्रतिदिन 3500 मौतें होती हैं।**

# 'टीबी-मुक्त भारत' बनाने को लेकर भारत की प्रतिबद्धता

डॉ मनीषा वर्मा




सबसे बड़ी जानलेवा बीमारियों में से ए, क्षयरोग (टीबी) एक संक्रामक बीमारी है जो दुनिया के हर हिस्से में पायी जाती है। यह वैश्विक चिंता का एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा बना हुआ है। भारत इस बीमारी का सर्वाधिक भार वहन करने वाले देशों में से एक है। केंद्र और राज्य सरकारें सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 2030 के तहत वैश्विक लक्ष्य से पांच साल पहले ही 2025 तक इसे समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**टीबी का वैश्विक-भार :** टीबी माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस के कारण होने वाला एक संक्रामक वायुजनित रोग है। डब्ल्यूएचओ का अनुमान है कि लगभग 1.8 बिलियन लोग, जो कि वैश्विक आबादी का लगभग 1/4 हिस्सा है, टीबी से संक्रमित हैं। हर साल लगभग 13 लाख बच्चे टीबी से बीमार पड़ते हैं। यह दुनिया भर में मौतों के लिए उत्तरदायी प्रमुख संक्रामक कारणों में से एक है। पिछले साल, टीबी को कोविड-19 के बाद दुनिया में किसी एक संक्रामक एजेंट से होने वाली मौतों के दूसरे प्रमुख कारण के रूप में दर्ज किया गया। यह एचआइवी/एड्स से लगभग दोगुनी मौतों का कारण रहा। 2022 में 1.06 करोड़ लोग टीबी से संक्रमित हुए और 14 लाख लोगों की मौत हुई। टीबी के कारण प्रतिदिन 3500 मौतें होती हैं। क्षयरोग विभिन्न सामाजिक, आर्थिक तथा स्वास्थ्य-संबंधी जोखिम कारकों द्वारा गहनता से प्रभावित होता है। ये कारक हैं - कुपोषण, मधुमेह, एचआइवी संक्रमण, मद्य-सेवन से होने वाले विकार और धूम्रपान। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, 2020 में वैश्विक स्तर पर, टीबी के अनुमानित 19 लाख मामले कुपोषण के कारण, 7.4 लाख एचआइवी संक्रमण के कारण, 7.4 लाख मद्य-सेवन से उत्पन्न विकारों के कारण, 7.3 लाख धूम्रपान के कारण और 3.7 लाख मधुमेह के कारण थे। हालांकि, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर इसमें भिन्नताएं हैं। उदाहरण के लिए झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाली शहरी आबादी में इसका विस्तार अधिक देखा गया है।

**विश्व के 87% टीबी मामलों का भार उच्च संक्रमण वाले 30 देशों पर है।**

विश्व के 87% टीबी मामलों का भार उच्च संक्रमण वाले 30 देशों पर है। इनमें से, वैश्विक कुल बोझ का दो-तिहाई हिस्सा आठ देशों में पाया गया। कुल वैश्विक मामलों में भारत की 27% की बड़ी हिस्सेदारी है, जिसके बाद इंडोनेशिया (10%), चीन (7.1%), फिलीपींस (7.0%), पाकिस्तान (5.7%), नाइजीरिया (4.5%), बांग्लादेश (3.6%) और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (3.0%) का स्थान आता है।

**भारत की प्रगति की सराहना :** विश्व स्वास्थ्य संगठन की वैश्विक टीबी रिपोर्ट 2023 ने भारत को क्षयरोग-मुक्त देश बनाने की दिशा में इसकी उल्लेखनीय गतिविधियों और हस्तक्षेपों के लिए श्रेय दिया है। 2015 से (2022 तक) क्षयरोग की घटनाओं में 16 प्रतिशत और इसके कारण होने वाली मृत्यु दर में 18 प्रतिशत की कमी लाने में भारत की अत्यधिक महत्त्वपूर्ण प्रगति की सराहना की है।

**भारत को सराहना मिली :** भारत को अपनी तीव्र केस-डिटेक्शन रणनीतियों के लिए सराहना मिली है, जिनके कारण 2022 में अब तक के सबसे अधिक मामले अधिसूचित हुए और 24.22 लाख से अधिक टीबी मामलों की ये अधिसूचनाएं पूर्व-कोविड स्तरों को पार कर गयीं। 2023 में 25.5 लाख टीबी मामलों की अधिसूचना के साथ एक रिकॉर्ड अधिसूचना दर्ज की गयी। इनमें से 17.1 लाख टीबी मामले सार्वजनिक क्षेत्र में अधिसूचित किये गये, जबकि 8.4 लाख निजी क्षेत्र द्वारा अधिसूचित किये गये। कुल अधिसूचनाओं के 33% पर, यह अब तक का उच्चतम योगदान था। विभिन्न हस्तक्षेपों के माध्यम से निजी क्षेत्र के साथ केंद्रित और लक्षित जुड़ाव के परिणामस्वरूप निजी क्षेत्र की अधिसूचना में पिछले नौ वर्षों में आठ गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, उपचार कवरेज अनुमानित टीबी मामलों के 80 प्रतिशत तक बढ़ गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 19 प्रतिशत की वृद्धि है। एक उत्साहजनक अवलोकन में, डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट यह भी स्वीकार करती है कि भारत में गिरावट की गति वैश्विक टीबी घटनाओं में कमी की गति से लगभग दोगुनी है, जो कि 8.7 प्रतिशत है। इसके अलावा, डब्ल्यूएचओ ने टीबी मृत्यु दर में अधोमुखी संशोधन है (2021 में 4.94 लाख से 2022 में 3.31 लाख तक)। 34 प्रतिशत से अधिक की कमी नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) से एकत्र किए गए 2014-2019 के मृत्यु-कारण आंकड़ों पर आधारित है।

**भारत को टीबी-मुक्त बनाने के लिए प्रमुख पहल :** यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि यद्यपि क्षयरोग बहुत संक्रामक है, परंतु यदि इसका यथासमय पता चल जाये और पूरा उपचार हो जाये तो यह पूरी तरह से रोकथाम-योग्य और उपचार-योग्य रोग है। वैश्विक टीबी की घटनाओं के उच्चतम बोझ से दबी भारत सरकार ने टीबी की समस्या से मिशन मोड में निपटने का फैसला किया है। संयुक्त राष्ट्र और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने टीबी महामारी को समाप्त करने की प्रतिबद्धता जतायी है। टीबी एसडीजी लक्ष्य 3.3 का हिस्सा है, जिसमें कहा गया है: एड्स, क्षयरोग, मलेरिया और उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोगों की महामारियों को समाप्त करना और हेपेटाइटिस, जल-जनित रोगों और अन्य संक्रामक रोगों से 2030 तक निपटना। परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में घोषणा की कि भारत वैश्विक लक्ष्य से पांच साल पहले यानी 2025 तक टीबी को देश से खत्म कर देगा। इसने नीति-निर्माताओं और टीबी-मुक्त भारत की दिशा में काम करने वाली एजेंसियों को केंद्रित ऊर्जा के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया है। मार्च 2023 में वाराणसी में स्टॉप टीबी पार्टनरशिप मीटिंग में, टीबी-मुक्त समाज सुनिश्चित करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए पीएम ने कहा कि ह्यभारत ने 2014 के बाद टीबी से निपटने के लिए जिस प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प के साथ खुद को समर्पित किया है, वह अभूतपूर्व है।

## भारत के प्रयास महत्वपूर्ण

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के प्रयास महत्त्वपूर्ण हैं, क्योंकि यह टीबी के खिलाफ वैश्विक-युद्ध का नया मॉडल है। भारत के प्रयासों को वैश्विक प्रशंसा मिली है। स्टॉप टीबी पार्टनरशिप की कार्यकारी निदेशक डॉ लुसिका दितिउ ने टीबी से निपटने में भारत के प्रयासों एवं टीबी-मुक्त भारत पहल की सराहना की। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत 2025 तक टीबी को खत्म कर देगा और इससे वैश्विक टीबी के बोझ में भारी कमी आयेगी। भारत को 2025 तक टीबी-मुक्त बनने के अपने लक्ष्य को पूरा करने में दो साल से भी कम समय शेष है, इसलिए आगे बढ़ने का दृष्टिकोण रोग की रोकथाम पर ध्यान केंद्रित करना और टीबी के निदान एवं उपचार में सेवाओं के कवरेज को बढ़ाना है। यह देखना उत्साहजनक है कि सरकारों, सहायता एजेंसियों और समुदायों के निरंतर प्रयासों से भारत में टीबी के मिसिंग मामलों की संख्या 2015 में 1 मिलियन से घटकर 2023 में 0.26 मिलियन रह गयी है। 2025 तक टीबी से संबंधित सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) को लागू कर रहा है।

**(लेखक : भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में अतिरिक्त महानिदेशक (मीडिया 7 संचार) हैं। ये उनके निजी विचार हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

संसद में राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान हुई तीखी बहस

# आपका टोन ठीक नहीं : जया बच्चन

### होंगी आप सेलिब्रिटी, लेकिन गरिमा का ध्यान रखें : धनखड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** संसद में राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान सपा सांसद जया बच्चन ने सभापति जगदीप धनखड़ की टोन पर आपत्ति जतायी। धनखड़ ने सपा सांसद को जया अमिताभ बच्चन कह कर संबोधित किया था। इस पर जया ने कहा कि मैं कलाकार हूं। बॉडी लैंग्वेज समझती हूं। एक्सप्रेशन समझती हूं। मुझे माफ कीजिए, लेकिन आपके बोलने का टोन स्वीकार नहीं है। जया की इस बात से धनखड़ नाराज हो गये।

सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आप अपनी सीट पर बैठ जाइये। आप जानती हैं कि एक एक्टर को डायरेक्टर कंट्रोल करता है। मैं हर दिन अपनी बात दोहराना नहीं चाहता। हर दिन मैं स्कूली शिक्षा नहीं देना चाहता।

सभापति जगदीप धनखड़ ने आगे कहा कि आप मेरी टोन पर सवाल उठा रही हैं। इसे बर्दाश्त नहीं करूंगा। आप सेलिब्रिटी हों या कोई और आपको डेकोरम बनाकर करना होगा। आप सीनियर मेंबर चेयर को नीचा दिखा रही हैं।

बहस के बाद धनखड़ ने राज्यसभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी। उधर, लोकसभा की कार्यवाही भी अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गयी है।

### जया बोलीं : मुझे माफी चाहिए

जया और धनखड़ के बीच विवाद के दौरान राज्यसभा में हंगामा हुआ। विपक्षी सांसदों ने दादागिरी नहीं चलेगी के नारे लगाये और राज्यसभा से वॉकआउट कर गये। फिर लंच ब्रेक हो गया। जया बच्चन ने बाहर निकल कर मीडिया से कहा- जब विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे बोलने के लिए खड़े हुए तो उन्होंने (सभापति ने) माइक बंद कर दिया। वे हर बार असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि आपके सेलिब्रिटी होने से मुझे परवाह नहीं है। मैं उनसे परवाह करने के लिए नहीं कह रही हूं। मुझे माफी चाहिए।

# उत्तरप्रदेश और बिहार में गंगा उफान पर वाराणसी में घाट किनारे 500 मंदिर डूबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश और बिहार में तेज बारिश के चलते गंगा नदी दोनों राज्यों के कई जिलों में उफान पर है। उत्तरप्रदेश के बलिया में गंगा खतरे के निशान से 1 मीटर ऊपर बह रही है। वहीं, वाराणसी में गुरुवार देर रात तक गंगा का जलस्तर 69 मीटर से ज्यादा हो गया। इससे 85 घाट डूब गये। घाट के किनारे के 500 मंदिर भी नदी में समा गये हैं।

उधर बिहार के पटना और बक्सर में भी गंगा खतरे के निशान से ऊपर है। यहां गंडक, बागमती और कोसी नदी भी उफान पर हैं।

डिजास्टर मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के अनुसार पश्चिम चंपारण, सुपौल, नालंदा और गया जिलों की चार हजार की आबादी बाढ़ की चपेट में है।

**हिमाचल में बादल फटने के 8 दिन बाद 13 शव मिले :** हिमाचल प्रदेश में बादल फटने (31 जुलाई) के 8 दिन बाद गुरुवार को 13 शव मिले। समेज में बादल फटने के बाद कई लोग लापता बताये गये थे। प्रदेश में बीते 24 घंटे के दौरान तेज बारिश के कारण 194 सड़कें वाहनों के लिए बंद पड़ी है। इनमें शिमला जिला में सबसे ज्यादा सड़कें बंद हैं। प्रदेश में इस मानसून सीजन के दौरान 98 घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके है, जबकि 205 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। इस मानसून सीजन में 802 करोड़ रुपए की चल व अचल संपत्ति भी भारी बारिश की भेंट चढ़ी है।

## सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी परीक्षा स्थगित करने की याचिका को खारिज किया

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। सुप्रीम कोर्ट ने नौ अगस्त को नीट यूजी परीक्षा 2024 को स्थगित करने से इनकार कर दिया है। यह फैसला मुख्य न्यायाधीश की बेंच ने दिया है। बेंच नीट पीजी 2024 परीक्षा को स्थगित करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए अपना फैसला दे दिया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ इस मामले पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम नयी शिक्षा नीति नहीं बना सकते और यह एक आदर्श दुनिया नहीं है। हम एग्जाम रीशेड्यूल नहीं करेंगे। 2 लाख स्टूडेंट्स और 4 लाख पैरेंट्स इससे प्रभावित होंगे। 5 याचिकाकर्ताओं के कहने पर 2 लाख छात्रों के करियर को खतरे में डाला जायेगा? हम इन याचिकाकर्ताओं के कारण इतने सारे उम्मीदवारों के करियर को खतरे में नहीं डाल सकते।**

## मुंबई के कॉलेज में बुर्का-हिजाब बैन के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने लगायी रोक

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कॉलेज कैंपस में हिजाब, बुर्का और नकाब पहनने पर बैन लगाने के आदेश पर आंशिक रोक लगा दी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने कहा- स्टूडेंट्स को क्या पहनना या क्या नहीं पहनना है, इस पर प्रतिबंध नहीं लगा सकते। मुंबई के दो कॉलेजों ने कैंपस में हिजाब, बुर्का और नकाब पहनने पर बैन लगाया था। बेंच ने कहा- एजुकेशनल इंस्टीट्यूट अपनी पसंद स्टूडेंट्स पर नहीं थोप सकते।**

# जम्मू-कश्मीर में चुनाव जल्द : चुनाव आयुक्त

### कश्मीरी प्रवासियों के लिए दिल्ली समेत 3 जगह स्पेशल बूथ बनेंगे

**जम्मू कश्मीर विधानसभा की 90 सीटों में 74 सीटें जनरल, 7 एससी और पहली बार 9 सीटें एसटी के लिए आरक्षित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्रीनगर।** आगामी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि हम जल्द चुनाव करायेंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक, इस बार जम्मू कश्मीर विधानसभा की 90 सीटों में 74 सीटें जनरल और 7 एससी और पहली बार 9 सीटें एसटी के लिए आरक्षित हैं। साथ ही आगामी चुनाव में कश्मीरी माइग्रेंट्स के लिए दिल्ली, जम्मू और उधमपुर में स्पेशल बूथ बनाये गये हैं।

**राजीव कुमार ने कहा - चुनावों को प्रभावित नहीं होने देंगे :** कोई अंदरूनी ताकत सोचती है कि हम चुनावों को प्रभावित कर देंगे। हम ऐसा नहीं होने देंगे। हमें यकीन है कि जम्मू-कश्मीर के लोग विभाजनकारी ताकतों को उचित जवाब देंगे। इलेक्शन कमीशन के तीन मेंबर्स की टीम 2 दिन के जम्मू-कश्मीर दौरे पर है। गुरुवार को इलेक्शन कमीशन के साथ रीजनल और नेशनल पार्टियों से मीटिंग हुई। इससे पहले दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र शासित प्रदेश में 30 सितंबर तक चुनाव कराने के निर्देश दिये थे।

### राजनीतिक दलों की मांगें

- सभी को समान रूप से सरकार चुनने का हक मिले।
- पार्टियों को रैली, प्रदर्शन करने का समान अवसर हो।
- सभी नेताओं को पर्याप्त और बराबर सुरक्षा मिले।
- पोलिंग स्टेशन 2 किमी के अंदर के दायरे में हो।

## वैल्यूएबल फैमिली : अंबानी परिवार की संपत्ति भारत की जीडीपी का 10 प्रतिशत

# परिवार का कुल मूल्यांकन 25.75 ट्रिलियन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** देश में सबसे वैल्यूएबल फैमिली बिजनेस की लिस्ट में अंबानी फैमिली टॉप पर है। बार्कलेज-हुरून इंडिया की मोस्ट वैल्यूएबल फैमिली बिजनेस 2024 की लिस्ट के मुताबिक अंबानी फैमिली की वैल्यूएशन 25.75 ट्रिलियन है, यह भारत की जीडीपी का लगभग 10% है।

बार्कलेज-हुरून इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक रिलायंस इंडस्ट्रीज की लीडरशिप में फैमिली का बिजनेस एम्पायर एनर्जी, रिटेल और टेलिकॉम सेक्टर्स का ऑपरेशन करता है। बार्कलेज-हुरून इंडिया की यह रैंकिंग 20 मार्च 2024 तक कंपनी की वैल्यूएशन पर बेस्ड है।

इस वैल्यूएशन में प्राइवेट इन्वेस्टमेंट और लिक्विड एसेट्स को शामिल नहीं किया गया है। अंबानी की वेल्थ की वैल्यू में रिलायंस, जियो प्लेटफॉर्म, रिलायंस रिटेल और ग्रुप की अन्य कंपनियों की हिस्सेदारी शामिल है।

**बजाज फैमिली 7.13 ट्रिलियन की वैल्यू के साथ दूसरे नंबर पर :** मोस्ट वैल्यूएबल फैमिली बिजनेस की लिस्ट में बजाज फैमिली 7.13 ट्रिलियन की वैल्यू के साथ दूसरे नंबर पर है। पुणे बेस्ड ऑटोमोबाइल बिजनेस की लिडरशिप फैमिली के थर्ड जनरेशन लीडर नीरज बजाज कर रहे हैं।

**बिरला फैमिली 5.39 ट्रिलियन की वैल्यू के साथ तीसरे नंबर पर :** इस लिस्ट में बिरला फैमिली 5.39 ट्रिलियन की वैल्यूएशन के साथ तीसरे नंबर पर है। इस कंपनी की लीडरशिप फैमिली की चौथी पीढ़ी के कुमार मंगलम बिरला करते हैं। यह कंपनी मेटल, माइनिंग, सीमेंट और फाइनेंशियल सर्विसेज पर फोकस करती है।

**सिंगापुर की जीडीपी के बराबर तीनों फैमिली की कंबाइन वैल्यूएशन :** अंबानी, बजाज और बिरला- इन तीनों फैमिली के बिजनेसेज की कंबाइन वैल्यूएशन 460 बिलियन डॉलर है, यह सिंगापुर की जीडीपी के बराबर है।

**जिंदल फैमिली 4.71 ट्रिलियन की वैल्यूएशन के साथ चौथे नंबर पर :** वहीं जिंदल फैमिली 4.71 ट्रिलियन की वैल्यूएशन के साथ चौथे नंबर पर है, जिसकी लीडरशिप सज्जन जिंदल करते हैं। इसके अलावा नाडार फैमिली 4.30 ट्रिलियन की वैल्यूएशन के साथ पांचवें नंबर पर है। नाडार फैमिली की रोशनी नाडार मल्होत्रा टॉप-10 फैमिली बिजनेसेस की लिस्ट में एकमात्र महिला हैं।

**फर्स्ट जनरेशन फैमिली बिजनेस की लिस्ट में अडाणी फैमिली टॉप पर :** 2024 बार्कलेज प्राइवेट क्लाइंट्स हुरुन इंडिया मोस्ट वैल्यूएबल फैमिली बिजनेस की लिस्ट में फर्स्ट जनरेशन की फैमिलीज शामिल नहीं हैं। हालांकि, मौजूदा चेयरमैन गौतम अडाणी की लीडरशिप में अडाणी फैमिली 15.44 ट्रिलियन रुपये की वैल्यू के साथ सबसे वैल्यूएबल फर्स्ट जनरेशन फैमिली बिजनेस की लिस्ट में टॉप पर है। इस लिस्ट में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की ओनर पूनावाला फैमिली 2.37 ट्रिलियन रुपए की वैल्यू के साथ दूसरे नंबर पर है। तीसरे नंबर पर फार्मा मेजर डिवी फैमिली है, जिसकी वैल्यूएशन 91,200 करोड़ रुपये है।

**भारत की सबसे वैल्यूएबल नॉन-लिस्टेड कंपनी है हल्दीराम स्नैक्स**
रिपोर्ट के मुताबिक हल्दीराम स्नैक्स की वैल्यू 63,000 करोड़ है। यह भारत की सबसे वैल्यूएबल नॉन-लिस्टेड कंपनी है। हल्दीराम तब चर्चा में आयी, जब अमेरिका बेस्ड प्राइवेट इक्विटी फर्म ब्लैकस्टोन ने कंपनी का अधिग्रहण करने के लिए एक नॉन-बाइंडिंग ऑफर दिया।

# आदिवासी अस्मिता की रक्षा और हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है राज्य सरकार : मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका/ गढ़वा।** विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर शुक्रवार को रंका प्रखंड के विश्रामपुर स्थित संत जोसेफ उच्च विद्यालय परिसर में आदिवासी दिवस महोत्सव का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने नगाड़ा बजाकर, दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने आदिवासी समाज के लोगों को शॉल ओढ़ाकर व महिला, पुरूषों को धोती-साड़ी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आदिवासी समुदाय के



लोगों ने मंत्री को पगड़ी बांधकर, माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर ढ़ोल, नगाड़े एवं मांदर की थाप पर नृत्य करते हुए भव्य स्वागत किया।

मंत्री श्री ठाकुर ने सभी लोगों को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोग आदिवासी स्मिता की बात करते हैं, लेकिन हमेशा वास्तविकता से मुंह मोड़ते हैं। पूर्व की सरकार और हेमंत सरकार में यही अंतर है कि हेमंत सरकार धरातल पर कार्य कर रही है। दिशोम गुरू शिबु सोरेन के झारखंड निर्माण के सपनों को हेमंत सरकार साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार सभी गरीबों को अबुआ आवास, पेंशन, 200 यूनिट मुफ्त बिजली आदि दे रही है। हेमंत सरकार इतनी सारी सुविधा दे रही है, इसे आप भुलेंगे नहीं। बल्कि आपके हित के लिए कार्य करने वाले को ही चुनेंगे। मंत्री ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस आदिवासी आबादी के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को मनाया जाता है। विश्व भर की आदिवासी जातियों में जागरूकता फैलाने और उनके अधिकारों के संरक्षण को प्रेरित करने के उद्देश्य से ही पूरे विश्व में विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित संत जोसेफ उवि की प्रधानाध्यापिका सिस्टर जगरानी, सिस्टर कलारा तिर्की, फादर नॉबर्ट तिर्की, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू सिंह खरवार, अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के जेपी मिंज, ज्योति लकड़ा आदि ने विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से रंका एसडीपीओ, बीडीओ, सीओ, जगदीश टोप्पो, हृदयानंद मिंज, लीलावती देवी, कपिलदेव सिंह, नंदलाल सिंह, तमगे मुखिया रिंकी देवी, राधेश्याम सिंह, राजकिशोर यादव, गुलाब सिंह सहित रंका, रमकंडा, चिनियां, बड़गड़, भंडरिया आदि प्रखंडों के काफी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के संस्थापक सर सोराबजी की 143वीं जयंती मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर/ गढ़वा।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के संस्थापक सर सोराबजी पोचखानवाला की 143वीं जयंती के अवसर पर जंगीपुर स्थित पेट्रोल पंप के निकट शाखा पाल्हे कलां में शुक्रवार को शाखा प्रबंधक रंजीत कुमार पांडेय की अध्यक्षता में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेंट्रल बैंक के संस्थापक की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर संस्थापक को याद किया गया। साथ ही बैंक के सभी कर्मियों और अधिकारियों को संस्थापक के आदेशों के अनुरूप अपना व्यवसाय करने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर शाखा प्रबंधक रंजीत पांडेय ने कहा कि ह्ल112 वर्ष पूर्व पराधीन भारत में स्वाभिमानी देशभक्त युवा सोराबजी द्वारा बोया गया बीज



आज वट वृक्ष बन चुका है, उनके द्वारा स्थापित देश का पहला स्वदेशी बैंक है जो आज देश के कोने-कोने में ग्राहकों को सभी प्रकार की बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहा है।

उन्होंने कहा कि सर सोराबजी को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनके आदर्शों पर चलकर बैंक के कारोबार को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जाए। उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के साथ कारोबार बढ़ाएं, हम सभी बैंक के लिए काम करना चाहते हैं और हमें पूरी लगन से काम करना होगा।

शाखा प्रबंधक रंजीत कुमार पांडेय, उपशाखा प्रबंधक मनोज आइंद, उपशाखा प्रबंधक विनोद कुमार पंडित,प्रधान खजांची नीलम कुमार राही, कलर्क मेवालाल बिरुवा, दफ्तरी राजदेव सिंह खरवार, बीसी अमित कुमार चौबे, राजेश कुमार बैठा,अनूप कुमार,शशि कुमार तिवारी, ग्राहक अब्दुल मोतल्लिब सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** केतार खरौंधी रोड में एक युवक को अवैध रिवाल्वर के साथ गिरफ्तार किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की परती से खरौंधी होते हुए कोई संदिग्ध व्यक्ति बाइक से आ रहा है। सूचना के आलोक में पुलिस के द्वारा सूर्य मंदिर के पास चेकिंग लगाया गया तथा इस अभियान के दौरान बतो कला की ओर से एक बाइक पर सवार युवक जो आ रहा था उसे पुलिस के द्वारा रोका गया तो बाइक रोकने के बाद वह पीछे की ओर भागने का प्रयास किया। जिसे सशस्त्र बल के द्वारा पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि जब उसकी तलाशी ली गयी तो उसके पास एक रिवाल्वर बरामद किया गया पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम रामलाल मेहता पिता विश्वनाथ मेहता केतार थाना क्षेत्र के पाचाडूमर निवासी बतलाया।

# भागोडीह में धूमधाम से मनी नाग पंचमी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रमना।** रमना प्रखण्ड अंतर्गत भागोडीह गांव में नाग पंचमी पर विशेष पूजा-अर्चना अयोजन किया गया। हजारों शिव भक्तों ने पुजा अर्चना किया वही शिव शिष्य परिवार के आयोजित जल यात्रा में भाग लेते हुए करीब दस किमी दूर स्थित फटहा नहीं से जल संकल्प करा कर पोखरा टोला के हनुमान मंदिर परिसर में शिवलिंग पर चढ़ाया। मालूम हो की रमना सहित आस-पास कई प्रखंडों से लोग पुजा-अर्चना करने आते हैं।

गांव में नाग पंचमी से जुड़े कई मान्यता है। ग्रामीणों का मानना है कि नाग पंचमी के दिन नमकीन भोजन नहीं किया जाता हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नाग पंचमी के दिन नमकीन भोजन के सेवन करने से नाग देवता नाराज हो जाते है और गांव में संपदोष अधिक होने लगता है। कई दशकों से भागोडीह गांव के लोग नमकीन भोजन का सेवन नाग पंचमी के दिन नहीं करते है। वही दूसरी मान्यता यह है कि गांव हनुमान मंदिर में स्थापित शिवलिंग के साथ नाग देवता का पुजा-अर्चना करने पर संपदोष से मुक्ति मिलती है। इस दौरान दिखने को मिल की धान की रोपाई गांव जारी है एसके बाद भी कोई किसान नाग पांचवी के दिन गांव के लोग धान की रोपाई करते नहीं मिले। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पांच मन्दिर है। जहा सावन में कई वर्षों से प्रत्येक सोमारी को नदी से जल संकल्पित करा कर गांव के मंदिरों में चढ़ाया जाता हैं।

# निमियां में कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर नागपंचमी के मौके पर शहर के निमियां स्थान पहुंचे। यहां मंत्री ने पहलवानो से हाथ मिलाकर दंगल अखाड़ा का उद्घाटन किया। इस दौरान पहलवानों की मांग पर मंत्री ने निमियां स्थान में हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। मंत्री ने कहा कि निमियां स्थान का कायाकल्प किया जाएगा। यहां पहलवानों के लिए हर संभव आवश्यक सुविधा उपलबध करायी जायेगी। तत्पश्चात मंत्री रंका प्रखंड के हुरदाग में मेला समिति ग्राम हुरदाग की ओर से आयोजित नागपंचमी मेला महोत्सव में पहुंचे। यहां भी मंत्री ने पहलवानों से हाथ मिलाकर कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम,



प्रीतम गौड़, आशिश अग्रवाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान मंत्री श्री ठाकुर रंका प्रखंड के खरडीहा पंचायत भवन में पहुंचे। यहां झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत आवेदन जमा करने आयी महिलाओं से मुलाकात की। मंत्री ने आवेदन जमा करने की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित माता-बहनों से कहा कि इस योजना का सभी जरूरतमंद लोग लाभ उठायें। कोई भी गलत लोग इसका लाभ नहीं ले सकें, इसका भी ख्याल रखें। मंत्री ने कहा कि आवेदन जमा करने का कार्य बिल्कुल निःशुल्क है। यदि कोई भी व्यक्ति पैसा मांगता है तो सूचना दें। त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# जनप्रतिनिधियों ने साजिशकर्ताओं और दोषियों को स्कूल से हटाने की मांग की

फर्जी आरोप लगाकर प्राचार्य की हुई गिरफ्तारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** जमा दो उच्च विद्यालय कांडी की प्राचार्या की एसीबी से गिरफ्तारी को साजिस बताते हुए उपायुक्त, डीइओ व एसडीओ को आवेदन देकर साजिस कर्ता व दोषियों को स्कूल से हटाने की मांग किया है। प्रखंड के जनप्रतिनिधियों व स्थानीय जागरूक जनता माता गुरुवार को हाई स्कूल कांडी में एक बैठक कर गिरफ्तारी की जमीनी हकीकत जानने का प्रयास किया। पूछताछ व जांच के क्रम में यह पता चला कि एक षड्यंत्र के तहत बिना कसूर के फर्जी आरोप लगाकर हेडमास्टर की गिरफ्तारी कराया गया है। सभी ने बताया कि व्यवसायीक शिक्षक धर्मेंद्र कुमार के खाते में हेडमास्टर विद्यानी बाखला व एसएमसी के अध्यक्ष



के हस्ताक्षर से बीआरसी में बिल भेजा गया था। यह 56 हजार की राशि धर्मेन्द्र कुमार को भेंडर बना कर भेजी गयी थी। यह राशि मैडम ने पेड बाई मी लिखकर स्वयं का पैसा लगाई थी धर्मेन्द्र कुमार को भेंडर के खाते में भेजा गया था। जिसका प्रमाण बीआरसी व विद्यालय अभिलेख में मौजूद है। उसी राशि को विद्यानी बाखला शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार से मांगा करती थी। इस बीच धर्मेन्द्र कुमार एसीबी थाना पलामू में मुकदमा करने में व्यस्त थे। धर्मेन्द्र कुमार 7 अगस्त को जैसे ही 20 हजार रुपया मैडम को दिए वे एसीबी से उन्हें गिरफ्तार कराने में कामयाब हो गये। सभी ने डीसी को आवेदन देकर विद्यालय को अस्थिर करने में शामिल शिक्षक दिनेश कुमार यादव, मो. शमी अहमद, अरविंद कुमार, धर्मेन्द्र कुमार,अमित कुमार विश्वकर्मा को तुरंत हटाया जाए व इन्हें दंडित किया जाए। डीसी व अन्य पदाधिकारियों से मिलने वालों में प्रमुख सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार,मुखिया विजय राम,विधायक प्रतिनिधि शिक्षा विभाग राम लाला दुबे, शशांक शेखर, विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह, बीडीसी ममता देवी, अनूप कुमार, पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद, सतेन्द्र कुमार, विनोद कुमार,विनोद चंद्रवंशी, शशि रंजन दुबे सहित कई लोग शामिल थे।

# विश्व आदिवासी दिवस पर नाच-गान के साथ निकाली रैली



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** स्थानीय प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रशाल में शुक्रवार 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्रामीणों के द्वारा आदिवासी वेशभूषा में विभिन्न प्रकार के नाच गान के साथ एक रैली निकाली गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदिवासी संघ के जिलाध्यक्ष शक्ति सिंह ने उपस्थित आदिवासियों को अपना अधिकार कर्तव्य और नीति के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र के आदिवासियों के साथ कैसे शोषण किया जा रहा है, आज के परिवेश में कुछ लोग हमारे आदिवासी समाज के भोले भाले लोगो को बरगला कर गलत तरीके से उनका फायदा उठाते हैं, इसके चलते हुए हमारे आदिवासी समाज को आदिवासी का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कहा कि लोगो से अपनी मांग को पूरे जोर शोर से उठाने की मांग करने की बात कही है, ताकि हमारे आदिवासी समाज को आदिवासी का पूरा अधिकार मिल सके मैके पर अक्षय शक्ति सिंह सचिव धमेंद्र कोरवा संयोजक राजकिशोर सिंह अनिल सिंह छोटन संजय चेरो सुरेंद्र सिंह शंभू सिंह शिवकुमार सिंह दीपक उरांव शिवरतन उरांव रंजीत बखला सुनिता देवी विरेन्द्र उरांव उमेश सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे

# पेंशनर्स मीट का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भारतीय स्टेट बैंक पिपराकाला के शाखा प्रबंधक आकाश कुमार गुप्ता के द्वारा अपने शाखा परिसर में पेंशनर्स मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक के द्वारा पेंशनरों को दी जाने वाली सुविधाएं, यथा लोन, फिक्स जमा, म्युचुअल फंड आदि विषयों पर विशेष जानकारी दी गयी। झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा की ओर से अध्यक्ष के द्वारा कहा गया कि पेंशनरों को समुचित सुविधा उपलब्ध करायी जाये। उन्हें पेंशन माह के 26 या 27 तारीख तक पेंशन मिल जाता हैम ऐसी स्थिति में पेंशन का भुगतान 27 से लेकर आगामी 10 तारीख तक विशेष काउंटर, बोनाफाइड काउंटर केवल पेशनरों के लिए सुविधा उपलब्ध करायी जाये। इस मांग पर शाखा प्रबंधक ने अस्वस्थ किया कि हमसे जो भी सुविधा होगी पेंशनरों को मैं निश्चित रूप से दूंगा। शाखा प्रबंधक की ओर से सभी पेंशनरों को एक झोला और एक छाता तोहफा के रूप में सभी पेशनरो को दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित अशर्फी राम, श्रवण कुमार, बैजनाथ सिंह, सत्येंद्र सिंह, सुदामा राम, गोपाल राम, श्याम बिहारी राम प्रदुमन मेहता, शिवनारायण प्रसाद, रामाधार यादव के अलावे भी काफी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे।

# यूटीआइ ने वित्तीय जागरूकता अभियान शिविर लगाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** कावेरी रेस्टोरेंट में शुक्रवार को यूटीआइ (यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया) के क्षेत्रीय रीजनल मैनेजर पार्थो रॉय, यूटीआइ पलामू प्रमंडल के मैनेजर डिंबेश श्रीवस्ता एवं म्यूच्यूअल फण्ड वितरक पांडेय आलोक कुमार शर्मा के द्वारा वित्तीय जागरूकता अभियान शिविर लगाया गया। जागरूकता अभियान के तहत लोगों को पैसे के जमा में होने वाले धोखाधड़ी की जानकारी दी गयी कि किस तरह लोग जागरूकता और जानकरी के अभाव में अपनी गाढ़ी कमायी को गंवा देते है, साथ ही साथ यूटीआई म्यूचुअल फंड के बारे में बताया गया कि इसकी



स्थापना सन् 1963 में भारतीय संसद से पास यूटीआइ एक्ट के तहत किया गया था। यूटीआइ म्यूच्यूअल फंड देश के सबसे पुराना और अग्रणी म्यूच्यूअल फंड है, जिसकी स्थापना भारत सरकार के द्वारा किया गया था। यूटीआई म्यूच्यूअल फंड की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। जिसमे यूटीआई मास्टर शेयर, यूटीआइ मिड कैप, यूटीआई मल्टी एसेट फण्ड आदि है। कार्यक्रम में सिप, एसडब्लूपी, एसटीपी आदि की भी जानकारी दी गयी। धन्यवाद ज्ञापन शैलेश चौबे ने किया। जागरूकता शिविर में सुनील कुमार, दिलीप चौबे, कृष्णा दुबे आदि मौजूद थे।

# ओबीसी एकता अधिकार मंच करेगा 10 अगस्त को जनसभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** ओबीसी एकता अधिकार मंच, झारखंड प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद (बीडी प्रसाद) के नेतृत्व में झारखंड राज्य के राजधानी रांची से चलकर गढ़वा जिला के कांडी प्रखंड अंतर्गत कांडी पंचायत के नैनाबार (यज्ञशाला के पास) में 10 अगस्त दिन शनिवार को एक बड़ी जनसभा का आयोजन किया जाना है। इसके संदर्भ में कांडी पंचायत के नैनाबार, सालेया, ढाब्ररिया एवं कांडी जैसे विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर हमारे ओबीसी एकता अधिकार मंच के सदस्य गणों ने ओबीसी समाज की एकता और हक अधिकार के पूर्ति हेतु कल दिनांक 10 अगस्त को होने वाले जनसभा के लिए लोगों को बाइक रैली के साथ साथ प्रचार प्रसार करते हुए घर-घर जाकर आमंत्रित किया। इस दौरान क्षेत्र के ओबीसी समाज के लोगों को कल के जनसभा में बड़ी संख्या में एकजुट होने का वादा किया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# कांवरियों के जत्थे को मुखिया ने किया रवाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** केतार बाजार से केतार मुखिया प्रमोद कुमार ने दर्जनों कावरियां का जत्था देवघर भोले बाबा पर जलाभिषेक के लिए रवाना रवाना किया। प्रखंड के केतार कांवरिया संघ का जत्था बाबा की नगरी देवघर के लिए रवाना हुए। जाने से पहले कांवरियों ने सुप्रसिद्ध मां चतुभुर्जी का दर्शन कर मत्था टेका। फिर बोल बम की जयकारा के साथ बाबा नगरी को प्रस्थान हुए। प्रमोद कुमार ने कांवरिया संघ को अंग वस्त्र से स्वागत कर प्रस्थान किया। कांवरिया केसरिया रंग का वस्त्र धारण कर रवाना हुए।

# आदिवासी अपनी पहचान के मोहताज नहीं : बैद्यनाथ राम

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार विश्व आदिवासी दिवस स्थान वासा ओड़ा, में विश्व आदिवासी दिवस हर साल 9 अगस्त को मनाया जाता है। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम मनिका विधान सभा से रामचंद्र सिंह को जोर शोर से स्वागत किया गया । बैजनाथ राम के द्वारा पर्यावरण के लिए वृक्ष लगाया। ताकि वैश्विक स्तर पर स्वदेशी लोगों के अधिकारों का समर्थन और संरक्षण किया जा सके। शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम ने कहा कि यह दिन पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों सहित एक बेहतर दुनिया बनाने में आदिवासी समुदायों के महत्वपूर्ण योगदान और उपलब्धियों को मान्यता देने का भी काम करता है। इसे विश्व आदिवासी दिवस या विश्व के स्वदेशी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस भी कहा जाता है। साथ ही संस्कृतियों के साथ दुनिया के 22 प्रतिशत भूमि पर इनका कब्जा है। इसीलिए संयुक्त राष्ट्र ने इन भाषाओं और इस समाज के लोगों को समझने और समझाने के लिए 2019 में विश्व आदिवासी दिवस मनाने का एलान किया। भाषाएं, संस्कृति, त्योहार, रीति-रिवाज और पहनावा ही इनकी पहचान है। रामचंद्र सिंह विधायक ने कहां कि ये लोग समाज की मुख्यधारा से नहीं जुड़ पाये हैं। जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव ने कहा कि कल्याण विभाग के द्वारा जो जो योजना में काम हो रहा है बिचौलियों के माध्यम से हो रहा है। साथ ही पदाधिकारी को नियंत्रित रखा जाए। इस प्रकार से आदिवासी पर जो भी योजना आ रही है सब में भारी लूट है। इसलिए माननीय मंत्री जी से आग्रह करते हुए कहा कि चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई करें। हर किसी को सम्मान के साथ जीने का हक है और सरकारी मदद के बावजूद उनमें से कई के पास गरीबी से बाहर निकलने के लिए संसाधन नहीं हैं। इस मौके पर सेलेस्टीन कुजूर अध्यक्ष, आदिवासी समन्वय समिति, बिरसा गुण्डा सचिव, आदिवासी समन्वय समिति, बिनोद उरांव जिला परिषद् सदस्य पूर्वी, रंथु उराव- सदस्य, आदिवासी समन्वय समिति, जानकी सिंह खेरवार आदिवासी समन्वय समिति, दिनेश सिंह चेरो आदिवासी समन्वय समिति, नन्द किशोर सिंह आदिवासी समन्वय समिति, रिंकु कच्छप आदिवासी समन्वय समिति,आरसेन तिर्की- मिडिया प्रभारी समेंत अन्य लोग शामिल थे।

## शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य पथ स्तिथ भगत सिंह चौक के समीप शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर तो पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया. कार्यक्रम के दौरान विश्व आदिवासी दिवस के मनाये जाने के औचित्य पर प्रकाश डाला गया। बताया गया कि आदिवासी समाज के मूल निवासी हैं। इनका इतिहास काफी पुराना और समृद्ध है। उनके संघर्ष की कहानी को भुलाया नहीं जा सकता है। आजादी की लड़ाई में भी आदिवासी समुदाय के महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी पर भी प्रकाश डाला गया। इस दौरान विद्यालय के निदेशक डॉ पवन कुमार ने बताया कि आज पूरे विश्व में आदिवासी दिवस समारोह आयोजित कर आदिवासी समाज के अमूल्य देन को याद करने का दिन है। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य एच एस स्वाधीन कुमार पाल, शिक्षक उमाशंकर पांडेय, शंभू प्रसाद, अरमान अंसारी, बिट्टू कुमार, अर्चना कुमारी,जरीना कौशर, फातमा प्रवीण, पुर्णिमा कुमारी, सिंपल कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## चंद्रवंशी समाज को छलना बंद करे भाजपा : निश्चय वर्मा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा झारखण्ड प्रदेश युवा अध्यक्ष निश्चय वर्मा ने कहा कि जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चंद्रवंशी समाज को उपेक्षित किया जा रहा है और भाजपा चंद्रवंशी समाज के कार्यकताओं को झारखंड प्रदेश में पदाधिकारी बनाने से इनकार कर रही है। इसी तरह झारखंड के सभी जिले में वैसे कार्यकर्ता जिन्होने काफी लंबे कालखंड से भाजपा का झंडा उठा कर अपना जीवन पार्टी को समर्पित कर दिया, उन निष्ठावान कार्यकर्ताओं को भी भारतीय जनता पार्टी आज की तारीख में कोई भी पद देने से इनकार कर रही हैं। अगर झारखंड के सभी विधानसभा में हमारे चंद्रवंशी मतदाताओं की बात की जाए तो छोटानागपुर एवं पलामू प्रमंडल के विधानसभा सीटों पर 15-20 हजार मतदाता प्रत्येक विधानसभा में, कोल्हान की बात की जाए तो वहां भी 10-15 हजार एवं कोयलांचल में 30-40 हजार और संथाल परगना मे भी अच्छी संख्या में मतदाता हमारे चंद्रवंशी परिवार के हैं। भाजपा ने चंद्रवंशी कार्यकर्ताओं को लॉलीपॉप दिखाकर सिर्फ अपना मतलब सिद्ध किया है। भाजपा द्वारा समय-समय पर हमारे समाज के लोगो के साथ इस प्रकार का कृत्य सिर्फ एक ही चिज को दशार्ता है कि चंद्रवंशी समाज को भारतीय जनता पार्टी से दरकिनार रखा जाये।

## 18 को जिला मोमिन कांफ्रेंस का कार्यकर्ता सम्मेलन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस का कार्यकर्ता सम्मेलन दिनांक 18/08/2024 दिन रविवार को मनाया जायेगा। न्यू रोड अत्तार कॉलोनी जिला मोमिन कान्फ्रेस कार्यालय के प्रांगण में कार्यक्रम किया जायेगा। बैठक में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली के अलावा प्रदेश के अन्य पदाधिकारीगण भी भाग लेंगे। उक्त जानकारी जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष हाजी सिकन्दर ने देते हुए कहा कि लोहरदगा जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के सभी पदाधिकारी विशेष आमंत्रित सदस्य के अलावे कमिटी के सभी सदस्यों से आग्रह है कि वक्त मुकर्रर पर बैठक में शामिल होकर सम्मेलन को सफल बनायें।

## आदिवासी परंपरा में प्रकृति संरक्षण और लोक कल्याण के तत्व समाहित हैं : अलीरजा



**कैरो (आजाद सिपाही)।** आदिवासी परंपरा, रीति-रिवाज और संस्कृति न केवल जल-जंगल-जमीन की सुरक्षा और संरक्षण को बढ़ावा देती है, बल्कि यह लोक कल्याण के लिए भी प्रेरित करती है। पौधारोपण, स्वागत के लिए हाथ धुलवाना, दहेज प्रथा से दूरी, बेटा-बेटी की समानता, सामूहिकता का बोध इत्यादि आदिवासी संस्कृति में सहज ही देखने को मिलते हैं जिसके निहितार्थ बड़े हैं। ये बातें आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कैरो प्रखंड क्षेत्र के शाईन पब्लिक स्कूल नगजुआ में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने कहीं। इसके पूर्व विद्यालय परिवार ने श्री अंसारी का जोरदार ढंग से नृत्य संगीत के साथ स्वागत करते हुए मंच तक लेकर गये। विद्यालय के निदेशक अब्दुल मजीद अंसारी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों की चर्चा करते हुए कहा कि आदिकाल से आदिवासी समुदाय मानव सभ्यता के न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य में आने वाली चुनौतियों के प्रति सजग रही है। विद्यालय परिवार ने आज कार्यक्रम आयोजित कर आदिवासी परंपरा और संस्कृति को संरक्षण देने हेतु एक छोटा सा प्रयास किया है। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने प्रकृति संरक्षण और आदिवासी रीति रिवाज से संबंधित एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक फूलदेन सारस एवं धन्यवाद प्रेषण मिस सीमा ने किया। मौके पर विधालय शिक्षक-शिक्षिराएं पिंकी सांगा,अमीषा लकड़ा मनीषा कुमारी, शीला मिंज, परवेज आलम,अरमान अंसारी सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कुआं में डूबने से अधेड़ की मौत

**किस्को/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र के कोचा बरनाग गांव में कुआं में डूबने से एक अधेड़ व्यक्ति का मौत हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार लाखो उरांव अपना खेत देखने गया हुआ था। इसी दौरान पैर फिसलने से लाखो उरांव कुआं में गिर गया। घटना से लाखो उरांव का मौत हो गया। यह घटना गांव के खलिहान चवरा में घटी है। मृत व्यक्ति का उम्र 48 वर्ष होने का अनुमान लगाया गया है। इस घटना से पीड़ित परिवारों का रो-रो कर बुरा हाल है। आपको बता दे की कुआं के अगल-बगल रोप रोप रही महिला के द्वारा पीड़ित के परिवारों को सूचना मिला। घटना की सूचना पाकर किस्को थाना पुलिस दलबल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है।

## 11 को होगा महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** श्रावणी मास के पावन अवसर पर 11 अगस्त 2024 दुर्गा बाड़ी मंदिर पावरगंज परिसर में वैदिक विश्व मंगल ट्रस्ट एवं शिव भक्तों के द्वारा भगवान शिव जी के प्रिय महामृत्युंजय मंत्र का 51 हजार सामूहिक जाप एवं यज्ञ अनुष्ठान सभी शिव भक्तों के लिए रखा गया है। यज्ञ के ब्रह्म डॉक्टर अशोक आचार्य के देखरेख में आध्यात्मिक एवं मेडिकल साइंस के महत्व के अनुसार कराया जायेगा।

# प्रकृति पूजक हैं आदिवासी : रोहित उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** विश्व आदिवासी दिवस पर बीएस कॉलेज मल्टीप्रपज हाल में आयोजित आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन समस्त आदिवासी संगठन के द्वारा किया गया। वही जिला कांग्रेस कमिटी के पुराना नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री पुत्र युवा नेता रोहित उरांव, शामिल हुए। मौके पर आयोजन समिति एवं जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा रोहित उरांव का स्वागत आदिवासी रीति रिवाज के साथ किया गया। समारोह का विधिवत शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर रोहित उरांव ने कहा की हम आदिवासी मूल निवासी है। देश-दुनिया में सबसे पहले आदिवासी समाज के बाद ही अन्य समाजों का सृजन हुआ। इसी क्रम में ये आदिवासी समाज भी देश दुनिया के सभी कोनों में अपनी संस्कृति, विरासत के साथ चली आ रहा है। उन्होंने कहा की आज हम सभी को अपने समाज के उन क्रांतिकारी महान पुरुषों को याद करते हुए जो जल जंगल जमीन के लिए अपनी कुबार्नी दी उनके विचारधारा को अपना करके अपने समाज का विकास करना होगा। आज पूरे विश्व को हम आदिवासियों से सिख लेने की जरूरत है क्योंकि हम सभी प्रकृति पूजक है और हम जल जंगल के रक्षक है। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सुखेर भगत, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिला परिषद अध्यक्ष रीना भगत, विनोद उरांव, सोमदेव उरांव, मनी उरांव, जलेश्वर उरांव, अवधेश उरांव, सुखदेव उरांव, विनोद उरांव, विनोद भगत, डोमना उरांव, विशाल डुंगडुंग, जुगल भगत, अनिल उरांव, विनोद सिंह, संतोषी उरांव, शनियारो उरांव एवं अन्य संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मनोरंजन के साथ रोजगार भी देता है खेल : डीएसपी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** विश्व आदिवासी दिवस के शुभ अवसर पर वीर बुधु भगत फ्रेंड्स मेमोरियल फुटबॉल टूनामेंट का शुभारंभ किया गया। टूनामेंट का उद्घाटन मैच भगत चैलेंजर्स गोपालगंज एवं नदिया के बीच खेला गया। इसका उद्घाटन पुलिस उपाधीक्षक समीर तिर्की ने वीर वधु भगत के चित्र पर माल्यार्पण कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा खेल मनोरंजन के साथ साथ रोजगार का भी हिस्सा है। खेल को नियम के साथ खेले और अनुशासन का पालन करे। इस उद्घाटन मैच में भगत चैलेंजर्स गोपालगंज 5-1 से नदिया को पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। दूसरा मैच एसके ब्रदर्स व फाइटर क्लब के बीच खेला गया। जिसमें है एसके ब्रदर्स ने 2-1 से फाइटर क्लब को पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। तीसरा मैच हात्मा रांची व भगत चैलेंजर गोपालगंज के बीच खेला गया जिसमें हात्मा रांची 1-0 से भगत चैलेंजर गोपालगंज को पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया।

## हाथियों का झुंड पहुंचा भंडरा, लोगों में दहशत

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा और रांची जिला के सीमांत स्थित भंडरा प्रखंड अन्तर्गत खिजरी तेतरचूंआ के बहराडिंपा पतरा में नौ अगस्त को दिनभर हाथियों का झुंड जमा रहा। महीने भर बाद पुनः हाथियों के प्रवेश से लोगों में उत्पन्न हो गया है। हाथियों के इस झुंड को दो दिन पहले बेड़ो प्रखंड के बिलटी क्षेत्र में देखा गया था। शुक्रवार को अहले सुबह इन हाथियों को बड़ागाई में देखा गया था। यहां से सभी हाथी खिजरी पहुंच गये और पतरा में डेरा जमा लिया। जिसे देखने के लिये दिनभर लोगों की भीड़ जमी रही। बता दें की जुलाई के दूसरे सप्ताह में चार दिनों तक भंडरा के डुमरी, अमदरी, पलमी, तिलसिरी, गडरपो और पोडहा गांव में हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया था। इस दौरान हाथियों ने दर्जनों घरों को तोड़ा और किसानों के घरों में रखे अनाज को बर्बाद किया। इस दौरान खौफ का माहौल क्षेत्र में बना रहा।

# उत्सव के रूप में आदिवासी दिवस मनाना सुनिश्चित करे समाज : सुखेर भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में पुराना नगर भवन में शुक्रवार को भव्य व आकर्षक तरीके से विश्व आदिवासी दिवस समारोह मनाया गया। इस दौरान कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। छोटे छोटे स्कूली बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत किया जिसकी सराहना उपस्थित अतिथियों ने की। मौके पर आदिवासी समाज के पुरोधा व गणमान्य लोगों, अतिथियों को पुष्प गुच्छ, पौधा व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष सूखैर भगत ने की। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सूखैर भगत ने विश्व आदिवासी दिवस की सभी को बधाई दिया। विश्व आदिवासी दिवस मनाने की परंपरा के महत्व और प्रासंगिकता से लोगों को अवगत कराया। कहा कि, आदिवासी समाज ने कभी भी अपनी सभ्यता- संस्कृति और मान-सम्मान के साथ कोई समझौता नही किया है। आदिवासी समाज कैसे आगे बढ़े, इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखेर भगत, रोहित प्रियदर्शी उरांव, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी जिप सदस्य रूबी कुमारी उरांव, संतोषी उराव, विनोद सिंह खरवार, निश्चिथ जायसवाल, डोमना उरांव, शनिचरवा उरांव, जुगल भगत, सत्यदेव भगत, विशाल डुंगडुंग, अनिल उरांव, विनय उरांव, हरि भगत समेत आदिवासी समुदाय के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### पटमदा में 75वें वन महोत्सव में शामिल हुए विधायक

# हर वर्ष बेटा-बेटी के जन्मदिन पर एक पेड़ अवश्य लगायें : मंगल कालिंदी

स्वच्छ वातावरण के लिए पौधारोपण करने का दिया संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता




**पटमदा।** झारखंड सरकार के वन पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा पटमदा के बांगुड़दा पंचायत स्थित माकुला फुटबॉल मैंदान में 75 वां वन महोत्सव मनाया गया। शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी उपस्थित हुए। इस अवसर पर विधायक ने कहा झारखण्ड अलग राज्य के लिए दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने आंदोलन की शुरूवात की थी, ताकि झारखंड में जल, जंगल, जमीन को बचा सके, लेकिन लकड़ी माफिया लोग उसे उजाड़ने का काम कर रहे हैं। विधायक ने कहा पेड़ पौधें की रक्षा से जनता को शुद्ध वातावरण मिल रही है। उन्होंने कहा प्रत्येक व्यक्ति बेटा-बेटी की जन्मदिन, माता/ पिता के मृतु या कुछ विशेष दिवस के उपलक्ष्य पर हर साल एक पौधा जरुर लगायें।

श्री कालिंदी ने कहा विश्व आदिवासी दिवस पर पूर्व विधायक सीता सोरेन के लिखित आवेदन पर ही सीएम ने सरकारी छुट्टी की घोषणा की। मौके पर विधायक ने कई फलदार एवं छायादार पौधा रोपण किया। इस मौके पर वन क्षेत्र के पदाधिकारी दिग्विजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, बीस सूत्री अध्यक्ष कालीपद महतो, मुखिया कल्याणी सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो, फॉरेस्टर शुभन महतो, सुबित दंडपात, हेमंत टुडू, रुम्पा चौधरी, मंटु महतो, अश्विनी सिंह मौजूद रहे।

# आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष ने प्रशासन से लगायी न्याय की गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** बीती रात मोक्ष अपार्टमेंट में हुए मारपीट की घटना को लेकर आजसू पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष सनी सिंह ने आदित्यपुर थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई। उन्होंने एक पोटल में प्रकाशित खबर में छबि धूलमिल करने का आरोप लगाया।

आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष सनी सिंह ने बताया बीते 3 सालों से जिला में समाज सेवा का कार्य कर रहे है। साथी ही आजसू पार्टी का युवा जिला अध्यक्ष भी है। मेरे साथ हजारों युवा का मान सम्मान व आस्था भी जुड़ा है, लेकिन मेरे खिलाफ पोटल में खबरें प्रकाशित कर जाति को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा जिन मारपीट की घटना में जोड़ा जा रहा दूर-दूर तक भी वहां मौजूद नहीं रहे। इस तरह की भ्रामक खबरें प्रकाशित कर पार्टी को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। सनी सिंह ने इस मामले थाना में शिकायत कर प्रशासन से न्याय के लिए गुहार लगायी।

# सुरक्षा बलों ने जराइकेला क्षेत्र में लगे तीन आइइडी किये नष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सल विरोधी अभियान में जुटे सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को जराइकेला के जंगलों में लगाये गये तीन आइइडी विस्फोटकों को नष्ट करा कर नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम कर दी है। सुरक्षा बलों ने जराइकेला थाना क्षेत्र के रोगाबुरू जंगल में नक्सलियों द्वारा उन्हें लक्षित कर लगाया गया आइइडी विस्फोटक बरामद कर सुरक्षा की दृष्टि से वहीं नष्ट करा दिया। जानकारी के अनुसार पश्चिमी सिंहभूम के नक्सल प्रभावित वन क्षेत्रों में नक्सल विरोधी अभियान में जिला पुलिस बल के साथ लगी झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को जराइकेला थानांतर्गत रोगाबुरू जंगल में अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा उन्हें लक्षित कर लगाये गये तीन आइइडी विस्फोटक का पता लगाया। बाद में बम निरोधक दस्ते की मदद से उक्त तीनों आइइडी विस्फोटकों को वहीं नष्ट कर दिया गया। बता दें कि गोइलकेरा थाना क्षेत्र के कुइड़ा, छोटा कुईडा, मारादिरि, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा बोयपाय ससांग, कटम्बा, बाइहातु, बोरोय, लेम्साडीह के सीमावर्ती क्षेत्रों एवं टोंटो थाना क्षेत्र के हुसीपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुइया के सीमावर्ती क्षेत्रों में दस अक्टूबर 2023 से सुरक्षाबलों ने नक्सल विरोधी अभियान शुरू किया था।

### हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा की तैयारी तेज

# अभियान की सफलता को लेकर बैठक में मंडल अध्यक्षों को दिये गये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर के नवगठित जिला पदाधिकारी,मोर्चा जिलाध्यक्ष व मंडल अध्यक्षों की पहली जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई।शुक्रवार को महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी विशेष रूप से मौजूद रहे।मौके पर हर घर तिरंगा अभियान को जमशेदपुर महानगर में सफल बनाने को लेकर विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। वही जिले में बढ़ते महिला अपराध व अत्याचार की घटना पर महिला मोर्चा के तत्वावधान में 14 अगस्त को उपायुक्त कार्यालय पर प्रस्तावित धरना प्रदर्शन में कार्यकताओं एवं आमजनों की भागीदारी को लेकर मंथन किया गया। इस दौरान आजादी का उत्सव मनाने और राष्ट्रवाद की अलख जगाने के उद्देश्य से 11 से 14 अगस्त तक पूरे शहर में विभिन्न कार्यक्रम की जानकारी दी गई। चारों विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। 13 से 14 अगस्त तक पार्टी के तमाम पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों के आस-पास स्वच्छता अभियान चलाएंगे एवं अमर बलिदानियों, महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करेंगे। इस दौरान सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जनता से संपर्क कर प्रत्येक घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर जिला स्तरीय गोष्ठी आयोजित कर विभाजन की त्रासदी पर चर्चा की जाएगी।बंटवारे की त्रासदी में प्राण गंवाने वालों को नमन किया जाएगा।मौके पर जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने सभी नवमनोनीत जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों को शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए अभियान की सफलता में जुटने का आह्वान किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रदीप महतो, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, प्रदीप बेसरा, राजीव कुमार सिंह, रेणु शर्मा, मनोज राम, जितेंद्र राय, पप्पू सिंह, विजय तिवारी, शांति देवी, मिली दास, कोषाध्यक्ष कृष्णा शर्मा काली, सुबोध झा, संजीत चौरसिया, अखिलेश कुमार सिंह, ज्ञान प्रकाश, सह सोशल अमित सिंह परमार, कौस्तव रॉय, बिनोद सिंह, किशोर ओझा, उज्जवल सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नीतीश कुमार, युवराज सिंह, सुरेश शर्मा, जीवन लाल, बबलू गोप विकास शर्मा, सूरज कुमार सिंह, पप्पू उपाध्याय, संजय तिवारी, अजीत कुमार सिंह, प्रशांत पोद्दार, बजरंगी पांडेय, बिनोद राय, रविन्द्र सिंह सिसोदिया, फातिमा शाहीन, अश्विनी तिवारी, आनंद कुमार, अमित कुमार मिश्रा, रबिन्द्रनाथ सरदार, हलधर दास, सुदीप कुमार डे, हेमेंद्र जैन हन्नू, त्रिदेव चट्टराज, दीपक पाल, पवन सिंह, सूरज कुमार साह, शांतनु मुखर्जी, बासुदेव मंडल, प्रधान महतो एवं अन्य मौजूद रहे।

# अरमई स्कूल में चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के अरमई गांव स्थित स्टोर रूम में 8 जुलाई को हुए चोरी की घटना का उदभेदन करते हुए तीन चोरो को गिरफ्तार की है। साथ ही पुलिस ने उनके निशानदेही पर चोरी किये गये सामानों को भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार चोरो में फैयजान अंसारी, माजिद आलम तथा रागीव खान शामिल है। थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दिनांक 8 अगस्त को गुमला पुलिस को यह गुप्त सूचना मिली कि लोहरदगा रोड में 08 जुलाई को अरमई स्थित स्टोर में की गई चोरी का एक अपराधी कुम्हार ढलान के पास खडा है। इस सूचना पर कांड के अनुसंधान कर्ता सअनि जसमुद्दीन अंसारी सशस्त्र बल के साथ लोहरदगा रोड स्थित कुम्हार ढलान पहुंचे। जहाँ एक व्यक्ति पुलिस बल को देखकर भागने लगा। जिसे खेदड़ कर पकडा गया। पकडाये हुए व्यक्ति से नाम पता पुछने पर उसने अपना नाम फैयजान अंसारी बताया। फिर उसके बताये अनुसार चोरी के कांड में शामिल दो अन्य चोर माजिद आलम तथा रागीव खान को पकड़ा गया। तथा उनके निशान देही पर कांड में चोरी की गई समान को बरामद किया गया। पुछ-ताछ में पता चला कि वर्ष 2021 में गुमला थाना कांड संख्या 191/21 में फैयजान अंसारी आरोपित रहा है। तथा रागीव खान पालकोट थाना से पूर्व में जेल जा चुका है।थाना प्रभारी ने कहा कि चोरो के निशानदेही पर दो समरसेबल स्टार्टर, उपयोग मे लया गया टेम्पू बरामद किया गया।

# भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो बिना भेदभाव के राष्ट्रीय हित में कार्य करती है : शिव प्रसाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** शुक्रवार 9 अगस्त 2024 को आनंदमयी भवन बिरसा मुंडा एग्रो पार्क गुमला में भाजपा गुमला जिला के नवगठित पदाधिकारी मंडल अध्यक्षों की परिचयात्मक बैठक जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम आगत अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सामूहिक वंदे मातरम गान के साथ बैठक का शुभारंभ किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू ने कहा कार्यकर्ता पार्टी के आधार स्तंभ होते हैं, सभी नये पदाधिकारी अपने महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करेंगे। भाजपा ही मात्र एक ऐसी पार्टी है जो बिना भेदभाव के राष्ट्रीय हित में निरंतर कार्य करते आ रही है। पूरा विपक्ष एकजुट होकर भी कुछ नहीं कर पाया। आज मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री हैं। भाजपा के खिलाफ भ्रामक प्रचार कर आदिवासी-दलित भाइयों को गुमराह किया गया है। गुमला जिला के तीनों विधानसभा में कमल फूल खिलाना है, पूरा विश्वास है नई टीम एक नई ऊंचाई पर जायेगी। आगामी विधानसभा चुनाव में सभी मिलकर अपेक्षित परिणाम लाना है।

पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने कहा गुमला जिला का संगठन पूरे राज्य में एक आदर्श संगठन के रूप में जाना जाता है। हम गर्व से कहते हैं कि हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं जो समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास की सोच रखता है, एक विकसित राष्ट्र के निर्माण की परिकल्पना करता है।

वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष सविंद्र सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा राजनीतिक कार्यकर्ता का जीवन निजी जीवन नहीं सार्वजनिक जीवन होता है। जन सेवा को लक्ष्य मानकर चुनौती को स्वीकार करते हुए भाजपा गुमला जिला के तीनों विधानसभा में जनता के आशीर्वाद से खोई हुई प्रतिष्ठा वापस करेगी। बैठक में आगामी कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। बैठक का संचालन महामंत्री द्वय यशवंत सिंह व रामावतार भगत द्वारा किया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, अवधेश प्रताप शाहदेव,रविंद्र कुमार सिन्हा, सुरेश सिंह ,जगेश्वर सिंह जिला मंत्री गौरी किंडो, संजय साहू,विजय सिंह पिंटू,कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल, किशोर मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## 12 सदस्यों का जत्था देवघर के लिए रवाना



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** कवरिया संघ देवाकी बाबा धाम के 12 सदस्यों का जत्था शुक्रवार को देवघर के लिए रवाना हुआ। इस क्रम में जानकारी देते हुए निक्कू साहू ने बताया कि दो वाहन से 12 सदस्यों का जत्था देवघर के लिए रवाना हुए है। इस क्रम में सुल्तानगंज से शनिवार को प्रातः जल उठकर देवघर स्थित भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। वही इसके बाद बाबा बासुकीनाथ में शिवलिंग पर जलविषेक किया जाएगा। उसके बाद पुनः घर वापस होंगे।लगातार 9 वर्षों से संघ के सदस्य द्वारा देवघर जाना अनवरत जारी है। इस मौके पर सुरेश साहू, नीरज साहू, विपिन साहू, मंटू साहू, नीतीश पांडे, चंद्रशेखर भगत, निखिल गुप्ता, शुभम राज, टिंकू साहू, सचिन कुमार, विक्की साहू, संजय साहू, सचिन कुमार सदस्य के नाम शामिल है।

## शैलपुत्री फाउंडेशन स्कूल ने मनाया आदिवासी दिवस



**भरनो (आजाद सिपाही)।** विश्व आदिवासी दिवस पर शैलपुत्री फाउंडेशन स्कूल भरनो में रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर स्कूल के बच्चों के द्वारा कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रिंस लोहरा, जयंती कुमारी, अरुण कुमार, निशा कुमारी, माहि कुमारी, नितिका कुमारी, आराध्य कुमारी, श्रुति केशरी, सुजीत उरांव, रिमी केशरी, अभिराम उरांव, शिल्पी कुमारी, प्रिंस लोहरा, प्रियांशु गोप, अंजलि कुमारी और रिया कुमारी द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर स्कूल के निदेशक विनय केशरी ने कहा की आज का दिन आदिवासी समाज के लिए गौरव का दिन है। आदिवासी समाज की संस्कृति की रक्षा करने के लिए टीचर और बच्चों ने संकल्प लिया। मौके पर सभी टीचर मौजूद थे।

### विश्व आदिवासी दिवस पर किया कार्यक्रम का आयोजन

# प्रकृति से सामंजस्य बनाने में आदिवासी समाज सभी से आगे : अनिरुद्ध चौबे

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**घाघरा।** विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद अनिरुद्ध चौबे ने कहा जंगल जमीन संस्कृति आदिवासियों की पहचान है। प्रकृति से सामंजस्य बनाने में आदिवासी समाज सभी से आगे रहता है। उक्त बातें घाघरा के रुकी पंचायत भवन में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के दौरान कहीं। कार्यक्रम ग्राम वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति के बैनर तले समन्वयक वन प्रमंडल गुमला हरित चेतना अभियान ने कार्यक्रम आयोजित की थी। उक्त कार्यक्रम में अनिरुद्ध चौबे ने आगे कहा कि विश्व समुदाय हाल के वर्षों में कोरोना जैसे महामारी का सामना किया है।

वन, प्रकृति एवं आदिवासियों के सामंजस्य पर कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं आज के वर्तमान दौर में आदिवासी समाज ही प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर वास्तव में नवीनता का सिद्धांत दे रही है। आदिवासी समुदाय जो जंगल में थे, कोरोना से कम प्रभावित हुए शुद्ध हवा, शुद्ध वातावरण प्रकृति के गोद में नाचना, खेलना, इटलाना, जीवन जीना यही तो आदिवासी है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि आज के दिन संयुक्त राष्ट्र संघ ने आदिवासियों की स्मिता एवं अधिकार की रक्षा के लिए विश्व आदिवासी दिवस घोषित किया। आदिवासियों के विकास एवं संरक्षण हेतु सरकार को और तीव्रता से विकास कार्य करने की आवश्यकता है जो आदिवासी संस्कृति को ध्यान में रखकर हो। इस मौके पर मुख्य रूप से मौजूद कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया भीम उरांव, पंचायत सचिव अंजली तिर्की, शिक्षक भीम यादव सहित रुकी पंचायत के वनों से अच्छादित गांव बड़ा अजयातु, छोटा अजियातु, मनातु, रुकी कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# आजसू ने मनाया विश्व आदिवासी दिवस

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चैनपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित लूथरन मैदान में आजसू पार्टी के बैनर तले विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के अधिकार को छीनने वालों को हमें चिन्हित करना होगा। क्योंकि ऐसे लोगों की नजर हमारे जल, जंगल, जमीन के साथ-साथ हमारी अस्मिता पर भी है। आदिवासियों ने जल, जंगल, जमीन और पर्यावरण का एक संरक्षित करने का काम किया है। संयुक्त राष्ट्र संघ में आदिवासियों की स्थिति को देखकर विश्व भर में एक आयोग का गठन किया गया है जो आदिवासियों के विकास के लिए बनाया गया है। आदिवासी दिवस सभी आदिवासियों को एकजुट होने का एक अच्छा अवसर है। साथ ही हमें अपने हक और अधिकार पाने के लिए संघर्ष करना होगा। साथ ही इस लड़ाई को सफल बनाने के लिए शिक्षा को हथियार बनाना होगा। जब तक हमारा समाज शिक्षित और जागरूक नहीं होगा तब तक हम लोग आगे नहीं बढ़ पाएंगे। शिक्षा के अभाव में हम लोग अपनी पहचान हक और अधिकार से वंचित रह जायेंगे। समाज को आगे बढ़ाने के लिए सभी आदिवासियों को एक पटल पर आना होगा। वही आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह गुमला विधानसभा प्रभारी बोनीफास कुजूर ने कहा कि आज आदिवासियों के बीच नशापन की लत और शिक्षा का अभाव सबसे बड़ी परेशानी है। नशे का त्याग कर शिक्षा को बढ़ावा देने से हम आर्थिक और सामाजिक रूप से आगे बढ़ सकते हैं। ऐसे कार्यक्रम के जरिए हम आज की युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ सकते हैं। आज हमें एकजुट होकर अपनी संस्कृति को बचाते हुए आदिवासी समाज को उन्नति के पथ पर अग्रसर करना है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव गोपीनाथ साहू, जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, जिला सचिव सद्दाम हुसैन, युवा जिला प्रभारी रमेश उरांव, जिला सह सचिव गोलू, रायडीह प्रखंड अध्यक्ष रवि राम, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार, डुमरी प्रखंड अध्यक्ष चंद्रमोहन, जारी प्रखंड अध्यक्ष सकलदीप नाथ सहदेव, जिला उपाध्यक्ष जीविता बड़ा, जिला महासचिव पिंकी कुजूर, जिला प्रवक्ता दिप्ती रोज लकड़ा, प्रखंड महिला अध्यक्ष माधुरी आदि उपस्थित हुए।

## एकता महिला संगठन की पांचवीं वर्षगांठ संपन्न



**गुमला (आजाद सिपाही)।** एकता महिला संगठन गुमला का पांचवा वर्षगांठ रौनियार धर्मशाला में धूमधाम से मनाया गया। मौके पर सावन मिलन का भी आयोजन हुआ। जिसमें 100 से अधिक की संख्या में रौनियार समाज की महिलाओं की उपस्थिति हुई ।सावन के गीतों और सावन के झूलों की सुंदरता के साथ यह कार्यक्रम काफी उमंग के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सदस्यों के बीच तरह-तरह के गेम, सावन के गीत नृत्य और बहुत से रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में रांची से झारखंड प्रदेश महिला विंग की कोषाध्यक्ष मीनाक्षी गुप्ता, दीपाली गुप्ता और घाघरा से पिंकी गुप्ता शामिल हुई। एकता रौनियार महिला संगठन की अध्यक्ष लता गुप्ता ने कहा कि हमें नारी शक्ति को मजबूत करना है और गुमला के साथ साथ आसपास के गावों में जाकर नारी शक्ति को मजबूत बनाने की दिशा में काम करना है। झारखण्ड प्रदेश उपाध्यक्ष ममता गुप्ता ने कहा कि संगठन के लिए मुझसे जो भी सम्भव होगा, मैं करूंगी। सचिव सरिता गुप्ता, कोषाध्यक्ष मंजू गुप्ता दोनों ने भी संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन श्वेता गुप्ता ने किया। मौके पर सीता गुप्ता ममता गुप्ता, रीता कुमारी, सीमा गुप्ता, मीना गुप्ता, निपुण गुप्ता, सुमन गुप्ता, कंचन गुप्ता, पार्वती गुप्ता, पिंकी गुप्ता, पूजा गुप्ता, जया गुप्ता, सोनाली गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# गुमला पॉलिटेक्निक में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** 09.08.2024 को गुमला पॉलिटेक्निक ने विश्व आदिवासी दिवस को बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया। यह कार्यक्रम कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया, जहाँ प्राचार्य डॉ. शिबा नारायण साहू और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ल ने दीप प्रज्वलित किया और छात्रों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में भगवान बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित की। इस समारोह में संस्थान के विभिन्न विभागों द्वारा दो दिनों यानी 8 और 9 अगस्त को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक कई आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए गये। समारोह में आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देना और छात्रों के बीच एकता की भावना को बढ़ावा देना था।

विद्यार्थियों ने आदिवासी जीवन और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को दशार्ने वाली चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ने प्रतिभागियों के विभिन्न आदिवासी समुदायों, उनके इतिहास, परंपराओं और योगदान के बारे में ज्ञान का परीक्षण किया।

प्रतिभागियों की मधुर आवाज ने वातावरण को भर दिया क्योंकि उन्होंने आदिवासी गीत गाए जो पीढ़ियों से चले आ रहे हैं। गायन प्रतियोगिता में आदिवासी समुदायों की संगीत विरासत का जश्न मनाया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. शिबा नारायण साहू ने शिक्षा, स्वास्थ्य, मानवाधिकार, पर्यावरण, सामाजिक एवं आर्थिक विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आदिवासी संस्कृतियों के संरक्षण एवं सम्मान के महत्व पर अपने विचार साझा किये।

# आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रमों से प्राकृतिक संरक्षण का संदेश देते हैं : भूषण तिर्की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** शुक्रवार 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुमला विधायक भूषण तिर्की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी गुमला सहित जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, जिला परिषद् उपाअध्यक्ष, वन प्रमण्डल पदाधिकारी गुमला, अपर समाहर्ता गुमला, परियोजना निदेशक आईटीडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भूषण तिर्की ने बताया कि गुमला के आदिवासी को मुख्य धारा में लाना उनको जन-जंगल जमीन से बचाये रखना हम सभी लोगों का कर्तव्य है। साथ ही आदिवासी का एक अंग है- जंगल, पूरे विश्व में आदिवासी लगभग 10 मिलियन है। पुरे विश्व में 60 हजार जनजातिय भाषा बोली जाती है। गुमला जिला आदिवासी बहुमूल्य जिलों में से एक है जहां 70 प्रतिशत से अधिक आदिवासी जनजातीय समुदाय निवास करते हैं। अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्राकृतिक संरक्षण का संदेश देते है आदिवासी समाज का संरक्षण एवं उन्हें आगे बढ़ाने में सहायता करना हम सब की जिम्मेदारी है। आदिवासियों का संरक्षण करना प्राकृतिक का संरक्षण करने के समान है। आज आदिवासी समाज आगे बढ़ रहा है, जिसके लिए झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन भी सहयोग कर रहें है।

आदिवासी समाज समुदाय को जंगल एवं भाषाएं का अस्तित्व को बचाये रखने बात कही।

## आदिवासी अगर जागरूक हो जायें तो विकास खुद उन तक पहुंचेगा: कुमुदिनी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** आदिवासीयों को अपनी संस्कृति और जनजातीय भाषाओं के संरक्षण के लिए आगे आना होगा। उक्त बातें कांग्रेस अल्पसंख्यक की प्रदेश महासचिव , कांग्रेस की गुमला जिला अल्पसंख्यक प्रभारी सह आदिवासी सेना की केंद्रीय महिला अध्यक्ष कुमुदिनी प्रभावती ने कही। उन्होनें विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुमला आदिवासी बहुल जिला है। और यहां आदिवासी विकास के नाम पर खाना पूर्ति हो रही है। और यह इस लिए हो रहा है क्योंकि आदीवासी जागरूक नहीं है। जिस दिन हम आदीवासी एक हो जायेंगे, तो विकास खुद बखुद चल कर आदिवासियों के पास पहुंचेगी। बता दें कि लोयोला ट्रेनिंग सेंटर रांची में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस पर कुमुदिनी प्रभावती सम्मानित की गई। इस अवसर पर फादर महेंद्र तिर्की ने उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। फादर महेंद्र तिर्की ने कहा कि झारखंड में आदिवासी महिलाओं की पहचान के लिए कुमुदिनी प्रभावती का नाम ही काफी है। इन्हें आदिवासियों के बीच आयरन लेडी और जुझारू नेता के रूप में पहचाना जाता है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की समस्याओं में दो कदम आगे आकर साथ देने के लिए ऐसी महिलाओं की आवश्यकता है। इस मौके पर एटीएस के पूर्व अध्यक्ष रमन सिंह, पूर्व शिक्षा मंत्री गीता श्री उरांव, आचार्य बिशप, आंदोलनकारी प्रभाकर तिर्की, रतन तिर्की सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# आदिवासी दिवस पर गुमला के प्रखंडों में कार्यक्रम का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** 09 अगस्त 2024 दिन शुक्रवार को पूर्वाहन 11:00 बजे जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा बिरसा मुंडा एग्रो पार्क पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण गुमला जिला सचिव हांदू भगत की अध्यक्षता में हुई। हांदू भगत ने कहा कि विश्व में आदिवासियों का शोषण ना हो इनका अधिकार मिले इसके लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने अंतरराष्ट्रीय संघ का गठन किया था। 9 अगस्त 1982 को बैठक की गयी थी। उसके बाद 9 अगस्त को आदिवासी दिवस पूरे विश्व में मनाया गया। लेकिन इसकी अधिकारिक घोषणा सन 1994 में की गयी। आदिवासी का शब्द ठक्कर बाबा के द्वारा दिया गया था। ठक्कर बाबा को ही आदिवासियों का मसीहा कहां जाता है। आदिवासियों की जनसंख्या विश्व भर में लगभग 40 करोड़ और हमें गर्व है कि हमारे आदिवासी भाइयों पर अपनी महानतम संस्कृति को आज भी संजोए हुए हैं। मुख्य रूप से उपस्थित जिला महासचिव फिरोज आलम, जिला उपाध्यक्ष विष्णु राम, जिला महासचिव मो. खालिद कामगार, यूनियन जिला अध्यक्ष मो. मुख्तार, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष साहब वसीम, दुखी भगत, जिला कार्यकारिणी सदस्य जास्मीन लुगुन, जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस सेवादल ज्योति कुजूर, क्रिस्टीना तिर्की, ललिता लकड़ा ,क्रिस्टीना टोप्पो, हिल्दा लकड़ा, मिलियानी मिंज इकरामुल हक कयूम खान मौजूद थे।

## हर अवसर पर आदिवासी संस्कृति की बात हो : एसडीओ




**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पुस्तकालय परिसर इंडोर स्टेडियम में आदिवासी एकता मंच बसिया के बैनर तले विश्व आदिवासी दिवस 2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसिया एसडीओ जयवंती देवगम ने कहा कि हम केवल 9 अगस्त को ही आदिवासियों के भाषा संस्कृति की बात करते है। जबकि हमे हर अवसर पर गांव घर में इसकी चर्चा करनी चाहिए। इसके साथ ही हमे सांस्कृतिक शेक्षणिक राजनैतिक आर्थिक रूप से मजबूत होनी होगी नही तो हम लुप्त होने के कगार पर आ जायेंगे। हम आदिवासियों में जो सफल हुए है उन्हें भी अपने गांव को सशक्त करने की आवश्यकता है।हम हमेशा अपनी भाषा संस्कृति को बचाने की बात करते है लेकिन हम अधिकतर लोग अपनी मातृभाषा को बोल तक नही पाते है ।इसलिए हमें बचपन से ही अपने परिवार में ही बच्चों को अपनी भाषा संस्कृति को सिखाने की जरूरत है। इसके साथ ही कॉग्रेस के प्रदेश सचिव सह आदिवासी एकता मंच के मुख्य संरक्षक रोशन बरवा,सुजीत टेटे, शशिकांत भगत,ज्योति लकड़ा, फेड्रिक टोप्पो, अजित गुड़िया, संत कुमार भगत समेत अनेक वक्ताओं ने आदिवासी समाज के सामने चुनोती और समाधान विषय पर अपने अपने विचार व्यक्त किये।

## आदिवासी दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रायडीह प्रखंड के पुराना प्रखंड परिसर में स्थित भगवान बिरसा मुंडा और बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। ततपश्चात बच्चों के द्वारा आदीवासी सांस्कृतिक नाच गान प्रस्तुत किया गया। मौके पर उपप्रमुख दीपक कुजूर,मुखिया चुंया कुजूर, किरण बिलुंग,लंकेश बड़ाईक,सोमेश्वर भगत,खोरस केरकट्टा,अनुप फ्रांसिस, बासिल और अन्य गणमान्यजन मौजूद थे।

# 10 लाख का इनामी जोनल कमांडर गिरफ्तार

## थाना लूटकांड और पुलिस पार्टी पर हमले सहित कई घटना को अंजाम देने में रहा है शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** नक्सलियों के खिलाफ अभियान में झारखंड पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पलामू पुलिस ने नितेश दस्ते के 10 लाख के इनामी नक्सली जोनल कमांडर सीताराम रजवार उर्फ रमनजी को गिरफ्तार किया है। बिहार के औरंगाबाद जिले के नवीनगर में एनटीपीसी थाना क्षेत्र के रहने वाले नक्सली सीताराम करीब दो दशक से संगठन में सक्रिय था। दस्ता सदस्य के रूप में शामिल सीताराम रजवार एके 56 रखता था। काम के कारण वह जोनल कमांडर बन गया। सीताराम रजवार पर झारखंड और बिहार में 70 सभी अधिक बड़े नक्सली हमले को अंजाम देने का आरोप है। सीताराम रजवार झारखंड-बिहार सीमा पर पलामू, गया औरंगाबाद में माओवादियों का तीसरा सबसे बड़ा कमांडर था। शुक्रवार को प्रेस वार्ता में पलामू एसपी रीश्मा रमेशन ने बताया कि वर्ष 2001 में माली थाना लूटकांड के दौरान आधा दर्जन पुलिसकर्मियों की हत्या में शामिल था। वर्ष 2009 में विधानसभा चुनाव के समय माहुर मोहम्मदगंज थाना अंतर्गत पोलींग पार्टी को आइडी ब्लाष्ट कर उड़ाने में शामिल था। 2015-16 में पलामू के काला पहाड़ में लैंड माइंस विस्फोट में पुलिस के सात जवान शहीद हुए थे। इस घटना का सीताराम रजवार आरोपी है।


पकड़े गये इनामी नक्सली की जानकारी देते पलामू एसपी रिश्मा रमेशन व अन्य।

### घटना को अंजाम देने के लिए जुटे थे नक्सली

पुलिस के अनुसार राज्य में नक्सलियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में हुसैनाबाद एसडीपीओ को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि प्रतिबंधित माओवादी संगठन के नितेश यादव दस्ता के सीताराम रजवार उर्फ रमन रजवार, संजय यादव उर्फ गोदराम और अन्य सदस्यों के साथ झरगडा गांव के पास जंगल में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए रूका हुआ है। सूचना पर एसडीपीओ के नेतृत्व में थाना प्रभारी संजय कुमार यादव और लतेया पिकेट प्रभारी धर्मवीर कुमार यादव ने छापामारी की। इसी दौरान जोनल कमांडर सीताराम रजवार उर्फ रमन रजवार को पकड़ा गया।

# नाग देवता की कृपा सभी पर बनी रहे : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नाग पंचमी के अवसर पर चैनपुर प्रखंड के बोकेया ग्राम में नाग पंचमी पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम महापौर अरुणा शंकर, वर्तमान विधायक आलोक चौरसिया और प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह उपस्थित हुए। तीनों ने मिलकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, रामलाल चौरसिया, पूर्व जिला परिषद संतु चौरसिया, पथरिया पंचायत की मुखिया रानी सिंह, नाग पंचमी समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी, सचिन एवं मंच संचालन करता ब्रह्मदेव चौधरी, कोषाध्यक्ष मुनि चौधरी, मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडे, सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे, मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी, श्वेतांग गर्ग, मंडल उपाध्यक्ष ईश्वर चंद, आशीष भारद्वाज और भाजपा के तमाम कार्यकर्ता और चैनपुर प्रखंड के हर गांव की महिलाएं आदि हजारों की संख्या में शामिल हुए। प्रथम महापौर ने नाग पंचमी की पूजा का सभी को बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी। कहा कि नाग बाबा के दरबार में विराजमान सभी लोगों पर बाबा की कृपा हमेशाबनी रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का युवा नेता सूर्या सिंह ने किया विरोध



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** युवा नेता सूर्या सिंह ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों की निंदा की है। सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन्होंने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहा अत्याचार मानवीयता के खिलाफ है। बावजूद इसके दुनिया इस मुद्दे पर मौन है। उन्होंने भारत के विपक्ष पर भी निशाना साधा। कहा कि जहां वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है, वहीं बांग्लादेशी हिंदुओं के प्रति हो रहे धार्मिक उत्पीड़न पर किसी ने अब तक एक शब्द तक नहीं कहा है। बांग्लादेश के हिंदुओं को सुरक्षा और सम्मान देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय और भारत सरकार को तत्काल कदम उठाने चाहिए।

### ऑल इंडिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गयी चर्चा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में ऑल इंडिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन के हुसैनाबाद इकाई की बैठक शुक्रवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता रियासती सदर प्रो जावेद अहमद अंसारी ने की। इसमें सेंट्रल सेक्रेटरी खालिद एकबाल भी मौजूद थे। संचालन स्टेट एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य मो जुबैर अंसारी ने किया। इस अवसर पर खालिद एकबाल ने कहा कि आइटा शिक्षकों की एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन है। इसमें शिक्षकों के पेशेवराना दक्षता को बढ़ाने के लिए सेमिनार, सिम्पोजियम एवं प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करती है। विद्यार्थी-शिक्षक के बीच रिश्तों को दोस्ताना बनाने पर जोर देती है। रियासती सदर ने कहा विद्यालयों का शैक्षणिक माहौल बेहतर हो, शिक्षकों के बीच समन्वय अच्छा हो एवं शिक्षक विषयों की पूरी तैयारी के साथ बच्चों को शिक्षा दें तो बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। शिक्षक राष्ट्र निर्माता ही नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत का पथ-प्रदर्शक होता है। वहीं, महबूब आलम ने उच्च विद्यालयों में उर्दू की किताबों की अनुपलब्धता का मुद्दा उठाया। इस पर जवाब दिया गया कि अधिकारियों से इस संबंध में बात की जाएगी। मौके पर शमीम कोरैशी, इम्तेयाज अहमद, मतीन अहमद, इजहार आलम, जफीरूद्दीन, मौलाना अब्दुस्सलाम आदि मौजूद थे।

### दो फरार वारंटी गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज पुलिस की विभिन्न मामले के फरार वारंटियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को हरिहरगंज थाना कांड संख्या 131/22 में फरार चल रहे आरोपी धनंजय कुमार मेहता उर्फ कल्पू और विनय सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि धनंजय को भादवि की धारा 147, 148, 341, 307, 186, 188, 283, 353, 42 और 7 व विनय को केस नंबर 660/ 2017 के आरोप में जेल भेजा गया है।

# जल-जंगल व जमीन बचाने के लिए आदिवासी हित की रक्षा जरूरी: बिट्टू

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस सभागार में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस के अवसर पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पलामू जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष अजय साहू ने किया। सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। इसके बाद उपस्थित वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखें। जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने कहा कि हर साल संयुक्त राष्ट्र दुनिया के आदिवासी लोगों से संबंधित एक विशेष मुद्दे को उजागर करने के लिए एक विषय का चयन करता है। 2024 अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस का विषय 'स्वैच्छिक अलगाव और प्रारंभिक संपर्क में आदिवासी लोगों के अधिकारों की रक्षा' है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार वर्तमान में दुनिया में स्वदेशी लोगों के लगभग 200 समूह स्वैच्छिक अलगाव और प्रारंभिक संपर्क के बिना रहते हैं। वे मुख्य रूप से सुदूर वन क्षेत्रों में रहते हैं जो खनिजों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध हैं। यहां स्वैच्छिक अलगाव का मतलब है कि वे अपनी अलग सांस्कृतिक और जातीय पहचान बनाए रखने के लिए मुख्यधारा की आबादी के साथ घुलना-मिलना पसंद नहीं करते हैं। वे अभी भी शिकार और संग्रहण पर निर्भर हैं, जो उनकी संस्कृति की एक विशिष्ट विशेषता है। वे जंगल और पारिस्थितिकी के सबसे अच्छे संरक्षक हैं। कृषि, खनन आदि के विकास के कारण उनके क्षेत्र में वनों की कटाई बढ़ गई है, जिससे उनकी आजीविका और उनकी विशिष्ट संस्कृति को खतरा है। आज इस अवसर पर हम सभी को प्राण लेने की आवश्यकता है की जल जंगल जमीन बचाने के लिए आदिवासी हित की रक्षा जरूरी है। इस सेमिनार में रामाशीष पांडे, लक्ष्मी नारायण तिवारी, ओमप्रकाश अमन, शमीम अहमद राईन, जतरु उरांव विद्या, सिंह शेरो, अरविंद पासवान ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर सच्चिदानंद मिश्रा, मुकेश सिंह, परीक्षित दुबे, जितेंद्र कमलापुरी, शेर खान, अनिल सिंह, विद्या सिंह, सत्येंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# बल्लू बलराम पुनः बने भाजपा के मंडल अध्यक्ष



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** आरबी पैलेश होटल में शुक्रवार को बल्लू बलराम का पुनः मंडल अध्यक्ष बनने पर भाजपा और भाजयुमो मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र और माला पहना कर जोरदार स्वागत करते हुए बधाई दी। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी के प्रति निष्ठा और सबको साथ लेकर चलने की हुनर ने हरिहरगंज के इतिहास में पहली बार किसी को दोबारा मंडल अध्यक्ष बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। वहीं मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि पुनः मंडल अध्यक्ष बनने का जो सौभाग्य प्राप्त हुआ है मैं उसे निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करूंगा। सम्मान समारोह में सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, सतेंद्र मेहता, सतेंद्र पासवान, भीम सेन शर्मा, विजय यादव अरुण स्वर्णकार, भोला गुप्ता, गंगा जायसवाल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंदन जयसवाल, मीडिया प्रभारी, चंदन प्रजापति, संजीव सिंह, अंबुज सिंह छोटू सिंह, दिलीप सोनी, पवन, मिठू अंकित, सिकंदर पासवान, विकास, सीताराम निरंजन गुप्ता, रिंकू शौंडीक, राजू सिंह, कुंदन यादव, मनोज मेहता, गुड्डू सिंह कन्हाई, संतोष, मनोज, नरेंद्र, करण राजवीर, संतोष गुप्ता, तुषार कुमार, विजय मिश्रा, कुंदन कुमार, संजीव सिंह, अंकित गोल्लू, मनीष आदि उपस्थित थे।

# जल-जंगल-जमीन की बात करने वाली गठबंधन सरकार भय-भूख और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में जुटी : बिजेंद्र

**क्षेत्र भ्रमण के बाद भाजपा नेता ने विश्रामपुर में की पत्रकारों से बातें, सरकार पर साधा निशाना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** वरीय भाजपा नेता बिजेंद्र पाठक ने कहा कि जल जंगल जमीन की बात करने वाली राज्य की गठबंधन सरकार भय भूख और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में पांच साल गुजार दिए। इस अवधि में अपराधी व उग्रवादी बेलगाम रहे। बेरोजगारी और पलायन से राज्य में अराजक स्थिति उत्पन्न कर दी। विदानसभा चुनाव में जनता वर्तमान गठबंधन सरकार को नकारते हुए भाजपा को अपना समर्थन देगी और झारखंड में अगली सरकार भाजपा की ही बनेगी। वे शुक्रवार को क्षेत्र भ्रमण के बाद गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय के विश्रामपुर आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने राज्य सरकार पर जमकर जुबानी हमला किया। कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार का आलम यह है कि हेमंत सोरेन सहित कई अधिकारी जेल चले गए। झारखंड सरकार ने अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया। चुनाव आते ही और कई नारे और वादे लेकर जनता को बरगलाने में जुट गये हैं. लेकिन झारखंड की जनता इनका असली चरित्र जान चुकी है। जनता अब किसी बहकावे में नहीं आने वाली है। इस मौके पर भाजपा के पूर्व गढ़वा जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, रवींद्र नाथ उपाध्याय, पंकज कुमार लाल सहित कई भाजपा नेता मौजूद थे।

# फाइलेरिया तेजी से फैलने वाली बीमारी बचाव ही इसका उपाय: डॉ राजेंद्र कुमार

**विश्रामपुर सीएचसी में 25 तक चलेगा राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन पखवाड़ा कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार से 25 अगस्त तक फाइलेरिया उन्मूलन पखवाड़ा मनाया जायेगा। इसके तहत शनिवार को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बूथ स्थापित किया गया है। बूथों पर लोगों को आईडीएसी दावा खिलाई जायेगी। 11 अगस्त से प्रत्येक घर जाकर सभी को दावा दी जायेगी। इसकी जानकारी प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर दी। उन्होंने बताया कि फाइलेरियां उन्मूलन पखवाड़ा कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए 275 टीम गठित की गयी है। जिसमें स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी सेविका और अनुबंधित स्वास्थ कर्मी को रखा गया है। इसके अलावा विश्रामपुर, पांडू, उंटारी व नावा बाजार प्रखंड के लिए चार आरआरटी टीम का भी गठन किया गया है। जिसके प्रमुख चिकित्सा पदाधिकारी रहेंगे। प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने कहा कि फइलेरिया तेजी से फैलने वाली बीमारी है। बचाव ही इसका सबसे कारगर उपाय है। इसलिए उपचार के अलावा फाइलेरिया के प्रति लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया रोग से पीड़ित मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाने के लिए वाहन की भी व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त जो भी पब्लिक अपने निजी वाहन से मरीज को सीएचसी तक पहुंचायेगा उनकी गाड़ी में पेट्रोल अपने निजी खर्च से भरवा दूंगा। मौके पर विनोद तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### ओबीसी एकता अधिकार मंच ने नाग पंचमी मेले में प्रसाद का वितरण किया

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद की ओर रसे विश्रामपुर प्रखंड के कधवन बक्श बाबा प्रांगण में खीर और शुद्ध जल के साथ प्रसाद बांटा गया। केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि इस इस नाग पंचमी का अवसर आपके और प्रिय जनों के लिए उत्सव और आध्यात्मिक से भरा हो। इस दिव्य पर्व को आनंद और भक्ति के साथ मनाए। मुझे उम्मीद है कि यह नाग पंचमी आपके जीवन में प्रकाश, खुशी समृद्धि लाएगी। मौके पर राहुल गुप्ता, रामराज राम, नंददेव यादव, सुकून साहू, महेंद्र प्रसाद, विश्वनाथ राम व अन्य लोग उपस्थित थे। वहीं पांण्डू प्रखंड के कजरू खुर्द में बक्श बाबा के प्रांगण में ओबीसी एकता अधिकार मंच द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें बीडी प्रसाद अपने सहयोगियों के साथ मौजूद थे। मौके पर जोगेश्वर सिंह,रामराज राम,वीरबहादुर सिंह,चंदन गुप्ता आदि मौजूद थे।**

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता से हो रहा देश का सर्वांगीण विकास: नरेंद्र पांडे

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि देश विकास के जिस रास्ते पर चल पड़ा है वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शिता की ही सोच हैं। केंद्र सरकार किसानों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम लागू कर रही है। हाल ही में शुरू की गई कुछ योजनाओं में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पीएमकेएमवाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड, राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और हनी मिशन, 10,000 एफपीओ का गठन और प्रचार, खाद्य तेलों पर राष्ट्रीय मिशन ऑयल पाम (एनएमईओ-ओपी) आदि शामिल हैं। पीएम-किसान एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जो भूमि धारक किसानों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए 24 फरवरी 2019 को शुरू की गई थी। योजना के तहत, प्रति वर्ष 6000 रुपये का वित्तीय लाभ डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) मोड के माध्यम से देश भर के किसान परिवारों के बैंक खातों में तीन समान चार-मासिक किस्तों में ट्रांसफर किया जाता है। श्री पांडे ने किसानों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और हर संभव मदद का आश्वासन दिया ।

### हुसैनाबाद में उड़द बीज वितरण को लेकर बैठक

**हुसैनाबाद 9आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को उड़द बीज वितरण को लेकर प्रखंड स्तरीय कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने की। बैठक में सरकार द्वारा किसान समृद्धि योजना के तहत मिले उड़द बीज वितरण पर चर्चा की गयी। इसके बाद पांच पंचायतों का चयन किया गया। चयनित प्रति पंचायत दो क्विंटल बीज दिया जाएगा। चयनित पंचायतों में पोलडीह, झरगाड़ा, पतरा खुर्द, डंडिला, उरद्वार का नाम शामिल है। बैठक में बीससूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, बीटीएम जय गोविंद यादव, कृषि विभाग के सतीष चौबे, अविनाश सिंह आदि उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



भारत के पूर्व दिग्गज बिल्लेबाज सचिन तेंदुलकर महिला पहलवान विनेश फोगाट के समर्थन में आये हैं।

# विनेश फोगाट के समर्थन में उतरे सचिन तेंदुलकर, भारतीय पहलवान को बताया रजत पदक का हकदार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर महिला पहलवान विनेश फोगाट के समर्थन में आए हैं। विनेश को पेरिस ओलंपिक में 50 किग्रा स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने के बाद वजन ज्यादा होने के कारण अयोग्य करार दिया गया था। विनेश ने फाइनल में पहुंचकर देश के लिए रजत पदक पक्का कर दिया था, लेकिन उनका लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना था। हालांकि, मैच से पहले ही उन्हें अयोग्य करार दिया गया। विनश ने इस फैसले के खिलाफ खेल पंचाट का दरवाजा खटखटाया है।

### 'समय-समय पर नियमों पर गौर किया जाना चाहिए'

सचिन ने विनेश को अयोग्य करार देने की आलोचना करते हुए इस पहलवान को रजत पदक का हकदार बताया। तेंदुलकर ने कहा कि खेलों में नियमों पर समय-समय पर गौर किया जाना चाहिए। उन्होंने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया, हर खेल के कुछ नियम होते हैं और उन नियमों को संदर्भ में देखने की जरूरत है, शायद कभी-कभी उन पर दोबारा गौर भी किया जाना चाहिए। विनेश फोगाट ने निष्पक्षता से फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। वजन के आधार पर उसकी अयोग्यता फाइनल से पहले हुई थी और ऐसे में उससे रजत पदक छीन लिया जाना तर्क और खेल की समझ से परे है।



### 'हमें खेल पंचाट के फैसले का इंतजार'

मास्टर ब्लास्टर ने कहा कि अगर खिलाड़ी अनैतिक चीजों का इस्तेमाल करे तो उसे अयोग्य करना जायज है, लेकिन विनेश के मामले में ऐसा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यह समझ में आता है कि अगर किसी एथलीट को प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाओं के उपयोग जैसे नैतिक उल्लंघनों के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाता। उस स्थिति में, किसी भी पदक से सम्मानित न किया जाना और अंतिम स्थान पर रखा जाना उचित होगा। विनेश ने शीर्ष दो में पहुंचने के लिए अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराया। वह निश्चित रूप से रजत पदक की हकदार है। हम सभी खेल पंचाट के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। प्रार्थना करें कि विनेश को वह पहचान मिले जिसकी वह हकदार है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 10 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in



# बंगाल से झरिया में संचालित हो रहा लॉटरी का अवैध कारोबार

## पुलिस की मौन रजामंदी से कई गिरोह चला रहे लॉटरी का अवैध कारोबार

**इसमें लॉटरी किंग के नाम से मशहूर समीर का नाम चर्चा में**

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** कोयलांचल नगरी झरिया इन दिनों अवैध लॉटरी के कारोबार के लिए सुर्खियों में है। झरिया थाना क्षेत्रों में इन दिनों धड़ल्ले से लॉटरी का खेल जारी है। जिसकी गिरफ्त में आकर भोलेभाले लोग अमीर बनने के लालच में अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई लूटा रहा हैं। गौरतलब है कि कुछ वर्ष पहले ही हेमंत सरकार ने लॉटरी के खेल को झारखंड में बंद करने का आदेश दिया था। लेकिन धनबाद जिला बंगाल से सटा होने के कारण वहां की लॉटरी झारखंड में गैर कानूनी तरीके से आसानी से प्रवेश कर जाती है। जिसे यहां बेचकर धंधेबाज मालामाल हो रहे हैं। सूत्रों कि मानें तो अब लॉटरी के गोरख धंधे से जुड़े लोग खुद नकली लॉटरी छाप रहे हैं। जिसके लिए झरिया निवासी समीर उर्फ लंगड़ा, अनिल और जोरापोखर के तनवीर चर्चा में है। ये लोग जिले के कई थानों क्षेत्र में एजेंट की मदद से लॉटरी का अवैध धंधा संचालित कर रहे हैं। इसमें जिला प्रशासन की मौन रजामंदी भी शामिल है। खबर है कि समीर और अनिल की ओर से बाजार में 'बीएस 7' के नाम से लॉटरी बेची जा रही है। वहीं, जेलगोरा निवासी गणेश ने बीते दिनों पाला बदल कर एक राजनीतिक पार्टी का दामन थामा है, ताकि अपने अवैध कारोबार को आसानी से संचालित कर सके। बतातें चलें कि हाल के दिनों में सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र राउत ने गुप्त सूचना के आधार पर जोरापोखर थाना क्षेत्र में छापामारी कर लाखों रुपये की अवैध लॉटरी का खेप जब्त किया था। साथ ही लॉटरी किंग समीर के भाई को भी गिरफ्तार किया था। उसके बाद भी समीर के धंधे में कोई नरमी नहीं आई। अब वह गोविंदपुर बाजार में नया ठिकाना बना कर अपने धंधे का संचालित कर रहा है, क्योंकि वहां से बंगाल के कोलकाता आना-जाना काफी आसान होता है। सूत्रों की मानें तो समीर ने अब अपना नया ठिकाना पश्चिम बंगाल के कोलकाता को बना लिया है। वह कोलकाता से ही बैठकर लॉटरी का रैकेट पूरे धनबाद जिले में चला रहा है।

# लंबित मुकदमों का जल्द निष्पादन करें: एसएसपी

**औचक निरीक्षण के लिए नगर व महिला थाना पहुंचे एसएसपी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** एसएसपी ह्दीप पी जनार्दनन शुक्रवार को औचक निरीक्षण के लिए नगर थाना पहुंचे। उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में एसएसपी ने थाना में दर्ज मुकदमों की समीक्षा करते हुए लंबित मुकदमों के जल्द निष्पादन का निर्देश दिया। साथ ही विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विशेष कार्य योजना के तहत सभी पेशेवर अपराधियों की सूची बनाकर उनपर विशेष निगरानी रखने, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, मतदान केंद्रों का सत्यापन करने का निर्देश दिया। इस दौरान एसएसपी ने परिसर में रखे कबाड़ को हटाने, जब्त वाहनों की निलामी करने, साफ सफाई सुनिश्चित करने आदि का भी निर्देश दिया. इस दौरान बेहतर कार्य के लिए एसआई तुलाराम मुंडा को सम्मानित भी किया। इसके बाद एसएसपी महिला थाना पहुंचे और वहां की व्यवस्था का भी जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिया।

# हॉकी में कांस्य पदक की जीत पर धनबाद में जश्न



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पेरिस ओलिंपिक में हॉकी में भारत ने कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। इस जीत की खुशी में धनबाद रेल महिला हॉकी की खिलाड़ियों ने केक काटकर खुशी मनाई और झंडा लेकर भारतीय टीम को बधाई दिया। डीआरएम ऑफिस गार्डन में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस मौके पर मंजूरी पांडेय, नूतन टोपनो, रुक्मणी दूरियां कांति प्रधान मारियम चंपईया, सीमा कुमारी, इबा तिर्की, अंजुला टोप्पो, सुमन मिंज और धनबाद ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव तारकनाथ दास उपस्थित थे।

## मंईयां सम्मान योजना के लिए अनुपमा सिंह ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

# सरकार झारखंड के विकास के लिए कटिबद्धः हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**कथारा।** 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' महिलाएं-बहनों को सरकार द्वारा प्रोत्साहित कर उन्हें सबल बनाने के लिए है। राज्य में यह योजना लाभकारी और प्रभावी होगी। वहीं, उक्त लाभकारी योजना के लिए राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की केंद्रीय उपाध्यक्ष सह धनबाद लोस से प्रत्याशी रही अनुपमा सिंह ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची में मिलकर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार झारखंड के विकास के लिए कटिबद्ध है। राज्य का चहुंमुखी विकास गठबंधन सरकार का संकल्प है। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। इस लिए राज्य के विकास में रोड़ा बनते रहा है। गलत तरीके से झारखंड की आवाज को दबाने के लिए षड्यंत्र करते रहता है। षड्यंत्र के तहत मुझे पांच महीना जेल में बंद रखा गया। झारखंड की जनता सब देख रही है। आगामी विधानसभा चुनाव में इसका उपयुक्त जवाब देगी। कहा कि मंइयां सम्मान योजना से महिलाओं का मनोबल बढ़ा है। महिला उत्साहित होकर इस योजना का लाभ लेने के लिए आगे बढ़ी है। आने वाले दिनों में सरकार स्वावलंबी बनाने के लिए अन्य योजना लाकर महिलाओं को सशक्त बनाएगी। वहीं, अनुपमा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच महिला वर्ग के लिए सम्मान है। विधानसभा चुनाव में महा गठबंधन मजबूती के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेंगी और राज्य में पुनः हेमंत सरकार बनेगी।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उनका आभार प्रकट करती अनुपमा सिंह।

# झारखंड के वीर आदिवासी प्रेरणास्रोतों को दी गयी श्रद्धांजलि



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस पर झारखंड के वीर सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव, गणपत राय, निलांबर-पितांबर, बुधु भगत, रघुनाथ महतो, फूलो-झानो, तिलका मांझी, शेख भिकारी, बिरसा मुण्डा को प्राचार्य आशुतोष कुमार ने श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। कहा कि सत्य, सादगी, सहनशीलता एवं स्वाभिमान आदिवासी संस्कृति की आत्मा है। इस सांस्कृतिक चेतना का विस्तार होना चाहिए। आशुतोष कुमार 2006 से झारखंड राज्य के लुप्तप्राय बिरहोर जनजाति को संरक्षित करने के लिए शोध और उनसे जुडे हुए दस्तावेज को संरक्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय मे विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रकृति से जुडी चित्र कला प्रतियोगिता हुई। भारत छोडो आंदोलन पर आधारित लघु नाट्य प्रतियोगिता अजय कृष्ण मोहन व रुपा सिंह के निर्देशन पर हुआ।

**OFFICE OF THE RANCHI MUNICIPAL CORPORATION, RANCHI, (SANITATION SECTION)**
**KUTCHERY ROAD, RANCHI, PIN-834001**
**E-Mail: - support@ranchimunicipal.com**

**Notice Inviting E Tender (2nd Call)**

NIT No. 475/SANITAION Date:08/08 /2024

| Sl. No. | Event | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | "Eco-Innovation in Action: RFP for the Implementation of a Comprehensive C&D Waste Management System as per Municipal Solid and C&D Waste Management Rules 2016" |
| 2. | Publishing of Tender | For more details and bid documents please visit the website:www.jharkhandtenders.gov.in |
| 3. | Project Cost | Rs. 5,94,39,000/- (Rupees Five Crore Ninety-Four Lakh Thirty-Nine Thousand) |
| 4. | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs 6,00,000 (Rupees Six Lakh) shall be paid towards earnest money deposit through the online payment gateway of https://jharkhandtenders.gov.in |
| 5. | Tender Fee | Rs. 25,000/- +18%GST (i.e., Rs 29,500) (non-refundable) (excluding indirect taxes, services & gateway charges) shall be paid through the online payment gateway of https://jharkhandtenders.gov.in |
| 6. | Period of Contract | For Construction: 8 Months<br>For Operation & Maintenance: 3 Years |
| 7. | Bid Validity | 180 Days |
| 8. | Bid Start Date | 08/08/2024 |
| 9. | Pre-Bid Meeting Date | 14/08/2024 at 3:00 PM |
| 10. | Bid Due Date | 28/08/2024 at 5:00 PM |
| 11. | Date & Time of Bid Opening | 29/08/2024 at 3:00 PM |
| 12. | Place of Tender Opening | Ranchi Municipal Corporation |
| 13. | Officer Inviting | Administrator, Ranchi Municipal Corporation |
| 14. | contact Details | 0651 – 2203469 |

**Eligibility Criteria & Project Details**: - Interested bidders are advised to go through the NIT and RFP document for information pertaining to Eligibility Criteria and Project related information. Interested Bidder shall submit the Proposal electronically through the website **www.jharkhandtender.gov.in** other important/relevant documents, should be scanned and enclosed with the e-tender as per the guidelines given in the RFP document.

**Note:**
1. RMC reserves the right to cancel or modify the bidding criteria/ process without assigning any reasons and liability.
2. For further detail can be seen on Bid Document uploaded on Jharkhandtender.gov.in.

sd/-
Deputy Administrator
Ranchi Municipal Corporation

PR 332244 Ranchi Municipal Corporation(24-25)#D

# शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस की परेड का किया गया पूर्वाभ्यास

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर शुक्रवार से शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में परेड का पूर्वाभ्यास किया गया। डीएपी व एनसीसी के दो-दो प्लाटून और सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, जेएपी, होमगार्ड, आरपीएसएफ व भारतीय स्काउट एंड गाइड के एक-एक प्लाटून ने परेड में हिस्सा लिया। 13 अगस्त तक परेड का पूर्वाभ्यास किया जाएगा। वहीं सरायढेला कोलफील्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रगीत गाया। 13 अगस्त को डीसी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रणधीर वर्मा स्टेडियम में परेड के पूर्वाभ्यास व समारोह की तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। स्वतंत्रता दिवस पर शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। यहां सुबह 9.05 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसके बाद धनबाद समाहरणालय में सुबह 10, अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में सुबह 10.20 बजे, मिश्रित भवन में सुबह 10.30 बजे, गांधी सेवा सदन में सुबह 10.45 बजे, रेड क्रॉस सोसाइटी में सुबह 11 बजे और धनबाद पुलिस लाइन में सुबह 11.10 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा।

# धनबाद में 74606 आवेदनों की हुई ऑनलाइन एंट्री

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य में शुरू हुए 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के तहत जिले के बाघमारा, बलियापुर, गोविंदपुर, कलियासोल, निरसा, पूर्वी टुंडी, तोपचांची, टुंडी, धनबाद, झरिया, पुटकी के साथ ही धनबाद नगर निगम एवं चिरकुंडा नगर परिषद में शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर आवेदन जमा किए। शुक्रवार की शाम 5.30 तक धनबाद जिले में 74606 आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री की गई। बतातें चलें कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रतिमाह एक हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

# कस्तूरबा गांधी स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित, बच्चों को दी गयी कानून की जानकारी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह धनबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राम शर्मा के निर्देश पर दिव्यांगों के लिए शुरू हुए 45 दिनों के जिला स्तरीय जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को गोविंदपुर कस्तूरबा गांधी बालिका हाई स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अवर न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रोशन, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने बच्चों को विभिन्न तरह के कानून की जानकारी दी। दिव्यांग बच्चों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। अवर न्यायाधीश सह डालसा के सचिव राकेश रोशन ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद की ओर से 15 जुलाई से 26 अगस्त 2024 तक प्रखंड स्तरीय विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें धनबाद डालसा की ओर से एलएडीसीएस, पैनल अधिवक्ता और पिएलबी की टीम बनाकर दिव्यांगों को चिन्हित कर उन सभी को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।

# एसएलटू आवासों में अवैध कब्जाधारियों को मिला बेदखली का नोटिस, वाशिदों में हड़कंप

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिंदरी/धनबाद।** पीपी कोर्ट में गत सात अगस्त को एसएल-टू के अवैध कब्जाधारियों की निर्धारित सुनवाई खत्म हुए अभी 48 घंटे भी नहीं बीते थे कि कोर्ट ने सभी 35 अवैध कब्जाधारियों को बेदखली का आदेश दे दिया है। पीपी कोर्ट के संपदा अधिकारी के बेदखली के आदेश से एसएलटू के वाशिदों में हड़कंप मच गया है। इधर, पीपी एक्ट न्यायालय ने नोटिस में कहा है कि नोटिस धारक एसएलटू आवास में अनाधिकृत तौर पर कब्जा करके रह रहे है। न्यायालय कब्जाधारक को 15 दिनों के भीतर आवास को कब्जामुक्त कर खाली करने का आदेश देती है। आदेश का अनुपालन नहीं करने पर बलपूर्वक आवास खाली करवा देगी। इस पर होने वाले खर्च को कब्जाधारक से वसूल किया जाएगा। बतातें चलें कि एसएल-टू के अधिकांश आवासों में बीसीसीएल के कर्मचारी रह रहे हैं। 1990 के दशक में एफसीआई प्रबंधन ने पूरे एसएल-टू के लगभग 200 आवासों को बीसीसीएल प्रबंधन को लीज पर आवंटित किया था। कालांतर में लीज शर्तों के उल्लंघन के कारण एफसीआई प्रबंधन ने लीज रद्द कर दिया था। वर्तमान में एसएल-टू में बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र के कर्मचारी रह रहे हैं। क्योंकि एफसीआई और बीसीसीएल प्रबंधन ने सारी औपचारिकता कागजी तौर पर किया था। उसे कर्मचारियों पर लागू नहीं किया गया था।

## 'एक मुलाकात-अपनों के साथ' कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष

# विस चुनाव को तैयार रहें कार्यकर्ता : संतोष सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** झरिया सवीता इंटरनेशनल स्कूल में 'एक मुलाकात अपनो के साथ' कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को धनबाद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा और झारखंड प्रदेश प्रवक्ता सह सचिव शमशेर आलम पहुंचे थे। झरिया नगर कांग्रेस अध्यक्ष रत्नेस यादव और प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष इम्तियाज अली के नेतृत्व में सभी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि 'एक मुलाकात अपनो के साथ' कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया जा राह है। वार्ड पंचायत और बूथ स्तर के कार्यकता ही संगठन को मजबूत बनाते है। विधानसभा चुनाव को लेकर धनबाद में बूथ स्तर पर कांग्रेस को मजबूत नींव तैयार करने का लक्ष्य दिया गया है। हमें चुनाव के लिए तैयार रहना है। उन्होंने ने कहा कि हम झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारी हैं। इस राज्य को बनाने के लिए हमलोग भी जेल गये हैं। इसलिए हमलोग विरासत के बल पर नहीं, बल्कि मेहनत करके राजनीति में आए हैं। हम आलोचनाओं से बिचलित नहीं होते। वहीं, झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सह सचिव शमशेर आलम ने कहा कि कांग्रेस में हम व्यक्ति नहीं, बल्कि पार्टी की राजनीति करतें हैं। कांग्रेस हाईकमान ने संगठन सशक्तिकरण की जिम्मेदारी दी गई हैं। हमारा लक्ष्य है कि 'ऐसा कोई गांव नहीं जहां कांग्रेस के पांव नहीं'. विधानसभा चुनाव में कांग्रेस-झामुमो गठबंधन जिला के सभी सीट से चुनाव लड़ेगी और जीतेगी। वहीं, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने कहा कि वरिष्ठ नेताओ, स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार व झारखंड आंदोलन के सेनानियों से भी हमलोग मिलेंगे। धनबाद के कार्यकताओं में काफी उर्जा है। इस बार हमलोग चुनाव जितेगें। उन्होंने मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा महिलाओं तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में झारखंड प्रदेश के आमंत्रित सदस्य मुख़्तार खान, समशेर अलाम, संतोष सिंह, राशीद रजा अंसारी, भोलानाथ सिंह, भगवान दास, भगत सिंह, वीरेंद्र गुप्ता, वीरेंद्र कुमार सिंह, रत्नेश यादव, इम्तियाज अली, मणिभूषण तिवारी, हरभजन सिंह, वीरेंद्र यादव, कुंदन कुमार मोदक आदि उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा**
**(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या– **RDD/SD/LOHARDAGA/E-04/2024-25**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | लोहरदगा जिला के पेषरार प्रखण्ड में सीरम पंचायत अवस्थित ग्राम सांगोडीह में दोमुहान पनघट के गाला नदी पर उच्च स्तरीय सेतु निर्माण। | 3,01,19,400.00 | 6,02,500.00 | 10,000.00 | 18 माह |
| 2 | लोहरदगा जिलान्तर्गत पेषरार प्रखण्ड के रोरद एवं चांदगो के बीच (बागधर) नदी पर पुल निर्माण। | 3,51,95,100.00 | 7,04,000.00 | 10,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 14.08.2024
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.08.2024 से दिनांक 04.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4.ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, लोहरदगा।
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 06.09.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा।
7. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दुरभाश संख्या :– 06526–295021
8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा

PR 332235 (Lohardaga)24-25*D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–21/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 29.08.2024 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 30.08.2024 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 30.08.2024 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | अग्रधन की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Main Building and Construction of Barrack of "E" Type Qtr. No. -27 at Sector-3, HEC, Dhurwa, Ranchi | 23,02,000.00 | 5000.00 | 465000.00 | 3 Months |
| 2 | Renovation of Main Building, Out House, Garage and Raising of Barrack of E Type Qtr. No. -169 at Sector-2, HEC, Dhurwa, Ranchi | 20,16,900.00 | 5000.00 | 40500.00 | 3 Months |
| 3 | Renovation of B type Qtr. No.-1420 (First Floor) in Sector-II at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,12,400.00 | 750.00 | 6500.00 | 1 Month |
| 4 | Renovation of Room No.-209, 210, 211, 212, 213 & 214 (Industries Department) at 2nd Floor of JSBCCL Building at HEC, Dhurwa, Ranchi | 5,77,300.00 | 1250.00 | 12000.00 | 1 Month |
| 5 | Renovation of Room No.-251 (US Chamber, Welfare Department) at 2nd Floor and Room No.-04 (Deputy Secretary Chamber, Revenue, Registration & Land Reforms Department) at Ground Floor, Room No.-334 (Department of Commerce Taxes) at 3rd Floor and Supply of Materials at Chief Secretary Office at First Floor of Project Building at HEC, Dhurwa, Ranchi | 11,79,000.00 | 2500.00 | 24000.00 | 1 Month |
| 6 | E/R to Aluminium partition work at room no.-19 at Ground Floor and Room No.-122 at First Floor of FFP Building at HEC, Dhurwa, Ranchi | 2,27,300.00 | 500.00 | 5000.00 | 1 Month |
| 7 | E/R to Vinyl Floor and wallpaper work at room No.-126 (CEO, JSLPS Chamber) first Floor of FFP at HEC, Dhurwa, Ranchi | 2,83,700.00 | 750.00 | 6000.00 | 1 Month |

नोट : निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 332265 Building(24-25)#D

# पांडियन के हेलीकॉप्टर के खर्च की जांच की जायेगी : परिवहन मंत्री



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** शुक्रवार को पांडियन के हेलीकॉप्टर दौरे के बारे में परिवहन मंत्री का बड़ा बयान। हेलीकॉप्टर की खर्च की जांच शुरू कर दी गयी है। जल्द ही कार्रवाई की जायेगी। वीके पांडियन के हेलीकॉप्टर खर्च की जांच की जा रही है। एक व्यक्ति के लिए सार्वजनिक रूप से खजाना लूटना कभी भी स्वीकार्य नहीं है। परिवहन मंत्री विभुति जेना ने कहा, हमारी सरकार इस मामले पर कड़ी नजर रख रही है। जांच चल रही है। जल्द ही कार्रवाई की जायेगी। यह एक प्रक्रिया है, हेलीकॉप्टर कौन ले सकता है इसकी एक सीमा है। सरकार पूरे कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए बाध्य है। ऐसा घटना दोबारा नहीं होना चाहिए। हमारी सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# हर घर तिरंगा अभियान को शक्ति केंद्र से बूथ स्तर तक सफल बनायें : जैलेंद्र



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली विधानसभा के राहे मंडल कार्यालय में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त बैठक हुई। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मेघनाथ महतो ने किया। बैठक में प्रभारी के रूप में रांची जिला ग्रामीण के पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने ने विस्तार पूर्वक हर घर तिरंगा अभियान को शक्ति केंद्र से बूथ स्तर तक कैसे सफल बनाया जाये, इस पर चर्चा की और बांग्लादेश की स्थिति से अवगत कराते हुए सभी से सावधान रहने की बात कही। गांव में नये चेहरे देखने पर उसकी जानकारी लें और प्रशासन को अवश्य सूचित करें। विशिष्ट अतिथि ओबीसी मोर्चा के प्रताप कुशवाहा, ज्योति कोइरी, मंडल महामंत्री दिलेश्वर महतो, राजू महतो, मनोज महतो लक्ष्मण महतो, महेंद्र महतो, कार्तिक माझी, भरत दास, फलिंदर हजाम राजेन अहीर उपस्थित हुए।

## एससीबी द्वितीय परिसर में क्रेन गिरने से 3 कर्मचारी घायल

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को कटक बड़ मेडिकल में बड़ा हादसा। निर्माण कार्य के दौरान एससीबी में क्रेन गिर गयी। 10वीं मंजिल पर निर्माण सामग्री चढ़ाते समय क्रेन टूट गयी। क्रेन ढहने वाली जगह पर पचास से ज्यादा मजदूर काम कर रहे थे। तीन मजदूरों की हालत गंभीर बतायी जा रही है।**












# स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को मिलेगा भत्ता : मोहन चरण माझी



**स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को कुटुंब पेंशन योजना में भत्ता दिया जायेगा।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** शुक्रवार को भुवनेश्वर में शहीद स्मारक स्वतंत्रता सदन में क्रांति दिवस मनाया गया। ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, कानून, पूर्ति और आबकारी मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन, उच्च शिक्षा, खेल और युवा मामलों के मंत्री सूर्यवंशी सूरज, विधायक एकाम्र बाबू सिंह ने इस अवसर पर शिरकत की और शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की और स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को सम्मानित किया। स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को कुटुंब पेंशन योजना में भत्ता दिया जायेगा। सरकार जल्द ही स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों की पहचान करेगी। इसकी रूपरेख भी जल्द ही तैयार की जायेगी। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने राज्य स्वतंत्रता सेनानी संघ द्वारा शहीद स्मारक स्वतंत्रता सेनानी हॉल में आयोजित क्रांति दिवस समारोह में भाग लिया। 9 अगस्त को भारत छोड़ो आंदोलन दिवस है।

भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में इस दिन को क्रांति दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

# बीजद सुप्रीमो नवीन पटनायक नवंबर से ओड़िशा दौरे पर निकलेंगे



## नवीन पटनायक अभी भी लोगों के दिलों में : नेता देबी

**बीजेडी के वरिष्ठ नेता देबी मिश्रा ने कहा कि नवीन पटनायक अभी भी लोगों के दिलों में हैं। उन्होंने आगे कहा कि ओड़िशा का विकास ही नवीन का लक्ष्य है। हालांकि, नवीन के पूरे राज्य में दौरे के मुद्दे पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि नवीन को विपक्ष के नेता के तौर पर राज्य का दौरा करना चाहिए। मनमोहन सामल ने आगे जवाब दिया है कि, नवीन को उन इलाकों का दौरा करना चाहिए, जहां वे पिछले 24 सालों के शासन में नहीं गये हैं।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** बीजेडी सुप्रीमो नवीन पटनायक नवंबर से ओड़िशा दौरे पर जाने वाले हैं। शुक्रवार को इस संबंध में रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गयी। हालांकि, इस संबंध में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रतिक्रिया दी है, पढ़ें उन्होंने क्या कहा। खबरों के मुताबिक, बीजेडी सुप्रीमो नवंबर से राज्य का दौरा करेंगे। नवीन पटनायक ओड़िशा के विभिन्न जिलों का दौरा करेंगे। वे लोगों से जुड़ने के लिए अलग-अलग जिलों का दौरा करेंगे। वे लोगों से उनकी मुश्किलें पूछेंगे और संगठन और कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने की सलाह देंगे।

## जगतसिंहपुर में जेइ पर ओड़िशा सतर्कता विभाग का छापा

# 25,000 रुपये लेते रंगे हाथ पकड़ा गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** जगतसिंहपुर के नुआगांव ब्लॉक के जूनियर इंजीनियर (जेई) स्मृति रंजन नायक और बबीना दास (निजी व्यक्ति) पर ओडिशा सतर्कता विभाग ने छापा मारा। उन्हें एक ठेकेदार (शिकायतकर्ता) से उसके अंतिम लंबित बिल को मंजूरी देने के लिए चेक सौंपने के लिए 25,000/- रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में ओडिशा सतर्कता विभाग ने गिरफ्तार किया है। नायक के निदेर्शानुसार, जेई, निजी व्यक्ति बबीना दास, शिकायतकर्ता से उसकी उपस्थिति में 25,000/- रुपये की रिश्वत राशि स्वीकार करते समय, सतर्कता अधिकारियों ने दोनों आरोपी व्यक्तियों नायक और दास (निजी व्यक्ति) को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से रिश्वत की पूरी रकम बरामद कर ली गई है। जाल के बाद, डीए एंगल से जेई नायक के दो ठिकानों पर एक साथ तलाशी चल रही है। इस संबंध में, कटक सतर्कता प्रभाग पीएस केस संख्या 21/2024 यू/एस-7/12 पीसी (संशोधन) अधिनियम, 2018 पंजीकृत किया गया है। आरोपी व्यक्तियों अर्थात नायक, जेई और दास, निजी व्यक्ति के खिलाफ जांच जारी है। विस्तृत रिपोर्ट नीचे दी गयी है।

# ओड़िशा के युवाओं ने ओसीओवाइ में जलवायु कार्रवाई का नेतृत्व किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और यूएन इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त जलवायु परिवर्तन पर तीन दिवसीय ओड़िशा युवा सम्मेलन (ओसीओवाई) का आज खुर्दा में उद्घाटन किया गया। इसे यूथ4वाटर प्लस अभियान द्वारा यूनिसेफ ओड़िशा के सहयोग से आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा नेताओं को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए ज्ञान, उपकरण और नेटवर्क से लैस करना है। ओसीओवाई 2024 ओड़िशा के सबसे कमजोर युवाओं की आवाज को बुलंद करने के लिए समर्पित है, जिनमें आदिवासी समुदाय, मछुआरा समुदाय, गरीब कृषक परिवार और समुद्री कटाव, चक्रवात और अन्य जलवायु संबंधी चुनौतियों से प्रभावित क्षेत्र शामिल हैं। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए, यूनिसेफ इंडिया में वाश विशेषज्ञ करीना माल्चेवस्का ने कहा, यूनिसेफ के रूप में हम जलवायु परिवर्तन और स्थिरता पर संवाद को सुविधाजनक बनाने, युवाओं की आवाज को बढ़ाने और विभिन्न हितधारकों के साथ सहयोग को बढ़ावा देने का प्रयास करते हैं। हमारे प्रयासों से ठोस सफलता मिली है, जिसमें युवाओं के दृष्टिकोण से प्रभावित दिशा-निर्देश शामिल हैं। अधिकारियों के साथ आपके संवादों का समर्थन जारी रखने के लिये हम पर भरोसा करें। उन्होंने कहा, जैसा कि हम ओसीओवाई 2024 के लिए एकत्र हुए हैं, आइए हम युवा जलवायु चैंपियनों की उपलब्धियों का जश्न मनाएं और उनकी क्षमता को पोषित करने के लिए अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता को मजबूत करें। यूनिसेफ की पहल युवाओं को महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए संसाधन और मंच प्रदान करती है। भुवनेश्वर में यूनिसेफ फील्ड ऑफिस के पोषण विशेषज्ञ और प्रभारी अधिकारी सौरव भट्टाचार्य ने कहा, ओड़िशा के युवाओं की ऊर्जा और जुनून जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में हमारी सबसे बड़ी संपत्ति है। ओसीओवाई 2024 इन युवा नेताओं को अपने विचारों को व्यक्त करने, अपने नवाचारों को साझा करने और स्थिरता की दिशा में एक वैश्विक आंदोलन को प्रेरित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान जलवायु परिवर्तन और कार्रवाई पर चर्चा और संवाद ओसीओवाई 2024 के मुख्य विषयों- हीटवेव, तटीय अर्थव्यवस्था, तालाब संरक्षण और हरित कौशल पर चर्चा की जायेगी। इस कार्यक्रम में राज्य भर के 150 युवाओं के साथ-साथ भारत और विदेश के 15 से 20 विशेषज्ञ और प्रशिक्षकों ने भाग लिया है। लिंग, सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि और ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विभिन्न जिलों का प्रतिनिधित्व करने वाले विविध समूह के ये युवा जमीनी स्तर पर जलवायु कार्रवाई रणनीतियों को विकसित करने और राष्ट्रीय नीति को प्रभावित करने के लिये सहयोग करेंगे।

# किस ने बनाया 5वां गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** शुक्रवार को कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज किस ने एक बार फिर सबसे बड़े संगीत पाठ के लिए एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित कर-के एक और रिकॉर्ड हासिल किया है, जिसका नेतृत्व तीन बार ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिकी केज ने किया है। 13,944 किस के छात्रों ने सबसे बड़े एकल समूह के रूप में भारतीय राष्ट्रगान गाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। उन्होंने रिकी केज के साथ मिलकर राष्ट्रगान का एक स्मारकीय संस्करण तैयार किया है, जिसे आधिकारिक तौर पर स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या, 14 अगस्त को जारी किया जायेगा। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अधिकारियों ने आज नयी दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रिकॉर्ड तोड़ने वाली इस उपलब्धि की घोषणा की। राष्ट्रगान में रिकी केज शामिल होंगे, जिन्होंने संगीत का निर्देशन किया है। समूह प्रदर्शन में बांसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया, सरोद वादक अमन और अयान अली खान, और संतूर वादक राहुल शर्मा सहित कई अन्य प्रसिद्ध कलाकार शामिल हैं। इस उपलब्धि पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने कहा कि यह न केवल किस के लिए बल्कि ओड़िशा और भारत के लिए भी गर्व का क्षण है। किस के छात्रों ने उत्साह और खुशी के साथ गीत गाये, अपनी संगीत प्रतिभा और पर्यावरण वकालत के प्रति समर्पण का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम ने बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव प्रदान किया और कीस के शिक्षा और सशक्तिकरण के मिशन को मजबूत किया।

# भुवनेश्वर और पलासा स्टेशनों के पास और ब्रह्मपुर-गोलंथरा खंड में सुरक्षा बाड़ लगाने का काम शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** रेलवे सुरक्षा बढ़ाने और ट्रेन की गति बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम में, पूर्व तट रेलवे ने भुवनेश्वर-पलासा रेलवे खंड में सुरक्षा बाड़ लगाने की परियोजना शुरू की है। ब्रह्मपुर-गोलंथरा रेल खंड के साथ-साथ खुर्दा रोड डिवीजन पर भुवनेश्वर और पलासा रेलवे स्टेशनों के पास दो छोटे पैच पर काम शुरू हो गया है। अब तक लगभग 07 किलोमीटर की सुरक्षा बाड़ लगाने का काम पूरा हो चुका है। लगभग 3.9 किमी डबल डब्ल्यू मेटल बीम क्रैश बैरियर यानी पलासा स्टेशन क्षेत्र के पास 2400 मीटर और ब्रह्मपुर-गोलंथरा रेलवे खंड पर 1500 मीटर का निर्माण किया गया है। इसके अलावा, भुवनेश्वर के पास 1600 मीटर की फिक्स्ड नॉट फेंसिंग बैरियर का भी निर्माण किया गया है। इन क्षेत्रों को बाड़ लगाने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों के रूप में पहचाना गया है क्योंकि पालतू जानवरों और अनधिकृत पहुंच को रेलवे ट्रैक पार करने से रोकने के लिए रेल अवधारणा की ऊंचाई चलती क्षेत्र के जमीनी स्तर के लगभग बराबर है। यह सुरक्षा बाड़ न केवल सुरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करेगी बल्कि अनधिकृत अतिक्रमण, रेलवे पटरियों के पास मवेशी चराने और रेल लाइन के पास जंगली जानवरों की आवाजाही पर भी रोक लगायेगी। इस बाड़ लगाने के काम को सुनिश्चित करने और किसी भी गड़बड़ी से बचने के लिए रेल मंत्रालय ने पटरियों के पास अपनी सीमा के भीतर एक दीवार बनाने का फैसला किया है। वर्तमान योजना में रेलवे भूमि की सीमाओं के साथ बाड़ लगाने का निर्माण शामिल है, वास्तविक दूरी क्षेत्रीय रेलवे प्राधिकरण के स्थान, रखरखाव आवश्यकताओं, मल्टी-ट्रैकिंग संचालन, अनधिकृत पहुंच और प्रस्तावित बाड़ लगाने की समग्र कार्यक्षमता पर निर्भर करेगी। इस पहल का उद्देश्य समपारों, आरओबी आरयूबी (अंडरपास) पुलों और पहुंच नियंत्रण की आवश्यकता वाले अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पटरियों के प्रवेश को सील करना भी है। इस उपाय से न केवल रेलवे लाइन के पास मवेशियों के चरने पर रोक लगेगी, बल्कि यातायात की सुचारू आवाजाही भी होगी और पशुधन और वन्यजीवों के नुकसान को भी रोका जा सकेगा। मंत्रालय ने हाल ही में पूर्व तट रिलवे के तहत खुर्दा रोड डिवीजन के भद्रक-पलासा और खुर्दा रोड-पुरी रेलवे खंडों में पटरियों के किनारे सुरक्षा बाड़ लगाने के प्रावधान के लिए 275.01 करोड़ मंजूर किए हैं। इस परियोजना का लक्ष्य 130 किमी प्रति घंटे और उससे अधिक की गति पर ट्रेनों के सुरक्षित संचालन की सुविधा प्रदान करना है।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**